चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 247, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन:70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा 18

31 मई को रिलीज होगी 'मिस्टर एंड मिसेज माही 17

सलमान खान के घर के बाहर चलाईं गोलियां

मुंबई, एजेंसी

- आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो लोगों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर के पास सुरक्षा बढ़ा दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इस पर पुलिस और खान परिवार ने कुछ नहीं कहा है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता को ई-मेल से धमकी मिली थी, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने प्रशांत गुंजालकर की शिकायत पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार जून 2022 में एक हस्तलिखित पत्र से खान को धमकी दी गई थी।

सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की जांच अपराध शाखा करेगी। जांच के लिए कई टीमों का गठन हुआ है।

ईरान का मिसाइल से हमला, भारत ने इजराइल वाली उड़ानें रद कीं

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने इजराइल जाने वाली उड़ाने रद कर दी हैं।

ईरान के हमले में इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ''ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस'' नाम दिया। दरअसल, एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की उड़ानें मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं। इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे

इजराइली राजदूत बोले- भारतीय नागरिकों की रक्षा करेंगे

ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा।

ईरान के 99% हमले किए नाकाम

इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए हमले इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99% नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है।

एक नजर

अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

जम्मू। अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

कांग्रेस ने की 10 प्रत्याशियों की घोषणा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन तथा पंजाब की छह लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली की तीन, पंजाब की छह और उत्तर प्रदेश की एक सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की है, जिन्हें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में चांदनी चौक सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्व से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम से उदित राज को टिकट दिया है। पंजाब में अमृतसर से गुरजीत सिंह आहुजा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर लोक सभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को टिकट दिया गया है।

युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त बनाने का वादा

70 से ऊपर के बुजुर्गों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए तीन करोड़ घर

भाजपा का संकल्प पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली के पार्टी कार्यालय पर संकल्प पत्र के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा।

- बोले- देशहित के लिए यूसीसी जरूरी
- अनिश्चितता के दौर में बहुमत वाली स्थिर सरकार की जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों - गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपीं। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं। मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के 'संकल्प पत्र' का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा 'फोकस' गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है। उन्होंने कहा, 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।

मोदी ने कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। उन्होंने कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है।

परिणाम घोषित होते ही शुरू होगा वादों पर काम

मोदी ने कहा, भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

बदायूं से शिवपाल नहीं पुत्र आदित्य लड़ेंगे चुनाव

लखनऊ। सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को अपने उम्मीदवारों की दो और सूची जारी की। सूची में कुल नौ उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए गए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल के स्थान पर उनके पुत्र आदित्य यादव को बदायूं सीट से प्रत्याशी बनाया है। खुद शिवपाल यादव ने भी प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की थी। वहीं, सुल्तानपुर से पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद का भी टिकट काटते हुए सपा ने राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बना दिया है।

सपा ने जिन लोस सीटों पर नये उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें ज्यादातर पूर्वांचल की हैं। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर जहां बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया वहीं, फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को उतारा है। डुमरियागंज से भीष्म शंकर "कुशल" तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख ने पिछले दिनों पार्टी से अलग हुईं पल्लवी पटेल के सामने उम्मीदवार उतार कर रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह समझौता करने के मूड में नहीं है।

सत्ता में आए तो प. उप्र को अलग राज्य बनाएंगे

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- भाजपा के सत्ता में तीसरी बार आने की संभावना बहुत कम : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा पश्चिमी उप्र के लोग लंबे समय से अलग राज्य की मांग करते आ रहे हैं।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा अगर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं और वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाती तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा का सबसे ज्यादा समय अमीर कारोबारियों को और अमीर बनाने व उन्हें हर स्तर पर बचाने में बीता है। भाजपा और दूसरी पार्टियां इन्हीं कारोबारों के सहारे अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ती हैं, जिसका खुलासा चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए आरक्षित खाली सीटों पर लोगों की भर्ती नहीं करने और पदोन्नति में आरक्षण को निरर्थक बनाने के लिए विपक्षी दलों पर हमला बोला। मायावती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र और ज्यादातर राज्यों में भाजपा सरकार होने से मुसलमानों की प्रगति काफी हद तक रुक गई है। यहां धर्म के नाम पर हिंसा भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा शासन में सामान्य वर्ग को भी कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने अपने समर्थकों को सचेत किया कि वे भाजपा के पक्ष में मीडिया द्वारा किये जा रहे प्रचार और झूठे वादों वाले घोषणापत्रों के प्रलोभन में न आयें। मायावती ने कहा कि सच्चा विकास तभी हो सकता है जब लोगों को रोजगार दिया जाए।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा के प्रजापति का मुकाबला भाजपा के संजीव कुमार बालियान और सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से है।

पाकिस्तान में सरबजीत सिंह के हत्यारे की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली, एजेंसी

- लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा था भारतीय कैदी की हत्या का आरोपी

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में उस समय हमला किया जब वह कार से कहीं जा रहा था। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर, ताम्बा सहित अन्य कैदियों द्वारा किए गए हमले के कुछ दिनों बाद सरबजीत सिंह (49) की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई थी। ये हमला पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर हुआ था। सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे।

राजस्थान में शादीशुदा पुरुष से प्रेम प्रसंग को लेकर महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

- समदड़ी थाने में मामला दर्ज, दो महिलाओं से हो रही पूछताछ

जयपुर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में विवाहित पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग के आरोप में महिला को कथित तौर पर अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि सरवाड़ी गांव में हुई घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। शख्स की पत्नी और परिवार वालों को महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया था। कथित वीडियो में महिला को अर्धनग्न कर घुमाया जा रहा है और एक महिला पीड़िता के बाल पकड़कर घसीट रही है। पीड़िता गुहार लगाती हुई सुनाई दे रही है। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने बताया कि इस संबंध में समदड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता की काउंसलिंग की जा रही है।

उत्तराखंड के सीएम न उतरें इसलिए हेलीपैड उखाड़ा

संवाददाता, पीलीभीत

रात में हेलीपैड की ईंटें उखाड़ते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉटर उतरने से रोकने को उखाड़ा
- पता लगने पर रात में ही मौके पर पहुंचे एसडीएम, भाजपाइयों ने तैयार कराया दूसरा हेलीपैड

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अपने अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर न उतरने देने के लिए रात में ही हेलीपैड उखाड़ दिया। रविवार सुबह भाजपा की ओर से दूसरा हेलीपैड तैयार कराया गया।

चुनावी दौर में भाजपा-सपा के बीच जुबानी जंग के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। शुक्रवार को पूरनपुर में जनसभा करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए सिरसा गांव के पास हेलीपैड बनाया गया था। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पूरनपुर में जनसभा करने आना था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की तैयारी की थी। पता लगा तो शनिवार रात सपा कार्यकर्ता जा पहुंचे और ईंटें उखाड़ने लगे। सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला पहुंचे और हेलीपैड उखाड़ने से मना किया। मगर सपा कार्यकर्ता नहीं माने। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने खर्च से हेलीपैड तैयार कराया था। अब भाजपाई हेलीपैड तैयार करायें। सपाइयों ने हेलीपैड की एक-एक ईंट दूसरे स्थान पर भिजवा दी। रविवार सुबह भाजपा नेताओं ने उसी स्थान पर नया हेलीपैड तैयार कराया। भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतारने के लिए सपा के लोगों को खर्च देकर हेलीपैड मांगा था। उन्होंने मना कर दिया तो अपना हेलीपैड तैयार करा लिया।

सीकर में ट्रक-कार की टक्कर के बाद लगी आग, उप्र के सात लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

- विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में हुआ हादसा
- कार सवार सालासर बालाजी मंदिर से लौट रहे थे

राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक के पिछले हिस्से से जाकर टकराई, जिससे कार में आग लग गई। मेरठ के रहने वाले कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे थे।

पुलिस ने बताया कि ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई, जिससे कार में आग लग गई और सभी सात लोग जिंदा जल गए। कार में एलपीजी (गैस) लगी थी। कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के रहने वाले थे और सालासल बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि आर्शीवाद पुलिया के पास हुई दुर्घटना के बाद आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाए और कार सवार तीन महिलाओं, दो बच्चे और दो पुरुष की झुलसकर मौत हो गई। फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नीलम गोयल (55), उनके बेटे आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), उनके बेटे हार्दिक बिंदल (37), हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (32), उनकी बेटी दीक्षा (7) और उसकी दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से दमकल की गाड़ियों ने मौके पर आग बुझाई। चश्मदीद रामनिवास सैनी ने देखा कि कार में दो यात्री मदद मांग रहे थे लेकिन आग लगने के कारण वह मदद नहीं कर सके।

बदली जिंदगी | थारू ट्राइबल क्राफ्ट के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयन से लगे हुनर को पंख

हस्तशिल्प के हुनर से पहचान बना रहीं थारू महिलाएं

विकास शुक्ल,लखीमपुर खीरी

- डलिया, बास्केट, गिफ्ट बास्केट, लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें बना रहीं

अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगलों में बसी थारू जनजाति की महिलाओं की जिंदगी सरकार की ओडीओपी योजना से बदल रही है। जंगल, जमीन से हटकर थारू जनजाति के लोग हस्तशिल्प कला से अपनी पहचान बनाए हैं। सरकार ने थारू ट्राइबल क्राफ्ट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयनित किया, जिससे थारू हस्तशिल्प के इस हुनर को पंख लगे।

खुद को महाराणा प्रताप के वंशज कहने वाले आदिवासी थारू जनजाति के लोग यहां पचास हजार की तादाद में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में रहते हैं। यह जनजाति पूरी तरीके से कृषि पर निर्भर है, इसके साथ ही उसके पास हस्तशिल्प का भी एक हुनर है, जो घर-घर में पाया जाता है। प्रदेश सरकार की ओडीओपी योजना के तहत इनका चयन किया गया। महिलाएं हस्तशिल्प में पहले से सिद्धहस्त थीं, लेकिन ओडीओपी से उन्हें बाजार में बिकने वाली सामग्री कैसी होती है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। उन्हें कुछ नये डिजाइन बताए गए और कुछ सरल तरीके भी बताए गए। जो हाथ पहले सिर्फ डलिया बनाते थे, अब लांड्री बास्केट, पूजा बास्केट, गिफ्ट बास्केट, डिजाइनर लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें आदि अनेक आकर्षक उत्पाद बनाने लगे।

ट्राइफेड के जरिए हो रही ऑनलाइन खरीदारी

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला समूहों में से थारू महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ऑनलाइन खरीदारी भी हो रही है। भारत सरकार की संस्था ट्राइफेड ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से थारू हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग कर रही है। इन उत्पादों को वेबसाइड पर डाला गया है, जिसे लोग पूरी दुनिया में देखते हैं और पसंद आने पर आर्डर करते हैं। इससे थारू महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए बाहर जाने की भी जरूरत नहीं है।

लखनऊ से लेकर दिल्ली गोवा तक बज चुका डंका

तत्कालीन डीएम किंजल सिंह ने थारुओं के इस कला को प्रोत्साहन देने के मकसद से उचित बाजार दिलाने का प्रयास किया था। दिल्ली, लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में प्रदर्शनी में थारू उत्पादों का भी स्टाल लगाया था। थारू महिला आरती राना और पूजा राना ने प्रदर्शनी में पहुंचे सीएम योगी को जूट से बनी हैट भी पहनाई थी। तत्कालीन डीएम किंजल के प्रयास से गोवा महोत्सव में भी थारू हस्तशिल्प को अलग पहचान मिली, लेकिन किंजल सिंह के तबादले के बाद यह सब फिर पुराने ढर्रे पर आ गया।

एक नजर

भाजपा नेता को फोन पर मिली धमकी

अयोध्या। रुदौली के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सर्वजीत सिंह के साथ रहने वाले एमएलसी प्रतिनिधि भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह अन्नू सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। कोतवाली रुदौली में सिंपल सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। एक दिन पहले रुदौली ब्लॉक प्रमुख के आवास पर फायरिंग में भी सिंपल सिंह को आरोपी बनाया गया था। अन्नू सिंह खण्डासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव के निवासी हैं।

हर घर, हर मतदाता से संपर्क को बनाए 31,670 पन्ना प्रमुख

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा ने 60 वोटर पर एक पन्ना प्रमुख बनाया है। लोकसभा क्षेत्र में 31670 पन्ना प्रमुख हैं। सभी पन्ना प्रमुखों को उन्हीं 60 वोटरों से नियमित रूप से सम्पर्क व संवाद स्थापित करते हुए पार्टी की नीतियों के प्रति जागरुक करने की रणनीति है। लोकसभा क्षेत्र संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रख कर पन्ना प्रमुख बनाए गए हैं। जो उसी पन्ने के वोटर से सम्पर्क करेंगे। सभी पन्ना प्रमुखों से कहा गया है कि वे नए मतदाताओं पर विशेष ध्यान दें। लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक ओम प्रकाश ने बताया कि मंडल व शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी बूथ समितियों और पन्ना प्रमुख से समन्वय के आधार पर हर घर-हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क व संवाद करेंगे।

अयोध्या में जुटा अमला, फैजाबाद में मच्छरों का हमला

परेशानी : मिल चुके हैं दो डेंगू मरीज, शहर में बजबजा रहे हैं नाली और नाले

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पूरा प्रशासनिक अमला अयोध्या धाम में जुटा हुआ है। नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दिनभर अयोध्या के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन फैजाबाद शहर का हाल पूछने वाला कोई नहीं है। शहर में जगह-जगह पर गंदगियों का ढेर लगा हुआ है। नाली-नाले चोक हैं। लोगों को जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। ऐसे में गंदगियों में पैदा होने वाले मच्छरों ने आतंक मचा रखा है। लोगों के दिन का चैन ही नहीं बल्कि रातों की नींद भी छीन ली है।

नगर निगम क्षेत्र की आबादी तकरीबन साढ़े तीन लाख के करीब हैं। इनमें 60 वार्ड हैं। हालांकि मच्छरों का प्रकोप अयोध्या धाम में भी बहुत है, लेकिन गंदगी कम ही जगहों पर दिखेगी। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने गत दिनों अफसरों को हिदायत भी दी थी रामपथ से जुड़े मोहल्लों में जलभराव की समस्या नहीं होनी चाहिए। बावजूद इसके मुकेरी टोला, मोदहा, कंधारी बाजार, देवकाली, बछड़ा सुल्तानपुर, जलवानपुरा, मीरा डेराबीबी व नाका क्षेत्र में तमाम गंदगियों का अंबार लगा हुआ है। यह हाल तब है जब शहर में डेंगू के दो मामले सामने आ गए हैं। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि साफ-सफाई की व्यवस्था लगातार जारी है।


कंधारी बाजार में बजबजाता नाला।

नाले में कचरा होने के कारण पूरी तरह से चोक हो गया है। अमृत विचार

नाका चुंगी के पास सड़क किनारे पड़ा कचरा।

मच्छरदानियों की बढ़ गई बिक्री

मच्छरों का प्रकोप बढ़ते ही नगर क्षेत्र में मच्छरदानियों की बिक्री बढ़ गई है। पुलिस लाइंस के समीप सड़क पर ही मच्छरदानियां बेची जा रही हैं। बच्चों की मच्छरदानियां 400 रुपये से शुरू होकर 600 रुपये तक की है। इसके अलावा मछली के जाल वाली मच्छरदानी 1000 और नॉयलान की मच्छरदानियां 1200 रुपये के करीब बेची जा रही हैं।

पुलिस लाइन के निकट मच्छरदानी की खरीदारी के लिए मोल भाव करता व्यक्ति।

देवकाली में दो वर्षों से जलभराव

मां बड़ी देवकाली के देवकाली ग्राम वासी विगत दो वर्षों से जल भराव की समस्या से परेशान हैं। पार्षद सर्वजीत यादव का कहना है कि जलभराव से आसपास के घरों में जहरीले कीट घुस जाते हैं। बच्चों से लेकर के बड़ों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निवासी अंजनी कुमार ने बताया कि जलभराव के कारण मच्छरों ने आतंक मचा रखा है।

नाले में मच्छर पनप रहे

कंधारी बाजार में में नाले की सफाई होनी बहुत जरूरी है। गंदगी के कारण इनमें मच्छर पनपते हैं। इस समय दिन में भी मच्छरों का प्रकोप है, लेकिन इसकी सफाई करने कोई नहीं आ रहा है। **-आरजू गुप्ता, व्यापारी**

बीमारियां बढ़ती है तो देते हैं ध्यान

नगर निगम प्रशासन को शहर की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। जब बीमारियां बढ़ने लगती है तब जाकर सफाई पर ध्यान दिया जाता है। **- ज्योति गुप्ता, व्यापारी**

नहीं चेते तो बारिश में बढ़ेगी परेशानी

नगर क्षेत्र के नालों की स्थिति बदतर है। सफाई व्यवस्था न होने के कारण कूड़े-करकट से भरे हुए हैं। दो माह बाद बारिश का मौसम आ जाएगा। जिसके बाद जलभराव का संकट और भी बढ़ जाएगा।

मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ी है। संचारी अभियान के तहत नाली की सफाई के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराई जा रही है। बड़े नालों की सफाई निर्माण विभाग द्वारा कराई जाती है। रोजाना दो वार्डों की सफाई कराई जा रही है। जलभराव की शिकायत आने पर कार्रवाई कराई जा रही है। आपने जो क्षेत्र बताए हैं। उन जगहों पर सफाई कराने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराई जाएगी। **- कमल कुमार, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर, नगर निगम**

पगलाभारी विस्फोट कांड : धमाके को 24 घंटे बीते, पुलिस की चल रही पड़ताल

अंदेशा : कहीं विस्फोटक युक्त झोला गिरने से तो नहीं हुआ धमाका

मसौधा, अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गांव पगलाभारी में धमाके के चलते दो मंजिला मकान के जमींदोज होने के मामले में 24 घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी पुलिस अभी कारण स्पष्ट नहीं कर पाई है। हालांकि लोग विस्फोटक युक्त झोले के खूंटी से गिरने के चलते धमाका व आग लगने की बात कह रहे हैं। रविवार की सुबह पुलिस ने एक बार फिर से एफएसएल दस्ते के साथ घटनास्थल की जांच-पड़ताल कराई। हादसे में जान गंवाने वाली युवती प्रियंका और देर रात मेडिकल कालेज में मृत घोषित हुई वृद्धा शिवपता के शव का डाक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया है। गंभीर घायल एक महिला बिंदु का लखनऊ और परिवार के अन्य सदस्यों मकान मालिक राम कुमार गुप्ता, पुत्री नौ वर्षीय ईशी, पुत्र छह वर्षीय लव व तीन वर्षीय यश उर्फ सप्पू का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

कल्याण भदरसा के मजरे पगला भारी में हुए धमाके के मामले में दोनों मृतकों को रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि राम कुमार गुप्ता गोला-बारूद की बिक्री और निर्माण का कार्य करता था। उसने पान मसाले के एक झोले में बारूद और तैयार पटाखा रखकर पिछले कमरे में खूंटी पर टांग रखा था। जो अचानक गिर पड़ा तथा धमाका होने से मकान जमींदोज हो गया। वहीं कमरे में रखे भारत गैस सिलेंडर में आग लग गई। थाना प्रभारी रतन शर्मा का कहना है कि अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। प्रथम दृष्ट्या रसोई गैस सिलेंडर से धमाके की बात सामने आई थी।

फॉलोअप

धमाके में घायल महिला लखनऊ रेफर, वृद्धा व युवती का हुआ अंतिम संस्कार

पोस्टमार्टम हाउस पर युवती के पिता से बातचीत करते पुलिस अधिकारी व अन्य।

सात घंटे में निकला छह ट्रॉली मलबा

सुरेश दूबे, पूराबाजार (अयोध्या)। अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पगलाभारी गांव में शनिवार शाम चार बजे हुए तीन धमाकों की गूंज अभी तक बरकरार है। पुलिस और रेस्क्यू टीमों को जमींदोज हुए दो मंजिला मकान का मलबा हटाने में सात घंटे से अधिक का समय लगा। आठ ट्रॉली मलबा निकाला गया। फॉरेंसिक और एटीएस समेत कई टीमें 24 घंटे बाद भी विस्फोट के कारण नहीं खोज पाईं। खबर लिख जाने तक तलाश जारी थी। पगलाभारी मजरे गांव में रविवार को भी सन्नाटा पसरा था। चौराहे पर इक्का-दुक्का लोग थे। जिनका कहना था कि विस्फोट का मंजर अभी भी आंखों के सामने नाच रहा है। कानों में धमाकों की आवाज गूंज रही है। लोग अभी भी इतनी दहशत में है कि राम कुमार गुप्ता के मकान तक जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। गांव के अशोक कुमार ने बताया कि कुछ समझ में नहीं आ रहा है, सिलिंडर से ऐसा विस्फोट तो हो नहीं सकता। कहा कि राम कुमार पटाखे और बारुद का भी काम करता था। उसके यहां भारी मात्रा में पटाखे और हथगोले रखे रहते थे। लोगों ने बताया कि पुलिस को उसके इस व्यवसाय की जानकारी थी। पुलिस सतर्क होती तो शायद ये घटना नहीं होती। जांच टीमों की रविवार को भी घटनास्थल पर आवाजाही रही। खुफिया विभाग के लोग भी लोगों से जानकारी लेने में जुटे थे। राम कुमार के घर पर कुछ पुलिसकर्मियों के अलावा कोई मौजूद नहीं था। नगर पंचायत भरत कुण्ड भदरसा के चेयरमैन मोहम्मद राशिद ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव मदद का वादा किया है।

सड़क के किनारे डाला गया मलबा।

घायल वृद्धा ने भी तोड़ा दम

पगलाभारी मजरे के राम कुमार गुप्ता के यहां शनिवार चार बजे तीन धमाकों के साथ विस्फोट हुआ। जिसमें गेहूं पिसाने आई दलित छात्रा प्रियंका कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल रामकुमार गुप्ता की मां शिवपता ने भी देर रात अस्पताल में दम तोड़ दिया। गंभीर घायल रामकुमार, उसकी पत्नी और तीन बच्चे जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

घटना स्थल से अधिकांश मलबा हटा दिया गया है। जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीमें अभी भी लगी हुई हैं। कुछ जानकारी हासिल हुई है, जिसकी पड़ताल की जा रही है। **-रतन कुमार शर्मा, थाना प्रभारी, पूराकलंदर**

रेलवे लाइन के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम नारा भिटरिया के पास रेलवे लाइन के किनारे अज्ञात युवक का रविवार को शव मिला है। चौकी प्रभारी पूरा बाजार आलोक कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे के कीमैन राम प्रकाश की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।उन्होंने कहा कि पास पड़ोस के लोग शव का पहचान नहीं कर सके। लगता है कि रात में ट्रेन से गिरकर मृत्यु हुई है। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। उसके पास से कोई ऐसा प्रमाण नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। मौत कैसे और किस समय तथा किस ट्रेन से गिरकर हुई इसका पता अभी नहीं लग पाया है। मृतक के पर कंधे व सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। शरीर पर नीले रंग का चेकदार शर्ट, काही कलर का लोअर तथा कमर में सफेद गमछा बधा है।

कर्मचारियों का प्रशिक्षण पूरा आज शुरू होगा गन्ने का सर्वे

अयोध्या कार्यालय

सर्वे के लिए भरें घोषणा पत्र एसएमएस से मिलेगी जानकारी

अमृत विचार: जिले की दोनों गन्ना मिल क्षेत्रों में सोमवार से बोए गए गन्ने के सर्वे का काम शुरू होगा। सर्वे के लिए लगाए गए कर्मचारियों का प्रशिक्षण रविवार को पूरा हो गया। सर्वे में मिल और विभाग के एक-एक कर्मचारी की टीम बनाई गई है।

जिले में मसौधा और रौजागांव चीनी मिलों का पूरा क्षेत्र है। अंबेडकर नगर की मिझौड़ा चीनी मिल का कुछ हिस्सा जिले में है। पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ना सर्वे 15 अप्रैल को शुरू होगा। इसके लिए मसौधा और रौजागांव चीनी मिलों में कर्मचारियों को प्रशिक्षति किया गया। सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने की अन्तिम तिथि 15 जून रखी गई है। जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी ने किसानों से ऑनलाइन घोषणा पत्र इन्क्वायरीडॉटकेनयूपीडॉटइन पर निर्धारित प्रारूप पर बोए गए गन्ना क्षेत्रफल को भरने का आग्रह किया है। सर्वेक्षण के लिए पांच सौ से एक हजार हेक्टयेर तक की अस्थाई सर्किल बनाई गई है। सर्वेक्षण में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक/समिति कर्मचारी और एक चीनी मिल कर्मचारी होगा। सर्वे टीम के क्षेत्र मे जाने की सूचना चीनी मिल से एसएमएस के माध्यम से किसानों को भेजी जाएगी। कृषकों के खेत में पौधे गन्ने का सर्वेक्षण एवं पेड़ी गन्ने का सत्यापन किया जाएगा। सर्वे कार्य को लेकर फैजाबाद समिति सभागार और रौजागांव मिल सभागार में विभागीय व चीनी मिल कार्मिकों को प्रशिक्षत किया गया।

रामोत्सव : देवगीत और राम भजन से आस्था में डूबी रामनगरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : संस्कृति विभाग उ.प्र.द्वारा तुलसी मंच पर आयोजित रामोत्सव में अवधी, भोजपुरी लोक भजनों और संस्कार गीतों की धूम रही।

पीलीभीत से आए सतीश मिश्र और उनके दल ने जय जय गणपति देवा से गणेश वंदना की। इसके बाद मेरी झोपड़ी के भाग अब जाग जाएंगे, राम आएंगे... गाकर उन्होंने अयोध्या के उत्साह को व्यक्त किया। भूले ना तेरी सूरत सांवरी राम भजन के बाद कलाकार ने प्रभु के प्रति अपनी भक्ति समर्पित करते हुए भजन गाया। हनुमंत लाल की आराधना करते हुए हे दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार भजन गाया। हारमोनियम पर दिनेश शर्मा, ढोलक पर सतीश शर्मा, झांझ पर अवनीश और सह गायन में मुनीश और सनमीत सिंह ने साथ दिया। प्रतापगढ़ से आई लोक गायिका लक्ष्मी देवी ने अपने साथी कलाकारों के साथ सबसे पहले प्रभु राम के आगमन में अवध में आए राजाराम भजन गाकर सभी को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। जन्मे हैं ललनवा दशरथ के आंगनवा, सोहर के बोल पर महिलाएं नृत्य करने लगी। रामनगरी में नवरात्र के उल्लास को पचरा गाकर इन कलाकारों व्यक्त किया कहां से आवेली मईया। तबले पर विकास कुमार, सिंथेसाइजर पर ऋषभ कुमार आर्य, ऑक्टोपैड पर प्रीतम राज और सह गायन में पूजा और एकता ने साथ दिया। प्रतापगढ़ से आए राजवेणु और उनके साथियों ने गणपति वंदना से आरंभ किया। सहगायक रूप के रूप में प्रभाकर पांडेय, कीबोर्ड पर सूरज, बैंजो पर गुड्डू, तबले पर अनिकेत, ढोलक पर आदर्श और पैड पर रिंकू ने संगत की। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्रा ने किया।

तुलसी मंच पर भजन प्रस्तुत करतीं गायिका। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कार ने मारी ऑटो में टक्कर, चालक घायल

हाईवे पर खड़ी क्षतिग्रस्त ऑटो।

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : हाईवे पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीपी मवई के समीप सवारी ऑटो में पीछे से अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल ऑटो चालक को सीएचसी मवई भेजा है। रविवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीपी मवई के समीप अज्ञात तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे एक ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो पलट गया और आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपनिरीक्षक एसएन सिंह ने एम्बुलेंस की मदद से घायल ऑटो चालक सुनील कुमार पुत्र राम लखन मौर्य 30 वर्ष निवासी अरसंडा रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी को सीएचसी मवई भेजवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। उपनिरीक्षक ने बताया घायल के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

रुदौली में 17 को निकलेगी श्रीराम शोभायात्रा

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : श्री राम शोभा यात्रा का शहर में 17 अप्रैल को निकली जायेगी। आयोजक मंडल श्री राम प्रकटोत्सव समिति के सयोजक रवि गुप्ता ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम चैत्र राम नवमी के अवसर पर 17 अप्रैल बुधवार की शाम शहर के अर्धनारीश्वर मंदिर नयागंज से श्री राम की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकल जाएगी।शोभा यात्रा अपने पुराने मार्ग नयागंज से बगलवां तालाब के बगल से हाथी नीम तिपाई कोठी, कटरा, नवाब बाजार, टेढ़ी बाजार मंगल बाजार होते हुए पुन: नयागंज आकर सम्पन्न होगी।जगह-जगह पर भगवान की पूजा अर्चना एवं आरती की जाएगी। कटरा में श्री हनुमान किला मंदिर पर आरती भी होगी।

आरोपी गिरफ्तार, वाटर सप्लाई मोटर बरामद

अयोध्या, अमृत विचार : कैंट थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए वाटर सप्लाई मोटर बरामद किया है। मामले में प्लाईवुड फैक्ट्री के लीगल एडवाइजर ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मूल रूप से संतकबीरनगर जिले के बेडडवा भैंसही निवासी और नगर कोतवाली के उसरू में किराए का कमरा लेकर रहने वाले देवेंद्र राय ने शनिवार को कैंट थाने में अज्ञात के खिलाफ फतेहपुर सरैया स्थित भगवती प्लाईवुड फैक्ट्री से शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे पानी की दो मोटर चोरी किये जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। थाना कैंट के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि हाईवे की तरफ से पटैला की ओर जाने वाले मार्ग पर तिराहे के पास से पुलिस ने योगेश यादव उर्फ शंकर बिहारी निवासी फतेहपुर सरैया थाना कैण्ट को गिरफ्तार किया है।

निर्भय करने के लिए हुआ भोलेनाथ का अवतरण : प्रेम भूषण

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या के राम नवमी मेले के दौरान रामकथा में प्रेममूर्ति प्रेम भूषण महाराज ने कहा कि भगवान कभी किसी को भयभीत नहीं करते हैं। बाबा भोलेनाथ कहते हैं कि भगवान का धरती पर अवतरण, लोगों को निर्भय करने के लिए ही हुआ। भयभीत वह मनुष्य रहता है जिसने अपने जीवन में गलत कार्य किए हों। श्रीरामवल्लभाकुंज स्थित रामार्चा मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा के पांचवें दिन उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ग्रंथों में बार-बार कहा गया है कि जीवन में अपने श्रेष्ठ की अवहेलना करने वाले खुद ही परिणाम भुगतते हैं। राम चरित मानस से हमें यह भी सीख मिलती है कि हम अपने श्रेष्ठ या सद्गुरु की बात पर भरोसा करना सीखें। श्रेष्ठ या सद्गुरु ने अगर कोई निर्णय लिया है तो यह उन्होंने किसी भी परिस्थिति में सबका हित को ध्यान में रखते हुए ही लिया होगा। उन्होंने कहा कि इस का सबसे सुंदर उदाहरण रामजी का महर्षि विश्वामित्र के साथ धनुष यज्ञ में जाने का प्रकरण है। महर्षि ने जब राम जी से पूछा कि धनुष यज्ञ में चलना है क्या? तो राम जी के पास दो विकल्प थे, आश्रम के यज्ञ की रक्षा हो चुकी थी, तो वह चाहते तो वापस अयोध्या भी लौट सकते थे।

छप्पर की पशुशाला में लगी आग, चार पशु बचाए गए

तारून के गोदवा गांव में पशुशाला में लगी आग। अमृत विचार

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : तारुन थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत गोदवा निवासी गुरुप्रसाद की छप्परनुमा पशुशाला में रविवार दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। उसमें रखी साइकिल व अन्य सामान जल गया। पशुशाला में बंधे चार पशुओं को सुरक्षित बचा लिया गया। रविवार दोपहर को एकाएक धुंआ निकलने लगा तो हल्ला गुहार के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने पशुशाला से पशुओं को बाहर निकालकर आग पर किसी तरह काबू पाया। बताया जाता है कि उसमें रखी साइकिल, लकड़ी व घरेलू सामान जल गया। ग्राम प्रधान हरीराम निषाद ने हल्का लेखपाल को सूचना देकर प्रशासन से अहेतुक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

आग से दो किसानों की चार बीघा गेहूं की फसल जली

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र अकवारा मजरे गजराज का पुरवा में रविवार शाम अज्ञात कारणों से अचानक लगी आग से दो किसानों के चार बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। अकवारा मजरे गजराज का पुरवा में रविवार शाम करीब 6:00 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं के फसल में आग लग गई ग्रामीण आग बुझाने दौड़े। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन कब तक सालिक राम का दो बीघा और अवधेश चौरसिया का दो बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। प्रधान प्रतिनिधि राजेश मौर्य ने हल्का लेखपाल ज्योति ओझा को आगजनी की सूचना दे दिया है।

तैयारी केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना के लिए स्कूलों ने कसी कमर

छात्र व छात्रा बनेंगी प्रेरणा उत्सव का ब्रांड एंबेसडर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना प्रेरणा उत्सव के तहत प्रत्येक जिले के एक छात्र व एक छात्रा को प्रेरणा उत्सव का ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाएगा। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। जो विद्यालय स्तर से चुने गए छात्र-छात्राओं में से सर्वश्रेष्ठ एक बालक व बालिका का अंतिम चयन करेंगे।

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य आरसी पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक जिले के अंतिम चयनित एक बालक व एक बालिका को गुजरात के वडनगर भेजा जाएगा।वडनगर में आठ थीम आधारित कक्षाओं में बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिनके नाम स्वाभिमान और विनय, शौर्य और साहस, परिश्रम और समर्पण, करुणा और सेवा, विविधता और एकता, सत्यनिष्ठा और शुचिता, नवचार और जिज्ञासा, श्रद्धा और विश्वास, स्वतंत्र और कर्तव्य हैं। वहाँ से वापस आकर ये बच्चे अपने जिले के लिए ब्रांड एंबेसडर का कार्य करेंगे। विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां कराएंगे। इसके लिए केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय सहित अन्य सीबीएसई विद्यालय में प्रत्येक से शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन किया जाएगा। ये बच्चों के लिए अभिभावक का कार्य करेंगे। जहां एक सप्ताह की कार्यशाला में बच्चों को विषय परक जानकारी के साथ प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के बारे में पारंगत किया जाएगा।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव के बारे में समझाते प्राचार्य। अमृत विचार

कक्षा नौ से 12 तक के छात्र होंगे पात्र

प्रधानाचार्य आरसी पाण्डेय ने बताया कि कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राएं प्रेरणा उत्सव के पात्र होंगे। इसमें सभी बोर्ड के विद्यालयों से सर्वश्रेष्ठ एक-एक बालक व बालिका चयनित हो 15 अप्रैल को नवोदय विद्यालय में आयोजित अंतिम चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करेंगे। अंतिम चयन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। जिसमें दो शिक्षक केन्द्रीय विद्यालय के, दो शिक्षक नवोदय विद्यालय के और दो शिक्षक प्राइवेट सीबीएसई विद्यालय के होंगे। प्रेरणा उत्सव के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय को नोडल केन्द्र बनाया गया है।

केंद्रीय विद्यालय से छात्र-छात्रा चयनित

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य आरसी पांडेय ने गत दिवस बच्चों को कार्यक्रम की उपयोगिता के बारे में पारस्परिक क्रिया के माध्यम से परिचित कराया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने अपना प्रदर्शन किया। अंकों के आधार पर कक्षा नौ से अनुराग तिवारी और कक्षा 10 से अंशी का चयन हुआ। चयनित बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय अयोध्या में द्वितीय चरण के कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का संयोजन मोहित भटनागर व सरिता यादव ने किया।

रोडवेज कर्मियों की नहीं लगेगी चुनाव में ड्यूटी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में अनुबंधित बसों के साथ ही रोडवेज कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय से निर्देश जारी कर दिया गया है। चुनाव के दौरान कंट्रोल रूम से मानीटरिंग और कर्मचारियों की उपस्थिति पर फोकस रहेगा। लोकसभा चुनाव प्रक्रिया चल रही है। चुनाव को लेकर विभागों में तैयारी तेज है। परिवहन निगम की सेवाएं अति आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में आता है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजा है। कहा है कि चुनाव के दौरान सामान्य संचालन के अतिरिक्त विशेष व्यवस्था के लिए बसों के संचालन की मानीटरिंग के लिए क्षेत्र व डिपो में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। चुनाव के दौरान केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों, राज्य पुलिस बल और होमगार्ड्स को एक जनपद से दूसरे जनपद ले जाने और ले आने के लिए बसों के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपलब्धता जरूरी है। चुनाव के दौरान बसों के रखरखाव के लिए कार्यशाला कार्मिकों, चालकों-परिचालकों और लिपिकीय संवर्ग कार्मिकों सहित अधिकारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति जरूरी है। इसलिए परिवहन निगम के कर्मचारियों और निगम की अनुबंधित बसों व स्टाफ कारों को जिले स्तर पर निर्वाचन संबंधी ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

सप्तमी कालरात्रि

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के क विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।

एक नजर

3.89 लाख किसानों को मिला 15वीं किश्त का लाभ

अयोध्या। पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ ले रहे किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये की 15 किस्तें ट्रांसफर की जा चुकी हैं। अब तक अयोध्या जनपद के 4,72,598 किसान पीएम किसान सम्मान योजना के लिए आपना पंजीकरण कराए हैं, जिसमें 3,89,474 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की 15 वीं किश्त के रूप में सरकार ने 921.33 करोड़ रुपए का भुगतान दिया है।

रामनवमी को लेकर वीआईपी दर्शन बंद, पहले के जारी पास भी निरस्त

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अपील-दर्शनार्थी मोबाइल लेकर न आएं

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन, सुगम दर्शन पास और आरती पास पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगा दिया है। ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय के मुताबिक पहले से आरती के लिए ऑनलाइन बुक हुए पास भी निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि रामलला के दर्शन के लिए मोबाइल, जूता-चप्पल समेत अन्य सामानों को न लेकर आए। रविवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र और ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने जन्मभूमि परिसर में स्थलीय निरीक्षण किया। ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि सोमवार को मंदिर निर्माण समिति की बैठक भी शुरू होगी।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में पहली श्री राम जन्मोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ेगी, जिसको लेकर राम जन्मभूमि परिसर में खास तैयारी की गई है। परिसर को फूलों से सजाया जा रहा है। राम मंदिर में राम नवमी के दिन भव्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। महासचिव चम्पतराय ने बताया कि रामनवमी के दिन श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की अच्छी व्यवस्था बनाई गई है। जन्मभूमि पथ से राम मंदिर में दर्शन करने के लिए सात लाइनों में श्रद्धालु प्रवेश करेंगे और मंदिर परिसर के बाहर निकालने के दौरान रामलला का प्रसाद भी उन्हें दिया जाएगा। लेकिन दर्शन व्यवस्था में सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नही होगा।

सात जोन, 39 सेक्टर में होगी अयोध्या की सुरक्षा

अयोध्या में रामनवमी मेला को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सरयू घाट से लेकर मंदिर सुरक्षा में अधिकारियों और जवानों को उतार दिया गया है। रामपथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ पर बैरियर के माध्यम से भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था को भी लागू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की भारी संख्या में अयोध्या धाम में आने की संभावना है। इस दृष्टिकोण से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 7 जोन और 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। घाट को सुरक्षित करने के लिए जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और बाढ़ राहत की दो पीएससी कंपनी को भी लगाया गया है। मेला क्षेत्र को लेकर 11 अपर पुलिस अधीक्षक, 150 इंस्पेक्टर, 400 सब इंस्पेक्टर और 1100 कांस्टेबल बाहर से आये हैं।

आज से मेले में श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने की उम्मीद

अयोध्या, अमृत विचार : चैत्र राम नवमी मेले में सोमवार से श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने की उम्मीद है। इसको लेकर प्रशासन व्यवस्था चुस्त कर रहा है। कंट्रोल रूम चालू कर दिया गया। आम लोगों के लिए इसका नम्बर जारी कर दिया गया। कोई भी व्यक्ति इस पर संपर्क कर सकता है। रामलला का जन्मोत्सव 17 अप्रैल को होगा। इसमें अब केवल एक दिन शेष है। सोमवार से श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने की उम्मीद है। 17 को श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ की संभावना है। यह संख्या लाखों में होगी। इसको लेकर प्रशासनिक व्यवस्था अब सख्त की जा रही है। नया घाट पुलिस चौकी के पीछे कन्ट्रोल रूम स्थापित सक्रिय कर दिया गया। अफसरों की 24 घंटे ड्यूटी लगा दी गई है।इसमें पुलिस और सिविल विभाग के अधिकारी/सहायक है। मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। मंडलायुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने अफसरों को निर्देश दिया है। मेला नियंत्रण कक्ष का नम्बर जारी कर दिया गया। डीएम नितीश कुमार ने सभी अफसरों को अपने क्षेत्र में भ्रमण तेज करने का निर्देश दिया है। रामनगरी के बाहर और अंदर यातायात की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है।



रामनवमी को लेकर जन्मभूमि परिसर रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है।

अस्थायी बस स्टेशन बनकर तैयार, बस संचालन की तैयारी

अयोध्या, अमृत विचार : चैत्र राम नवमी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बालू घाट पर अस्थायी बस स्टेशन बनकर तैयार हो गया। टेंट सहित दूसरे संसाधन इकट्ठा कर लिए गए। अब बसों के संचालन की तैयारी है। चैत्र राम नवमी मेले में इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने की संभावना है। यह भीड़ 16 से 18 अप्रैल के बीच रहने की उम्मीद है। परिवहन निगम 120 अतिरिक्त बसें चलाने की रणनीति पर है। उम्मीद थी कि 14 अप्रैल से सभी बसें उतार दी जाएंगी। इसके लिए बालू घाट पर नया अस्थायी बस स्टेशन बनाया गया है। रविवार को यहां टेंट सहित नागरिकों के लिए नागरिक सुविधाएं विकसित की जा रही है। बताया गया है कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। डिमांड के साथ बसों का संचालन तेज कर दिया जाएगा।

कल दोपहर दो बजे से 34 घंटे तक आइसोलेट रहेगी रामनगरी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : चैत्र रामनवमी को लेकर यातायात में परिवर्तन किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर मंगलवार को दोपहर बाद 34 घंटे तक रामनगरी आइसोलेट रहेगी और 94 घंटे तक हाईवे पर भारी माल वाहक वाहनों का आवागमन नहीं होगा। यातायात पुलिस ने इसके लिए रूट डायवर्जन का खाका जारी किया है।

रामनवमी को लेकर रामनगरी में रूट डायवर्जन अष्टमी तिथि को दोपहर बाद 2 बजे से प्रभावी होगा और नवमी की रात 12 तक जारी रहेगा। इस दौरान उदया चौराहे से टेढ़ी बाजार की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अयोध्या की ओर जाने वाले वाहन उदया ओवर ब्रिज से महोबरा चूड़ामणि चौराहा के रास्ते आशिफ बाग चौराहे तक आएंगे और जाएंगे। वाहनों की पार्किंग गैस गोदाम के पास होगी। गोंडा की ओर से कोई वाहन दुर्गागंज माझा बैरियर से पुराने सरयू पुल के इस पार नहीं आने पाएगा। सभी वाहनों को लकड़मंडी चौराहे से लोलपुर के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। वहीं हनुमान गुफा बैरियर से लता मंगेशकर चौक की तरफ, दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय से छोटी छावनी की तरफ, रामघाट चौराहे से तपस्वी छावनी की तरफ, टेढ़ी बाजार (गुरु वशिष्ठ चौक) से श्रीराम अस्पताल की ओर व द्वारकाधीश मंदिर राजघाट चौराहा से अशर्फी भवन, पुरानी सब्जी मंडी, पोस्ट ऑफिस की तरफ तथा महोबारा चौराहे से टेढ़ी बाजार की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। गुप्तार घाट बांध से होकर आने वाले वाहनों को राजघाट पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा व राजघाट से आगे मेला क्षेत्र में वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

> रामनवमी मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया जा रहा है। हालांकि यह डायवर्जन आवश्यक सेवा से जुड़े वाहनों पर लागू नहीं होगा। सहूलियत के लिए जगह-जगह वाहन पार्किंग की व्यवस्था कराई गई है। - **अयोध्या प्रसाद सिंह, एसपी ट्रैफिक**

लल्लू सिंह के बयान से अयोध्या में हलचल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सांसद व फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के बयान से सियासी हल्के में तूफान आ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने के लिए 272 सांसद ही चाहिए, लेकिन 272 से सरकार संविधान संशोधन नहीं कर सकती है। इसके लिए दो तिहाई से अधिक सांसद चाहिए। इस बयान पर विपक्षी दलों ने भाजपा को घेरने का प्रयास किया है।

लल्लू सिंह, सांसद

सांसद सिंह का यह वीडियो किसी गांव का है। जहां प्रचार के दौरान वह कुछ लोगों को संबोधित कर रहे हैं। लोग तालियां बजा रहे हैं। हालांकि ट्रोल हो रहा यह वीडियो मात्र 30 सेकेंड का है। लगभग सात सेकेंड के इस वीडियो में सांसद सिंह कह रहे हैं तीसरी बार मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का काम हमें करना है। यही निवेदन आप सब के चरणों में करने आया हूं। पार्टी ने नारा दिया है कि अबकी बार चार सौ पार। 400 से अधिक सांसद जीतकर जाएंगे। दुनिया में देश का सम्मान बढ़ेगा। इसके लिए कई-कई नियम बदलने होंगे। संविधान में संशोधन करना होगा। बहुत सारे काम करने होंगे। सरकार तो 272 पर भी बन जाती है लेकिन 272 की सरकार संविधान में संशोधन नहीं कर सकती है।

बसपा प्रत्याशी ने कसा तंज

सच्चिदानंद पांडेय

बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय ने कहा कि वोट मांगना है तो जनता के लिए, मूलभूत सुविधा के लिए, शिक्षा-स्वास्थ्य के नाम पर मांगा जाए, लेकिन भाजपा संविधान बदलने के लिए वोट मांग रही है। चीन जैसी तानाशाही लागू की जा सके। तंज कसा कि सरकार में रहते हुए कोई ठोस काम किया होता तो उस पर वोट मांगते। ऐसे लोगों के मंसूबे से सचेत रहने और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की अपील की।

सार-संक्षेप

गांव में पहुंची पुलिस पूछताछ करते हुए। अमृत विचार

अधेड़ की कल्याणी नदी में डूबकर मौत

मवई,अयोध्या। अमृत विचार : चाचा की तेरहवीं संस्कार के लिए मुंडन कराने गए अधेड़ की कल्याणी नदी में डूबकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद नदी की धारा से शव खोजकर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मवई थाना क्षेत्र के मवई गांव निवासी लक्ष्मण उर्फ दौआ पुत्र ननकू की आकस्मिक मौत 10 दिन पहले हो गई थी, जिनका अंतिम संस्कार रविवार को था। मुंडन कराने के लिए गए भतीजा कल्लू पुत्र मोल्हे (58) नदी में स्नान के लिए नदी में गए हुए थे कि अचानक वह बीच धारा में जाने पर डूबने लगे। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नदी से निकाला जा सका। मवई थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

राहुल कात्यान बने पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से जारी अधिसूचना के बाद जिले की कई न्यायिक पीठ बदली गई है। जिले के प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पर जज की नियुक्ति हो गई है। गाजीपुर के मोटर दुर्घटना क्लेम ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी राहुल कात्यान को नियुक्त किया गया है। जिले में मोटर दुर्घटना क्लेम ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी सत्यदेव गुप्ता को बाराबंकी जिले का प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नियुक्त किया गया है। बहराइच के प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शेषमणि को जिले में मोटर दुर्घटना क्लेम ट्रिब्यूनल का पीठासीन अधिकारी बनाया गया है। विशेष न्यायाधीश एससी एसटी राकेश कुमार को अपर जिला जज महेंद्र कुमार के स्थान पर रखा गया है। मोहिंदर कुमार को विशेष न्यायाधीश बनाया गया है। लखनऊ से स्थानांतरित होकर आए रवि कुमार गुप्ता को फास्ट ट्रैक कोर्ट का जज बनाया गया है। उन्नाव से स्थानांतरित होकर आई अल्पना सक्सेना को अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बनाया गया है।

कर्मियों को दिए सफाई व्यवस्था के निर्देश

अयोध्या। अमृत विचार : रामनवमी मेले को देखते हुए नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने रामकथा पार्क में एकत्रित सफाई मित्रों को उत्कृष्ट व्यवस्था के उत्साहित किया। नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि निगम चैत्र राम नवमी मेले में श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में निगम के सफाई व्यवस्था में लगे कार्मिकों का भी क्षमता संवर्धन किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं, जिससे सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था निरन्तर उत्कृष्ट बनी रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सफाई मित्रों को मेला क्षेत्र में सफाई के साथ निरन्तर पिकिंग के निर्देश दिए गये हैं। इसके अतिरिक्त मेले में आये श्रद्धालुओं से भी सफाई व्यवस्था में सहयोग किये जाने व कूड़े को कूड़ेदान में डालने हेतु अनुरोध करने हेतु अवगत कराया गया है।

सुवर्ण भारती महोत्सव में रोपे गए कदम्ब के पौधे

पौधरोपण करते डीएफओ प्रवीण जैन। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्री श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी भारतीय तीर्थ महाराज के 50वें सन्यास वर्ष सुवर्ण भारती महोत्सव पर श्री श्रृंगेरी शंकर मठ सुंदर सदन में पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि डीएफओ प्रवीण जैन ने कदम्ब के पौधे का रोपण किया। उन्होंने कहा कि की संतो धर्माचार्य के जप-तप से भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। कहा पौधारोपण जगतगुरु के 50 वें सन्यास वर्ष की हमेशा याद दिलाता रहेगा। इस मौके सुशील पांडेय, कमलेश श्रीवास्तव, निमेष गोस्वामी, सर्वेश श्रीवास्तव, भानु प्रताप सिंह, बम बम यादव, राजेंद्र पांडेय, सब इंस्पेक्टर मान बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे। इससे पहले राम मंदिर में विराजमान श्री रामलला व श्री राधाकृष्ण का विधि विधान से पूजन हुआ। नवरात्र के पंचमी पर मां भगवती की आराधना की गई। पुजारी अमित तिवारी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया।

भक्ति पथ पर खंभे में उतरा करंट, दो महिला श्रद्धालुओं को लगा झटका

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : चैत्र रामनवमी मेले के दौरान रविवार को भक्ति पथ पर एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। स्ट्रीट लाइट के लिए लगाए गए एक फैंसी खंभे में करंट उतरने से दो महिला श्रद्धालु बाल-बाल बच गईं। हालांकि करंट का झटका लगने से कुछ देर के लिए दोनों महिलाएं परेशान रहीं। सूचना मिलने के बाद पहुंचे बिजली कर्मियों ने लाइन काटकर मरम्मत का कार्य शुरू किया।

रविवार को भक्ति पथ के हरिद्वारी बाजार में हनुमानगढ़ी मंदिर के मुख्य मार्ग पर लगे स्ट्रीट लाइट खंभे में दोपहर करीब 2 बजे अचानक करंट उतर आया। इसकी जानकारी तब हुई जब दो महिला श्रद्धालु अचानक चीखने लगीं। स्थानीय दुकानदार जितेंद्र गुप्ता ने चीखने का कारण जान कर तत्काल विघुत उपकेंद्र पर फोन करके करंट उतरने की जानकारी दी। उप केन्द्र के लाइन मैन शिवबरन सिंह ने पोल के करंट को ठीक किया। उन्होंने बताया कि पोल के अंदर केबल शॉर्ट हो जाने से न्यूटल में फेस आ जाने से करंट आ रहा था। बताया अंदर से कनेक्शन काट देने से अब करंट नहीं आएगा। वहीं एसडीओ नवनीत सिंह ने घटना के संबंध में जानकारी नहीं होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई घटना है तो उसे तत्काल ठीक करवाया जायेगा।

खंभे को ठीक करता लाइनमैन।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट सर्किट से अफरा-तफरी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर शार्ट-सर्किट होने के बाद अफरा- तफरी मच गई। मामले की जानकारी मिलते ही स्टेशन की बिजली सप्लाई बंद कराई गई। बिजली विभाग और स्टेशन पर तैनात अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। घटना लोगों के लिए आफत न बने इसके लिए फायर विभाग की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग में अचानक शॉर्ट सर्किट से तारों में आग लग गई। लगभग 5 मिनट तक तेज चिंगारी के बाद धुंआ निकलता रहा। आरपीएफ के जवानों ने लोगों को किनारे कर दिया और इसकी सूचना अधिकारियों को दी। स्टेशन अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर कार्य चल रहा है, जिसके कारण हल्की सी शॉर्ट सर्किट हुई थी और तत्काल उसे बिजली के इंजीनियरों ने सही कर दिया है। किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। सभी तारों को पुन: सही करने के लिए कहा गया है।

शॉर्ट सर्किट के बाद लगी आग।

नाका में सड़क के किनारे मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **इनायतनगर क्षेत्र का था निवासी, जांच में जुटी पुलिस**

अमृत विचार: इनायतनगर थाना क्षेत्र के गोठवारा गांव निवासी 40 वर्षीय अभिनव सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराया है।

गोठवारा गांव निवासी अभिनव सिंह प्रापर्टी डीलिंग का कार्य करता था और शनिवार को पड़ोसी जिले अंबेडकर नगर में माध्यमिक शिक्षा परिषद् में बतौर शिक्षक तैनात अपने भाई अनुराग सिंह के पास गया था। उसके पिता सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह पहले से ही शिक्षक बेटे के आवास पर थे। शनिवार की रात लगभग आठ बजे वह अपने घर आने के लिए एक बस पर सवार हुआ, लेकिन घर नहीं पहुंचा। गांव के प्रधान गजेंद्र सिंह का कहना है कि रविवार की सुबह उनको जानकारी मिली कि अभिनव नाका क्षेत्र में हवाई अड्डे के निकट सड़क किनारे पड़ा है। सुबह 9.25 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया तो डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की छानबीन कराई जा रही है।

तैयारी वार ट्रॉफी लगाने वाले देश के पांच शिक्षण संस्थानों में होगा शामिल, भारत सरकार ने दी मंजूरी

साकेत महाविद्यालय में लगेगा 40 टन वजनी सेना टैंक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या के कामता प्रसाद सुंदर लाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में में एक वार ट्रॉफी (सेना टैंक) लगाया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार और सेना मुख्यालय के द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साकेत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अभय सिंह ने बताया कि देश के पांच प्रमुख स्थानों पर वार ट्रॉफी लगाने के लिए भारत सरकार की ओर से स्वीकृति दी गई है।

अभय सिंह ने बताया कि साकेत महाविद्यालय में सैन्य विभाग के द्वारा 2 वर्ष पहले से ही भारत सरकार और सेना मुख्यालय के साथ पत्राचार किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि देश की तीन निजी संस्थाओं और एक सेंट्रल स्कूल महाराष्ट्र को वार ट्रॉपी के रूप में सैना का टैंक मिला है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से सैनिक विज्ञान के विद्यार्थियों के अंदर देश की भक्ति भावना बढ़ेगी। सेवा में भर्ती होकर इस प्रकार के टैंकों के साथ प्रशिक्षण कर देश की सेवा के कार्य में शामिल होंगे। यह टैंक महाविद्यालय के गेट के पास लगाया जा रहा है, जिसे अप्रैल तक स्थापित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह टैंक लगभग 40 टन का है, जिसके लिए पुने से प्लेटफार्म बनाने के लिए एक्सपर्ट आए हुए हैं। इसकी लंबाई 9 मीटर और ऊंचाई 4 मीटर है। इसके साथ ही महाविद्यालय में 30 मीटर ऊंचा नेशनल फ्लैग लगाए जाने का कार्य भी किया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में एनसीसी के कैडेट्स भी हैं। इस टैंक को देखकर उनके अंदर सेवा में भर्ती होकर राष्ट्र सुरक्षा में अपना योगदान देने की भावना बढ़ेगी।

साकेत महाविद्यालय में सेना का टैंक स्थापित करने के लिए तैयार किया जा रहा बेस।

1.31 लाख का टैंक, लाने में खर्च होंगे 2.67 लाख

साकेत महाविद्यालय में टैंक लगाने के लिए एक बड़ा प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। टैंक को पुने से अयोध्या ले जाने की तैयारी की जा रही है। इस टैंक के लिए साकेत महाविद्यालय के सैन्य विभाग के द्वारा एक लाख 31 हजार रुपये का शुल्क जमा किया गया है। इसे अयोध्या तक लाने के लिए दो लाख 67 हजार रुपये तक किराया भी विद्यालय के द्वारा दिया जाएगा।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी हिरासत में

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली रुदौली क्षेत्र में घर से शौच को निकली नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आठ अप्रैल को शौच के लिए निकली कोतवाली क्षेत्र के गांव 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी को गांव के ही युवक ने चाकू के बल पर उसका अपहरण कर लिया। गांव के बाहर गन्ने के खेत में जबरन दुष्कर्म करने के बाद आरोपी युवक उसको लेकर लखनऊ दो दिन रहा। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही अनुज कुमार व एक अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया गया है। किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

रामनवमी पर हनुमानगढ़ी में भोर में साढ़े 3 बजे शुरू होगा दर्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: रामनवमी पर आने वाली श्रद्धालुओ की संख्या को देखते हुए हनुमानगढ़ी के सर्वराहकार गद्दीनशीन महंत प्रेमदास की तरफ से देर रात पत्र जारी किया गया है। उसके मुताबिक 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक के दर्शन का शेड्यूल जारी किया गया है।

15 से 18 तक सुबह तीन से चार बजे तक हनुमानजी महाराज की पूजा व आरती होगी। चार बजे के बाद दर्शन शुरू होगा। 12 से 12:20 तक दर्शन बंद रहेगा। इस दौरान भोग लगेगा व आरती होगी। फिर दोपहर में तीन बजे 20 मिनट के लिए आरती के लिए दर्शन बंद होगा। रात 10 से साढ़े 10 तक आरती तक प्रवेश बंद रहेगा। रात 11:30 बजे शयन आरती के बाद मंदिर बंद हो जाएगा। 17 अप्रैल को भोर में ढाई से साढ़े 3 बजे तक पूजन व श्रृंगार होगा। इसके बाद दर्शन शुरू होगा। 11:45 से 12:20 तक, दोपहर तीन बजे से 3:20 तक और रात 10 से साढ़े 10 तक दर्शन पूजा के दौरान बंद रहेगा। रात में 11:30 बजे के बाद शयन आरती होते ही मंदिर बंद हो जायेगा।

सार-संक्षेप

शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करतीं महिलाएं। अमृत विचार

मनाया गया शहीद स्मारक का 27 वां स्थापना दिवस

अयोध्या, अमृत विचार : अमर जवान मंगल पांडे चौक स्थित शहीद स्मारक के 27 वां स्थापना पर्व मनाया गया। पुष्पांजलि अर्पित कर वीर नारियों सहित कई को सम्मानित किया गया। 27वें स्थापना दिवस वैशाखी पर्व पर गुरु नानक पुरा गुरूद्वारा के ज्ञानी ने अरदास की। शहीद हवलदार देवी प्रकाश सिंह वीर चक्र की वीर नारी फूल पति देवी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडों शहीद राजकुमार यादव की वीर नारी ज्ञानमती यादव व मीना घोष ने पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में वीर नारी फूल पति देवी, ज्ञानमती यादव, मीना घोष को शाल व शौर्य सम्मान से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र प्रताप सिंह किया और कवींद्र साहनी ने किया। संचालन ओम प्रकाश सिंह नाहर ने किया।

बाग में सौ से अधिक कौवे मृत मिले

मृत पड़े कौवे।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत स्थानीय बाजार के उत्तर तरफ एक बाग में बड़ी संख्या में रहस्यमय ढंग से कौवे मरे पाए गए हैं। इसे लेकर इलाके में खलबली मच गई है। पशु विभाग कौवों की मौत का कारण जानने में जुटा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उड़ते - उड़ते कौवे लड़बड़ा कर गिर जा रहे हैं, दोबारा उठ नहीं पा रहे हैं। बताया कि तड़प तड़प कर मर जा रहे हैं। रविवार को दिन में देखा गया कि बाग और अन्य स्थानों पर कौवे मृत पाए गए। पशु चिकित्सा अधिकारी पूरा बाजार डॉ रविंद्र प्रताप यादव ने कहा कि संभव है कि पक्षियों ने विषैला मांस खा लिया हो या सड़ा खाना खा लिया हो। जिससे पक्षियों की मृत्यु हो जा रही है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जगदीश सिंह ने दूरभाष पर बताया कि मिली जानकारी के मुताबिक प्रथम दृष्टया में यही लग रहा है की मरे हुए जानवरों का विषैला मांस खा लेने की वजह से पक्षियों की मृत्यु हो रही है। वहीं पक्षियों की मौत को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है। मरे हुए पक्षी आवासीय क्षेत्र में भी गिर रहे हैं। इससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। पशु विभाग द्वारा बताया गया है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

दबंगों ने बंजर भूमि पर दोबारा कर लिया कब्जा

सतरिख बाराबंकी, अमृत विचार : सतरिख थाना क्षेत्र रसूलपुर गांव में पड़ी ग्राम पंचायत की बंजर जमीन पर गांव के ही रामचंद्र, अलोक, अमरीश, मधुरेश व बब्लू द्वारा अवैध कब्ज़ा कर निर्माण कार्य करा रहे हैं। इसके पहले भी इसी जमीन पर इन लोगों ने कब्ज़ा कर लिया था। पुलिस व राजस्व टीम ने कब्जामुक्त कराया था। अब दोबारा कब्ज़ा करने के विरोध पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित बलराम सिंह ने एसडीएम नवाबगंज से शिकायत की है। एसडीएम ने जांच के बाद पुलिस और राजस्व टीम को जमीन को कब्ज़ा मुक्त कराने के आदेश दिए हैं।

श्रद्धा से मनाई संविधान शिल्पी डॉ. आंबेडकर की जयंती

निकाली गई शोभायात्रा, व्यक्तित्व और कृतित्व पर हुई चर्चा

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार। भारतीय संविधान के शिल्पी, चिंतक व समाज सुधारक भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती रविवार को जिले में मनाई गई। जयंती पर जगह-जगह से शोभायात्रा निकली व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा हुई। संगठनों के साथ सियासी दलों की ओर से भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि बाबा साहेब के बताये गए मार्ग का अनुसरण करते हुए विकास की धारा से छूटे वंचित लोगों की मदद करनी चाहिए। विकास भवन के सभागार में सर्वप्रथम कार्मिकों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित करके किए गए। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के सेमिनार हॉल में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशन में कला एवं मानविकी सकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सेवाज्ञ संस्थानम के पदाधिकारियो ने मऊ शिवाला यदुवंशपुर स्थित ईंट भट्ठे पर श्रमिकों ,श्रमिक महिलाओं और उनके बच्चों के साथ अंबेडकर जयंती मनाई। संस्थान के पदाधिकारियो ने सुबह 10 बजे भठ्ठे पर साथियों के साथ पहुंचकर मध्यान भोजन बनाया और डॉ. आंबेडकर को याद किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष "आशु" जिला प्रमुख डॉ. परेश पांडे, जिला संयोजक अनुज सिंह आदि मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि प्रदेश सचिव राम अचल यादव, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री अमृत राजपाल, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव आदि लोग मौजूद थे। विकासखंड पूराबाजार के ग्राम पंचायत गंगौली में जयंती समारोह पूर्वक मनाई गयी। मुख्य अतिथि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बाबा साहब आंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब के सपनों को केंद्र कि मोदी व प्रदेश योगी सरकार साकार कर रही है। कार्यक्रम को महानगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह व मंडल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा ने भी संबोधित किया। रसूलाबाद ,ऐमी आलापुर हैसा में महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, खानपुर में पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवनारायण तिवारी, तारापुर में महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू व पूर्व मंडल अध्यक्ष नंद कुमार सिंह ने पुष्प अर्पित किया। बहुजन समाज पार्टी ने मकबरा स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के नेतृत्व में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने उनको संविधान निर्माता व शोषितों व पीड़ितों का मसीहा बताया। मंडल कोआर्डिनेटर महेंद्र आनंद, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से बाल्दा में माल्यार्पण समेत अन्य जगहों पर भी कार्यक्रम किया गया।

डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते नगर विधायक वेद गुप्ता।

डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते सांसद लल्लू सिंह। अमृत विचार

आप ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

अयोध्या कार्यालय। आम आदमी पार्टी ने बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती को संविधान व लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप में मनाया। प्रदेश प्रवक्ता व जिला प्रभारी संजीव निगम ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर बाबा साहब की जयंती को लोकतंत्र व संविधान बचाओ दिवस रूप मनाया गया है। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने बताया कि रविवार को शहर के बालदा स्थित आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोकतंत्र व संविधान बचाओ अभियान की शुरुआत की गई है।

समरसता दिवस के रूप में मनाई गई जयंती

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा ने लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर बाबा साहब आंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाई। गौरियामउ में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए गरीबों, मजदूरों, शोषितों व वंचितों के उत्थान के प्रति संकल्पित है। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है।

संगठन को लेकर हुआ विचार-विमर्श

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : महानगर कांग्रेस कमेटी अयोध्या की बैठक महानगर महासचिव हनुमान मिश्रा के आवास पर हुई। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। लोकसभा चुनाव के संदर्भ में संगठन को लेकर विचार विमर्श हुआ। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि तब अर्पित होगी जब इस देश में संविधान को बदलने का कुचक्र रचने वाली भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटा दिया जाए। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष व संचालन महानगर उपाध्यक्ष जय मंगल दास ने किया।

डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता।

संविधान बचाओ सप्ताह मनाएगी सपा, होगा सत्याग्रह

पत्रकारों से वार्ता करते सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी ने संविधान बचाने के लिए सत्याग्रह करने का एलान किया है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि देश का संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, लेकिन कुछ लोग इसे बदलने के लिए कोशिश में लगे हैं। वह रविवार को सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान बदलने वाले कि हर कोशिश नाकाम करेगी। इसके लिए हम सत्याग्रह करेंगे और लोगों को जागरूक करने लिए संविधान बचाओ सप्ताह मनाएंगे। संविधान को बचाने के लिए देश व प्रदेश व्यापी सत्याग्रह करेंगे।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

अयोध्या, अमृत विचार : बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इससे पूर्व कचहरी परिसर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। समिति के संरक्षक एडवोकेट लल्लन प्रसाद अम्बेश ने बताया कि बाबा साहब की जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रख्यात दलित चिंतक प्रोफेसर प्रफुल्ल गडपाल मध्य प्रदेश व प्रोफेसर राम नंदन सिंह बिहार ने संयुक्त रूप से कहा कि बाबा साहब के आदर्शों पर चलकर ही हम भारत में समता मूलक समाज की स्थापना कर सकते हैं। बहुजन मिशनरी गायिका मालती राव ने गीत प्रस्तुत किया। संचालन प्रोफेसर अंबुज गौतम आभार ज्ञापन समिति के अध्यक्ष डॉ. मुकेश गौतम ने किया।

रेलवे में पहुंची अतिरिक्त फोर्स

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी के ऐतिहासिक चैत्र रामनवमी मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवंटित अतिरिक्त फोर्स ने आमद के बाद अपनी ड्यूटी संभाल ली है। अतिरिक्त फ़ोर्स को कुल 35 स्थानों पर 12-12 घंटे की शिफ्ट में तैनात किया गया है। साथ ही जांच-तलाशी दस्तों को सक्रिय किया गया है। वहीं आरपीएफ ने भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए कमान संभाल ली है।

मुख्यालय की ओर से 12 उपनिरीक्षक, 3 महिला आरक्षी,105 आरक्षी व मुख्य आरक्षी, एक प्लाटून पीएसी व एक एंटी सेबोटाज चेक टीम मेला ड्यूटी के लिए उपलब्ध कराई गई है, जबकि जीआरपी में अधिकारियों और जवानों समेत कुल 100 पुलिसकर्मियों के साथ अयोध्या की संवेदनशीलता के मद्देनजर जोन से 30 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती है। मेला ड्यूटी के लिए आवंटित अतिरिक्त फ़ोर्स के रविवार को आमद कराने के बाद सभी को विभिन्न स्टेशनों पर ड्यूटी आवंटित की गई है। रात 8 बजे से शुरू हुई यह ड्यूटी 12-12 घंटे की शिफ्ट में लगाई गई है। अयोध्या कैंट जीआरपी थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि मेला ड्यूटी के लिए अतिरिक्त पुलिस बल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है।

सुरक्षा के मद्देनजर दो श्रेणियों में बंटे स्टेशन

रामनवमी मेले में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर जीआरपी ने विभिन्न स्टेशनों को दो श्रेणियों में विभाजित किया है। अयोध्या धाम जंक्शन व रामघाट हाल्ट तथा अयोध्या कैंट जंक्शन को एक श्रेणी में लिया गया है और यहां कई बिंदुओं पर फ़ोर्स की तैनाती की गई है तथा जांच-तलाशी के लिए दस्तों को लगाया है। आपात स्थिति के लिए सिटी स्टेशन के रूप में विकसित हो रहे दर्शननगर, पुराने सिटी स्टेशन आचार्य नरेन्द्रदेव नगर व माल गोदाम के रूप में विकसित सलारपुर रेलवे स्टेशन पर भी पुलिस बल की ड्यूटी लगाई है।

रामनवमी मेला

▸▸ **संभाली मेला ड्यूटी की कमान, 35 स्थलों पर 12-12 घंटे की शिफ्ट में लगाई गई ड्यूटी**

आस्था का केंद्र है ज्वाला माता का मंदिर

बरगद के नीचे स्थापित ज्वाला मां

ज्वाला माता

स्व. महंत दयाराम दास की देखरेख में पुष्पित इस मंदिर की बाबत क्षेत्र के 85 वर्षीय बुजुर्ग नन्हू सिंह बताते हैं नए शादी सुदा जोड़े अपने जीवन की शुरुआत यहीं से करते आते हैं। खिरौनी के अधिवक्ता दीपक सिंह, वर्तमान महंत स्वामी पादानपाद केरल और पुजारी इंद्र प्रताप ने बताया सैकड़ों वर्ष पुराने बरगद के पेड़ के नीचे स्थापित ज्वाला माई के इस मंदिर को संवारने में स्थानीय जनता के साथ प्रदेश सरकार का भी बड़ा योगदान है। सोहावल के पुराने खिरौनी में लगभग दो सौ वर्ष पहले स्थापित हुआ मां ज्वाला माई का मंदिर आज आस्था और विश्वास का केंद्र बन चुका है। गत माह हिमाचल से आई और स्थापित की गई 24 घंटे जलने वाली ज्वाला का स्वरूप अब मंदिर की आस्था को और भी बढ़ा रहा है। हर सोमवार को महिलाएं दुरदुरिया पूजन का आयोजन करती हैं। इस शक्ति स्थल पर मां ज्वाला के साथ राम जानकी, भोलेनाथ का भी मंदिर स्थापित है। सुंदर सरोवर, भक्तों के भजन कीर्तन और निशुल्क आवास की व्यवस्था ने गैर प्रांतों से आने जाने वाले भक्तों को आकर्षित करता है।

उत्कृष्ट मानवता के संवाहक हैं प्रभु श्रीराम : दिनेशाचार्य

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : 'रामनवमी' यह शब्द ही अपने आप में एक अतीत को व्यक्त कर रहा होता है। वैसे तो प्रत्येक कल्प के मन्वंतरों में त्रेतायुग में भगवान राम का अवतार होता है किंतु यदि वर्तमान चतुर्युगी की बात करें तो आज से लगभग 9 लाख वर्ष पूर्व चैत मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि (नौमी तिथि मधुमास पुनीता) को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम ने श्री अयोध्या में अवतीर्ण होकर रिक्ता कही जाने वाली तिथि को पूर्ण करते हुए अपनी आदर्श लीलाओं के द्वारा संसार के मानव के समक्ष उत्कृष्ट मानवता के आदर्शों की स्थापना की थी।

उनका चरित्र न केवल विरक्त साधु-सन्यासियों के लिए अपितु गृहस्थों के लिए भी संजीवनी हैं। गृहस्थ जीवन में जिन-जिन संबंधों और समस्याओं से वास्ता पड़ता है रामायण में उन सबका समाधान अंकित हैं।

रामलला का दिव्य विग्रह।

दिनेशाचार्य

भारतीय संस्कृति के उन्नत आदर्श का स्मरण कराता हुआ यह पर्व आज भी पथभ्रष्ट मानव समाज के सामने सुख एवं शांति के सच्चे मार्ग को प्रस्तुत करने में समर्थ है। आज जब संसार में सर्वत्र स्वार्थ और लोलुपता का बोलबाला है, सभी प्राणी अपना कर्तव्य भूल कर अपने हित को ही सर्वोपरि मन कर जात, समाज, धर्म और संस्कृति को स्वार्थ की बलि वेदी पर उत्सर्ग करने में नहीं हिचकिचाते। भाई-भाई, पिता पुत्र, सास बहू, मित्र-मित्र की रात दिन की कलह ने जब जीवन को नरक से भी बततर बना दिया हो, तब रामनवमी जैसे त्योहारों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। आज आवश्यकता है प्रभु राम के आदर्शों को समझने और समझाने की। रामनवमी की महत्ता का उल्लेख करते हुए महंत दिनेशाचार्य जी महाराज ने बताया कि श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं।हिंदू संस्कृति की पूर्ण प्रतिष्ठा उनके चरित्र में समाहित है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के लिए उसमें आदर्श है। हिंदू संस्कृति का स्वरूप 'श्रीरामचरित मानस' के दर्पण में पूर्णता प्रतिबिंबित हुआ है। 'श्री वाल्मीकि रामायण' और गोस्वामी तुलसीदास जी के 'श्रीरामचरित मानस' श्रीराम के मंगलमय चरित्र से लोक में कल्याण का प्रसार करते हैं। भारत का वह आदर्श आज मानवमात्र का गेय,-ध्येय बने, तभी मानव सुसंस्कृत बन सकेगा। यह रामनवमी पर्व केवल मंदिरों में ही नहीं अपितु प्रत्येक घर में मनाया जाना चाहिए।

स्मृति दिवस पर दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देते फायर ब्रिगेड कर्मी।

स्मृति दिवस पर दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

अयोध्या कार्यालय। 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई बन्दरगाह पर हुए भीषण अग्निकाण्ड में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अग्निशमन कार्य करते हुए अपने प्राणों की आहूति दी थी। उन दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस एवं इसी दिन से एक सप्ताह तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जायेगा। रविवार को कार्यक्रम में फायर स्टेशन पुलिस लाइन प्रांगण में मुख्य अग्निशमन अधिकारी एम पी सिंह, अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में फायर सर्विस कर्मियों द्वारा शोक परेड किया गया। 2 मिनट का मौन रखकर उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आग से बचाव के लिये प्रचार-प्रसार हेतु गाडियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

लेखपाल ने पट्टाधारक पर दर्ज कराया केस

कोठी, बाराबंकी: अमृत विचार: तालाब की भूमि पर लगे चार पेड़ काटने पर हल्का लेखपाल ने पट्टाधारक के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला कोठी थाना क्षेत्र के नूरापुर ग्राम पंचायत का है। हल्का लेखपाल राहुल कनौजिया ने कोठी थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि नूरापुर में गाटा संख्या 08/0.842 हेक्टेयर भूमि तालाब के नाम दर्ज है। वहां मछली पालन के लिए गणेश प्रसाद का आवंटन दो वर्ष पूर्व हुआ था। पट्टेदार द्वारा मत्स्य पालन किया जा रहा था। लेकिन आवंटन होने के बाद आरोपी ने तालाब पर कब्जा जमाते हुए 18 मार्च को चार यूकेलिप्टिस के पेड़ काटकर बेच दिये।

आज सभी मंडलों में खुलेंगे भाजपा के चुनाव कार्यालय

अयोध्या। लोकसभा क्षेत्र के सभी 24 मंडलों में चुनाव कार्यालय सोमवार को खुलेंगे। वैदिक मंत्रोचार तथा हवन पूजन के मध्य चुनाव कार्यालयों की शुरुआत की जाएगी। इस दौरान मंडल कार्यालय पर जिले स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और यहीं से संचालन किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

NOTICE

I, Poonam Arora W/O Indresh Sharma R/o - 155 Malhour Road Nikat Islamia School Chinhat Lucknow U.P. 226028 have changed my name from Poonam Arora to Poonam Sharma after marriage for all future purpose. Poonam Arora and Poonam Sharma both names belong to the same person.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में संजीव कुमार और आधार कार्ड,पेन कार्ड में संजीव कुमार पोरवाल अंकित है। संजीव कुमार और संजीव कुमार पोरवाल दोनो ही नाम मेरे ही हैं। अतः पासपोर्ट में भी मेरा नाम संजीव कुमार पोरवाल अंकित कर द्वितीय प्रति निर्गत कर दी जावे। **–संजीव कुमार पोरवाल पुत्र स्व श्याम बिहारी लाल पोरवाल, निवासी– बसरेहर, जिला– इटावा**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दिलशाद से बदलकर दिलशाद आलम रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। **–दिलशाद आलम पुत्र सोनहन, निवासी– ग्राम रामपुर बारह कोनी, पोस्ट व थाना धनघटा, जिला सन्त कबीर नगर 272162**

नियमों का पालन कराने वाले ही कर रहे अनदेखी

ये दोनों तस्वीरें बयां कर रहीं हैं कि नियमों का पालन कराने का दावा करने वाले खुद कितने जिम्मेदार हैं। एक महिला पुलिस कर्मी शनिवार को बिना हेलमेट के बच्चे को स्कूल से लेकर लौट रही हैं। दूसरी ने भी हेलमेट लगाने की जरूरत ही नहीं समझी। ऐसे में सवाल उठता है जब नियमों का पालन करने वाले ही नियम तोड़ रहे हैं तो औरों का क्या होगा। हेलमेट सिर्फ चालान से बचाने के लिए नहीं आपकी जिंदगी बचाने के लिए बहुत जरूरी है। आंकड़े गवाह हैं कि हादसे में 99 फीसदी मौत का कारण सिर की चोट ही होती है। ● प्रशांत शेखर

सूरत-ए-हाल रौनाही फायर सर्विस के पास पानी भरने के अपने संसाधन नहीं

2500 लीटर पानी के लिए देने पड़ते 150 रुपये

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : रौनाही थाने के एक कमरे में स्थापित फायर सर्विस की सोहावल इकाई बेबस है। इसे आग पर काबू पाने के लिए सोचना पड़ता है। छोटे और बड़े दो वाहनों से आग पर काबू करने के लिए शासन से संसाधन मुहैया है, लेकिन बड़े वाहन का टैंक तक भरने की व्यवस्था विभाग के पास अपनी नहीं है। इसके लिए कर्मियों को आसपास लगे डीजल इंजन चालित निजी नलकूपों का सहारा लेना पड़ता है। जो 150 रुपये किराया लेकर फायर सेवा के कर्मियो को टैंक भरने के लिए पानी देते है।

फायर स्टेशन के सामने खड़े वाहन।

अस्थाई केंद्र से चारों ओर लगभग 10 किमी. की परिधि में सेवा देने वाले इस फायर सर्विस केंद्र की स्थापना हुए दशक भर बीतने को है। इलाकाई जन प्रतिनिधियों और शासन की उपेक्षा के चलते विभाग इस केंद्र को अब तक अपना स्थाई कार्यालय तक नहीं दे पाया है। आधा दर्जन फायर मैन एक इन्चार्च सुपर वाइजर, एक चालक कुल आठ कर्मियो के भरोसे 70 से ज्यादा राजस्व गांवों की सुरक्षा का जिम्मा है। गांव के बीच सिकुड़ती गई गलियों में बड़ी गाड़ी पहुंच ही नहीं पाती। छोटी गाड़ी किसी तरह पहुंच भी गई तो कुआं तालाब सूखने से पानी खोजने में घंटों लग जाते है और तब तक सब कुछ जल चुका होता है। खेत खलिहानों की आग बुझाने में बड़ी गाड़ी ले जायी जाती है। जिसका पेट भर कर तैयार रखने की कोई व्यवस्था ही नही है।

> बड़ी गाड़ी का टैंक भरने की समस्या वर्षो से है। कई बार विभाग को अवगत कराया गया लेकिन कुछ हल नही निकला। चालक भी एक ही है स्टाफ और संसाधन कम है। समस्याओं से जूझते हुए आग पर काबू करने की हर संभव कोशिश की जाती है। **-कमलेश कुमार मिश्र, प्रभारी फायर सेवा, सोहावल**

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

एक नजर

10 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : मालीपुर पुलिस ने एक युवक को मुखबिर की सूचना पर 10 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मुख्य आरक्षी हरिश्चन्द्र चौधरी खजुरी बाजार में मौजूद थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति खजुरी टावर के निकट शराब की पिपिया लिए खड़ा है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास से 10 लीटर कच्ची देशी शराब बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम रामसुन्दर उर्फ पप्पू निवासी लोकनाथपुर थाना दोस्तपुर जिला सुल्तानपुर बताया।

550 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा गया आरोपी

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : थाना जैतपुर पुलिस ने 550 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। । जैतपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जगपत सिंह उर्फ निन्हकू निवासी भीखपुर खुर्द थाना जैतपुर को गोपरीचांदपुर तिराहे से 550 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ एडीपीसी एक्ट के तहत मुकदमा किया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कृष्णचन्द्र चन्द्र शुक्ल, हेड कांस्टेबल उदयजीत यादव, कांस्टेबल रवि कुमार, कांस्टेबल राजीव कुमार यादव शामिल रहे।

पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

जलालपुर, आंबेडकरनगर, अमृत विचार : क्षेत्र मे बढ़ रही चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए मालीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और सौ रुपए के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालीपुर थाने के उप निरीक्षक शिव कुमार ने मुखबिर की सूचना पर अर्पित उर्फ सूर्यांश निवासी गुवावां जमालपुर थाना मालीपुर तथा अविनाश निवासी कबूलपुर थाना मालीपुर को थाना क्षेत्र के झारखंडी बाबा मंदिर के तिराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में सिपाही कुलदीप राज, अनुज चौहान और चंदन साहनी शामिल रहे।

धूमधाम से मनायी गयी बाबा साहेब की जयंती, हुए विविध कार्यक्रम

डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणादायी : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती जनपद में धूमधाम से मनायी गयी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दयाशंकर पाठक व अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। डीएम, एडीएम, एसडीएम, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आदि ने बाबा साहेब के चित्र और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। डीएम ने कहा कि संविधान निर्माण में व समता मूलक समाज के निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज में समानता पर बल दिया। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

समारोह में मौजूद जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

नगर पंचायत में धूमधाम से मनाई गई जयंती

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर : नगर पंचायत जहांगीरगंज के कार्यालय में संविधान के जनक डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में डॉ. भीमराव आंबेडकर के बताए गए मार्ग और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी, चेयरमैन सुनीता देवी और प्रतिनिधि सुनील कुमार मौर्य द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित और केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए और उनके सिद्धांतों पर चलने पर जीवन में हर सफलता प्राप्त करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक सैय्यद अमानुल्लाह समेत कर्मचारी और अन्य सम्भ्रांत लोगों में अंकित पांडेय, सर्वेश यादव, अवनीश श्रीवास्तव, अमानुल्लाह, विपिन सिंह, अमरेंद्र उपाध्याय, अजय कुमार, रमाकांत, दिनेश, शहनाज बानो, अरविंद कुमार, शोएब, लालचंद आदि मौजूद रहे।

बाबा साहेब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी।

चेयरमैन ने आनंद बुद्ध विहार मठ पर चलाया सफाई अभियान

आनंद बुद्ध बिहार में साफ-सफाई करते चेयरमैन ओमकार गुप्ता। अमृत विचार

बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : डॉ. आंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह जनपद में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जहां लोगों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र को सजाकर शोभायात्रा निकाली और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित आनंद बुद्ध विहार पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा भाजपा कैंप कार्यालय पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और जयंती की एक दूसरे को बधाई दी। आनंद बुद्ध विहार मठ की सफाई के दौरान चेयरमैन ओमकार गुप्ता ने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के साथ स्वच्छता भी बाबा साहब का मूल मंत्र था। इस पर भाजपा और उसके कार्यकर्ता आज काम कर रहे हैं। 133वीं जयंती पर तथागत गौतम बुद्ध, बाबा साहब की प्रतिमा और बुद्ध विहार मठ की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने लोगों से स्वच्छ भारत, स्वच्छ किछौछा के नारे को साकार करने में सहयोग कर नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ बनाने की भी लोगों से अपील की।

महान युगदृष्टा और समाज सुधारक थे डॉ. आंबेडकर : अमित

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश और समाज में व्याप्त असमानता और भेदभाव दूर करने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और कांग्रेस के साथ कदम से कदम मिलाकर जागरूकता फैलाई। ये बातें कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद उन्होंने भारत की आत्मा विश्व के सबसे गौरवशाली संविधान का निर्माण किया। आज हम सभी उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेकर अन्याय और तानाशाही के खिलाफ न्याय की बुलंद आवाज बनें। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. विजय शंकर तिवारी ने बताया कि संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गई। समस्त कांग्रेसजनों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और गोष्ठी की। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा और संचालन गुलाम रसूल छोटू ने किया।

डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

हुए विविध कार्यक्रम

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर : कहरा सुलेमपुर में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस आयोजन का नेतृत्व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर चंद्रदेव द्वारा किया गया। आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा मंच के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और बाइक रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान अशोक कुमार प्रजापति, शिक्षक शोभाराम, पातीराम गौतम, राम जगत, शिक्षक परमदेव, बीरबल, दिनेश कुमार, रंजीत, अरविंद कुमार, राम अचल आदि ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार गौतम उपस्थित रहे।

गरीबों और मजलूमों के मसीहा थे बाबा साहेब : रितेश पांडे

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : भारत रत्न डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हर्षोल्लासपूर्वक जनपद के बूथों पर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने हंसवर मंडल के अपने बूथ 287 पर बाबा साहेब की मूर्ति पर मंडल अध्यक्ष सुग्रीव कन्नौजिया, हंसवर ग्राम प्रधान कन्हैया लाल, बूथ अध्यक्ष रोहित कन्नौजिया के साथ माल्यार्पण किया। माल्यार्पण उपरांत उपस्थित लोगों से बाबा साहब की जीवन संघर्ष और समाज में उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों की चर्चा की। भाजपा सांसद प्रत्याशी रितेश पांडे ने जलालपुर विधानसभा क्षेत्र के फरीदपुर, भड़भड़पुर और गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के चरावा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने गरीबों और मजलूमों के लिए बहुत सारे सुधारात्मक कार्य किए हैं। डॉ. साहब के पास 32 शैक्षिक डिग्रियां थीं और वह 9 भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने अनेक पुस्तकें भी लिखी हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज की कुरीतियों को समाप्त करने में लगाया था। भारत के संविधान को तैयार करने में बाबा साहब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बाबा साहब को संविधान निर्माता कहा जाता है।

कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे। अमृत विचार

स्मार्ट क्लास से बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा : बीएसए

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार: स्मार्ट क्लास से बच्चों को आधुनिक शिक्षा मिलने में सहायता प्राप्त होगी। ये बातें जलालपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय नवानगर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने स्मार्ट क्लास का फीता काटकर उद्घाटन के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास से विषय वस्तु को रोचक तरीके से कठिन से कठिन विषय को समझने या समझाने में मदद मिलती है। किसी विषय वस्तु को बार-बार देखकर बच्चों को समझाया जा सकता है। बीएसए ने अति पिछड़े क्षेत्र में स्थित विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति की प्रशंसा ककी। उन्होंने डॉ. स्नेहलता द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना के साथ ही विद्यालय परिवार की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी कमल प्रकाश सिंह आदि थे7

स्मार्ट क्लास का उद्घाटन करते बीएसए भोलेंद्र प्रताप सिंह।

प्रधानाचार्य सुरेश लाल को किया गया सम्मानित

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जलालपुर तहसील अन्तर्गत गयासपुर निवासी प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव को 24 अप्रैल को भोपाल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में विद्यापीठ की प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा उनकी शिक्षा सेवा तथा काव्य, लेख सृजन साधना सन्दर्भ में विद्यावाचस्पति सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यही नहीं, भारत रत्न विभूषित विश्व रत्न स्वरूप डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बाबा साहब पर उत्कृष्ट लेख व काव्य सृजन सन्दर्भ में भावना कला व साहित्य फाउंडेशन द्वारा इन्हें डॉ. आंबेडकर प्राइड आइकॉन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। सुरेश लाल की इन उपलब्धियों पर डीआईओएस सहित शिक्षा व साहित्य साधना से जुड़े लोगों ने बधाई दी है।

सुरेश लाल।

श्रवण सुल्तानपुरी के होली गीतों पर झूम उठे लोग

कार्यक्रम में सत्या माइक्रो के सीईओ विवेक व सूरत सेवा संस्थान के सचिव रमेश मिश्रा।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : वीएम पब्लिक स्कूल में होली मिलन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। का उद्घाटन मुख्य अतिथि सत्या माइक्रो लि. के सीईओ विवेक तिवारी व सूरत सेवा संस्थान के सचिव रमेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में श्रवण सुल्तानपुरी के पारंपरिक होली गीतों पर लोग झूमते रहे। श्रवण सुल्तानपुरी ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर वाह वाही बटोरी। 21 किलो की फूलों की माला पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विवेक तिवारी, अयोध्या से पधारे देवाशाचार्य, कांग्रेस नेता अशोक सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार पाल, द्रीजेंद्र नारायण शुक्ल, मलखान सिंह का आयोजक सूरत सेवा संस्थान के सचिव रमेश मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विवेक तिवारी ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है।

संसार आपका होता तो सदा आपके साथ रहता : विजयानंद

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर में चैत्र नवरात्र के उपलक्ष में मां सिद्धेश्वरी मंदिर प्रांगण में बीते 9 अप्रैल से चल रहे दुर्लभ सत्संग में ऋषिकेश से पधारे स्वामी विजयानन्द गिरि का प्रवचन सुनने भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सत्संग के चौथे दिन स्वामी विजयानन्द गिरि ने कहा कि हम भगवान के हैं, भगवान हमारे हैं, यह बात सभी भाई-बहनों को मान लेनी चाहिए। आप परमात्मा के घर के हैं। संसार पराया घर है। यदि संसार आपका होता तो सदा आपके साथ रहता, लेकिन संसार की कोई भी चीज आपके साथ नहीं रहती। सत्संग के उपरांत मौजूद पुरुषों और महिलाओं ने प्रभु श्रीराम के चित्र की आरती की। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजक बृजमोहन उपाध्याय, बृजेश उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सम्राट अशोक की जयंती को लेकर हुई तैयारी बैठक

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पुंथर स्थित एक मैरिज हॉल में मौर्य समाज से जुड़े संभ्रान्त लोगों ने बैठक कर 16 अप्रैल को अखंड भारत के निर्माता चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती समारोह मनाने को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया। समाजसेवी रजनीश मौर्य ने बताया कि सम्राट अशोक की जयंती समारोह मौर्य स्टेट मैरिज लॉन मौर्य नगर पुंथर में दोपहर 1 बजे से धूमधाम से मनायी जाएगी। अतिथि के रूप में डॉ. आरएस मौर्य, संतराम मौर्य, हरिराम मौर्य मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रधान राजकुमार मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष जन अधिकार पार्टी धर्मेंद्र मौर्य, मंजीत मौर्य, वैभव, नरेश मौर्य, जितेंद्र मौर्य, चंदन मौर्य, सुनील कुमार सहित दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

ईद मिलन समारोह | हंसवर स्थित भूलेपुर में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

बरकरार रहनी चाहिए सौहार्द की मिठास

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : कौमी एकता व आपसी भाईचारे के रिश्ते की डोर को मजबूत करने के मकसद से हंसवर स्थित भूलेपुर में ईद मिलन समारोह का आयोजन शादाब अनवर अंसारी की सरपरस्ती में किया गया।

इस मौके पर मुहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मुहम्मद असलम खान ने कहा कि ईद मिलन का आयोजन आपसी सौहार्द और भाईचारा की अनूठी मिसाल पेश करता है। हिंदू-मुसलमान एक गुलदस्ते की तरह हैं। हमारे बीच सदियों पुराने आपसी सौहार्द की मिठास बरकरार रहनी चाहिए। समारोह का मकसद समाज के सभी वर्गों के लोगों को आपस में जोड़कर राष्ट्रीय एकता की नींव को मजबूत करना है। शादाब अनवर ने कहा कि भारत दुनिया का ऐसा देश है जहां अलग-अलग धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं। विश्व में शांति व सद्भाव लाने के लिए सभी धर्मों के अनुयायियों की भावनाओं का सम्मान किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखने पर जोर दिया गया। इस मौके पर इकरामुल हक भूलेपुरी, जमीर भूलेपुरी, असलम भुसावली, अव्वल भूलेपुरी, रागिब अंसारी, आरिज अंसारी, अतीक अंसारी, अशरफ अंसारी, डॉ. नसीम, मुहम्मद अहमद, काशिफ कमर, मुहम्मद कफील, मुहम्मद शोएब, शाह हबीब समेत अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते शिक्षक मुहम्मद असलम खान। अमृत विचार

नहाते समय सरयू नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : सरयू नदी में अपने पोते के साथ नहाने के लिए गया वृद्ध डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही नदी के किनारे लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर उपजिलाधिकारी सदानन्द सरोज, सीओ आरबी सिंह, थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटों मशक्कत के बाद वृद्ध का शव निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव स्थित सरयू नदी के तट का है। सराय नीलकंठ निवासी 62 वर्षीय राम खिलाड़ी नदी में अपने पोते के साथ नहाने के लिए गया हुआ था। नदी में नहाने के दौरान वह डूबने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने वृद्ध को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहे। सूचना पर पहुंची जहांगीरगंज पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नदी में डूबे वृद्ध के शव को घंटों की मशक्कत के बाद बरामद किया। आलापुर तहसीलदार ने भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मौके पर मौजूद लोग।

एक नजर

अवध केसरी सेना ने वृद्ध आश्रम में बांटे फल

बेलसर, अमृत विचार : अवध केसरी सेना के सदस्यों ने पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरित किया। रविवार को सेना के सदस्यों ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बृद्धआश्रम में बृद्ध जनों को फल वितरित किया। सभी सदस्यों ने सेवा का व्रत लिया। कहा कि अब सेना गरीब असहाय जन सामान्य के हर दुख में साथ खड़ी रहेगी। उनकी हर संभव मदद करेगी। नीरज सिंह, राष्ट्रीय संरक्षक, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सूरज उपाध्याय, धनञ्जय सिंह, जिला अध्यक्ष विक्की सिंह, अमित शुक्ल, नील ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष, अखंड सिंह, प्रवीण सिंह रहे।

लापता युवक को पुलिस ने खोज निकाला

रुपईडीह, अमृत विचार : डेढ़ सप्ताह पहले घर से गायब हुए कौड़िया के सहजनवा गांव निवासी लक्ष्मी नारायण शुक्ल (32) को पुलिस ने खोज कर उनके परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि इस घटना की रिपोर्ट उसकी पत्नी नीतू देवी ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि युवक की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी। इसी क्रम मे पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत गुप्त द्वारा स्वजन के सहयोग से उन्हें ढूंढा जा रहा था। वह पुलिस को अचानक गांव के निकट दिखाई दिया। पुलिस ने उन्हें परिजनों को सौंप दिया।

जन आरोग्य मेले में 25 लोगों का उपचार

रुपईडीह, अमृत विचार : पीएचसी मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस मेले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी वीर बहादुर सिंह द्वारा 25 मरीजों का उपचार किया गया।

भक्तों की आस्था का केंद्र माता मुंगरौल देवी मंदिर

पिंडी रूप में प्रकट हुईं थीं देवी, दूरदराज से दर्शन-पूजन के लिए बड़ी संख्या में आते हैं श्रद्धालु

पिंडी रूप में विराजमान मुंगरौल देवी।

मुंगरौल देवी मंदिर पर बना रैन बसेरा। अमृत विचार

संवाददाता, धानेपुर

अमृत विचारः मुजेहना के मुंगरौल में बना मां मुंगरौल देवी का स्थान भक्तों की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों की मनोकामना को माता पूरा करती है। माता मुंगरौल का प्राकट्य आज भी रहस्य है और उनके प्रकट होने का कोई निश्चित समय नहीं नहीं है। माना जाता है कि करीब तीन सौ वर्ष पहले माता यहां पिंडी रूप में प्रकट हुई थीं। आगे चलकर उन्हे मुंगरौल देवी का नाम दिया गया। यहां मां के भक्त दूरदराज इलाकों से भक्त यहां आते हैं और मां की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर मुंगरौल गांव के जंगलों में सैकड़ों वर्ष पहले मां पिंडी रूप में प्रकट हुई थी। रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों ने जब एक विशाल नीम के पेड़ के नीचे पिंडी उभरी हुई देखी तो आश्चर्य में पड़ गए। इस पिंडी में उन्हें मां की आकृति दिखाई दी। इसके बाद से इस स्थान पर देवी की पूजा प्रारंभ हो गई। आगे चलकर इन देवी को माता मुंगरौल का नाम दिया गया। मंदिर के पुजारी देवी प्रसाद का कहना है कि प्रतिवर्ष नवरात्र में यहां दूरदराज से भक्त आते हैं और मां की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। मुंगरौल के भाजपा की पूर्व जिलामंत्री चंद्र प्रकाश शुक्ला का कहना है कि जो व्यक्ति भाव से मां के दर पर आया वह खाली हाथ नहीं लूटा पूरे वर्ष यहां यज्ञोपवीत, मुंडन और श्रीमद्भागवत कथा जैसे कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।

पर्यटन विभाग ने मंदिर में कराया है रैन बसेरे का निर्माण

जंगल के बीच मां का मंदिर होने से यहां श्रद्धालुओं को पहुंचने में पहले काफी कठिनाई होती थी। इस कठिनाई से निजात दिलाने के लिए यहां विसेन वंश के युगलदत्त विसेन ने वर्षों पहले श्रद्धालुओं के लिए रैन बसेरे का निर्माण कराया था और मां के भंडारे के लिए इलाहाबाद बैंक की धानेपुर शाखा में एक खाता खोलकर 25 हजार रुपये प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भण्डारे के खर्च के लिए दान स्वरूप जमा कराई थी। बाद में स्थानीय विधायक व प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री रहे घनश्याम शुक्ल के अनुरोध पर यहां पर्यटन विभाग ने रैन बसेरा बनवाया था। इसी क्षेत्र के पूर्व विधायक रहे स्व. रामपाल सिंह ने भी पौत्र की प्राप्ति पर मंदिर के चहरदीवारी का निर्माण कराया था। वर्तमान में मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी द्वारा इस रैन बसेरे के मरम्मत का काम कराया गया है। विधायक ने मंदिर तक इंटरलॉकिंग भी लगवाई है और रैन बसेरे में टाइल्स भी लगवाई है।

अद्वैत स्वरूप आश्रम में कृष्ण की बाललीला का किया वर्णन

संवाददाता, परसपुर

अमृत विचारः नगर पंचायत के अद्वैत स्वरूप आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ में अयोध्या से पधारे पंडित हरिविजय ने पांचवें दिन भगवान के बाल लीला की कथा सुनाई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलकर समाज सेवा में लोगों को आगे आना चाहिए। धर्म के मार्ग को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। धर्म की स्थापना से ही मानव जाति का कल्याण होता है। मानव जब इस संसार में जन्म लेता है तो चार व्याधि उत्पन्न होते हैं। रोग, शोक, वृद्धापन और मौत मानव इन्हीं चार व्याधियों से घिर कर इस मायारूपी संसार से विदा लेता है। अपने आप को सांसारिक बंधन में जितना बंधोगे उतना ही पाप के नजदीक पहुंचेगा। इसलिए सांसारिक बंधन से मुक्त होकर परमात्मा की शरण में जाओ तभी जीवन रूपी नैय्या पार होगी।

आज के दौर में परेशानी और अविश्वास बढ़ता जा रहा है। इससे समाज में खींचतान, स्वार्थ, लोभ, दुख. पतन, विकृतियों का अम्बार लगा हुआ है। ऐसे में समाज को युग के अनुरूप दिशा चिंतन, व्यवहार, परमार्थ के लिए हृदय में परिवर्तन के लिए श्रीमद भागवत कथा पुराण का आयोजन किया जाता है।

भक्तों ने की मां कात्यायनी की पूजा

मंदिरों में सुबह से ही लग गई श्रद्धालुओं की भीड़, भक्ति गीतों से गूंजा परिसर

मां की पिंडी व पुजारी। अमृत विचार

मां खैरा भवानी मंदिर में लगी भक्तों की कतार। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः नवरात्र के छठे दिन रविवार को जगत जननी आदिशक्ति जगदंबा के छठे रूप कात्यायनी देवी की पूजा भक्तों ने की। सुबह से ही पूजन में झूठे श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर मां की आरती उतारी। घर व मंदिरों में सुबह से ही जय जयकार हो रही है। श्रद्धालु अगरबत्ती धूप, चंदन की खुशबू से वातावरण को भक्ति में बना रहे हैं। नगर स्थित काली भवानी मंदिर, खैरा देवी, मनसा देवी, बहराइच रोड स्थित बेलाही माता, सेमरा गांव स्थित सेमरा माता सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही लोग पहुंच कर मा की स्तुति कर रहे हैं। श्रद्धालु, मंदिर परिसर में दुर्गा चालीसा मां के भक्ति गीत को गाकर मां को रिझा रहे हैं। मां दुर्गे के छठे रूप में मां कात्यायनी को महिषासुर मर्दिनी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार महर्षि का कात्यायन कठोर तपस्या से मां को प्रकट किया और उनसे अपनी इच्छा प्रकट की। इस पर माँ ने उनको आशीर्वाद दिया कि उनके घर पुत्री के रूप में आएंगे। मां ने जन्म लिया और असुरों का संघार किया। नवरात्रि के छठे दिन लोगों ने पूजा पाठ कर माँ की आरती उतार कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी जा रही है।

प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलशयात्रा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः मंदिर श्रृंगार कुंज ठाकुरद्वारा राम जानकी मंदिर राजा मोहल्ला में विधि-विधान के साथ 108 कलश यात्रा एवं गाजेबाजे के साथ लोग नाचते गाते प्रभु राम को उनके पूर्व की स्थान श्रृंगार कुंज राजा मोहल्ला में स्थापित किया गया। मंदिर में पंचमुखी हनुमान एवं श्री चित्रगुप्त की प्राण-प्रतिष्ठा एवं अनुष्ठान करने के लिए अयोध्या से आए पुरोहित द्वारा शुरू किया गया।

रविवार को कलशयात्रा निकली गयी जिसमें सैकड़ों पुरुष व महिला भक्तों ने प्रतिभाग किया। कलश यात्रा को सफल बनाने में गायत्री परिवार एवं श्री चित्रगुप्त सभा, अखिल भारतीय कायस्थ समाज, चित्रांश समाज के अरविंद श्रीवास्तव, अश्विनी श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा, विवेक श्रीवास्तव, हर्षवर्धन, गगन, प्रमोद, दिनेश, पवन, नगर सभासद मनोज मिश्रा, अवध नंदन वर्मा, अलंकार सिंह आवास विकास के सभासद शशांक श्रीवास्तव छोटू आदि ने योगदान रहा। श्रृंगार कुंज के ट्रस्टी नवीन चन्द्र किशोर ने भाव विभोर होकर कहा कि आज अपने भगवान राम को पुनः अपने स्थान पर लाने में समाज के समस्त प्रभुत्व वर्गों का अहम योगदान रहा। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। बताया कि तीन दिन की अनुष्ठान के पश्चात 17 अप्रैल रामनवमी को भगवान जन्म के दिन एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

मंगल कलशयात्रा निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

गायत्री धाम सिसवा में यज्ञ आयोजित

संवाददाता, मनकापुर

अमृत विचारः अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मनकापुर ब्लॉक स्थित गायत्री गौ धाम सिसवा के संयोजन में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार महोत्सव एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा आयोजन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मां गायत्री एवं सप्त ऋषियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।

प्राण-प्रतिष्ठा टोली नायक डॉ अशोक कुमार ढोके, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, भाव सिंह और गणपति वैष्णव द्वारा संपन्न किया गया। गायत्री गोधाम के सेवक देवी प्रसाद शुक्ला ने बताया मां गायत्री की 51 इंच की प्रतिमा को जयपुर से मंगाया गया। गायत्री गोधाम सिसवा द्वारा गायत्री शक्तिपीठ के रूप में साधना, ऋषि संस्कृति प्रज्ञा गुरुकुल के रूप में शिक्षा और संस्कार तथा करुणा गौशाला के रूप में गौ सेवा के तीन प्रकल्पों का संचालन किया जा रहा है। यज्ञ आयोजन परिसर में गोरखपुर दक्षिणांचल मां गायत्री रचनात्मक ट्रस्ट द्वारा युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित जीवनोपयोगी साहित्य की पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई है। इस मौके पर देशबंधु तिवारी, ठाकुर प्रसाद तिवारी, विद्या प्रसाद शुक्ला, मुकेश झुनझुनवाला, नरेंद्र देव त्रिपाठी, मंजू पांडेय, पुष्पा पांडेय, राहुल देव त्रिपाठी, संजय मिश्रा सहित भारी संख्या में गायत्री परिजन मौजूद रहे।

यज्ञ में आहुति देते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

संकुल शिक्षकों की कार्यशाला आज

रुपईडीह, अमृत विचारः समग्र शिक्षा योजना के तहत ब्लॉक के संकुल शिक्षकों की एक द्विवसीय कार्यशाला सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित की जाएगी।

ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में सभी संकुल शिक्षकों को विद्यालय में चलाए जा रहे एफएलएन कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए प्रशिक्षकों की ओर से विभिन्न प्रकार के तौर तरीकों से अवगत कराया जाएगा ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में सभी शिक्षक संकुल को प्रतिभाग किए जाने का निर्देश दे दिया गया है।

रामनवमी: अयोध्या नहीं जा सकेंगे वाहन

गोरखपुर, लखनऊ और प्रयाग समेत अन्य स्थानों के लिए रहेगा रूट डायवर्जन

गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः चैत्र रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की बढ़ती भीड़ को लेकर सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने को जिले में कई मार्गों पर डायवर्जन रहेगा। 15 अप्रैल को दो बजे से 19 अप्रैल तक अयोध्या की ओर जाने वाले वाहनों का रूट बदला रहेगा।

गोरखपुर व संतकबीरनगर से आने वाले वाहन बांसी, मेहदावल, डुमारियागंज, उतरौला, गोण्डा, जरवल रोड, रामनगर, मसौली, बाराबंकी होते हुए लखनऊ जायेंगे। बलरामपुर, बहराइच, गोंडा और श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहन गोंडा जरवल रोड से रामनगर, मसौली, बाराबंकी होते हुए लखनऊ जायेंगे। लखनऊ, बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहनों को बाराबंकी से रामनगर, जरवल रोड, करनैलगंज, गोण्डा होते हुए गंतव्य के लिए डायवर्जन किया जा रहा है। बस्ती की ओर से आने वाले वाहनों को लोलपुर से नवाबगंज, गोंडा की ओर डायवर्जन किया जायेगा। गोण्डा की ओर से नवाबगंज जाने वाले वाहनों को लकड़मंडी से लोलपुर होते हुए बस्ती की ओर डायवर्जन किया जायेगा। 16 अप्रैल दोपहर दो बजे से 17 अप्रैल की रात 12 बजे तक अयोध्या की ओर जाने वाले छोटे, हल्के वाहन कार/जीप का भी रूट बदला रहेगा। लखनऊ की ओर से आने वाले व गोंडा, बलरामपुर, बस्ती की ओर जाने वाले वाहनों को नेशनल हाइवे-27 सोहावल रौनाही फ्लाईओवर से बाएं सर्विस लेन होकर बाएं से ढेमवाघाट से नवाबगंज होते हुए गंतव्य को जायेंगे। लोलपुर ओवरब्रिज गोंडा से अयोध्या आने वाले वाहनों को ओवरब्रिज चढान बस्ती की ओर, लोलपुर अंडरपास से लकड़मंडी, नवाबगंज की ओर रवाना किया जायेगा। मालवाहक वाहन जिन्हें गोंडा से नवाबगंज होकर अयोध्या, बस्ती, संतकबीरनगर नगर, गोरखपुर, अंबेडकरनगर आदि को जाते हैं उन्हें पुलिस चौकी दर्जी कुआं से ही मोतीगंज-मनकापुर मार्ग होते हुए गंतव्य रवाना किया जाएगा। बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर व अंबेडकरनगर जाने के लिए तीन मार्ग तय किये गये हैं। रूट-ए जो वाहन दर्जी कुआं से डायवर्ट किये जायेंगे, उन्हें झिलाही रेलवे क्रासिंग होते हुए मनकापुर- उतरौला रोड, डुमरियागंज होकर गंतव्य को प्रस्थान करेंगे। रूट-बी जो वाहन दर्जी कुआं से मोतीगंज-मनकापुर मार्ग से डायवर्ट किये जायेंगे उन्हें मोतीगंज, मनकापुर-मसकनवा बाजार, बभनान होकर गंतव्य को प्रस्थान करेंगे। रूट-सी-जो वाहन दर्जीकुआ से मोतीगंज-मनकापुर मार्ग से डायवर्ट किये जायेंगे उन्हें आवश्यकता प्रतीत होने पर मनकापुर-कोल्हमपुर मार्ग होते हुए लोलपुर पुल की तरफ डायवर्ट कर बस्ती को प्रस्थान करेंगे।

नहीं रहे मनकापुर राजघराने के विक्रम सिंह

कुंवर विक्रम सिंह। (फाइल फोटो)

घर के बाहर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

मनकापुर, अमृत विचारः रविवार को मनकापुर राजघराने के कुंवर विक्रम सिंह (45) की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। सूचना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। नगर क्षेत्र के तमाम प्रतिष्ठित व्यवसाइयों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। मनकापुर राजघराने व भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के चचेरे भाई पूर्व चेयरमैन मनकापुर व गौरा विधानसभा से प्रत्याशी रहे कुंवर विक्रम सिंह की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। रविवार सुबह जब देर तक पूर्व अध्यक्ष सो कर मनकापुर मंगल भवन स्थित अपने कमरे से बाहर नहीं निकले तब लोगों ने उनको जगाने के लिए भैया भैया कहकर आवाज लगाई। कमरे के अंदर से जवाब न मिलने के कारण लोगों को उनके तबियत खराब होने की आशंका हुई। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर उन्हें देखा गया, तो लोग आवक रह गए। आनन फानन में विक्रम सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि हृदय गति रुकने से उनकी मौत हुई है। पूर्व कृषि मंत्री राजा आनंद सिंह व कुंवर विक्रम सिंह के पिता डॉ विनय सिंह चचेरे भाई थे, इस प्रकार से वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह और कुंवर विक्रम सिंह भाई भाई का संबंध था।

निर्विरोध नगर अध्यक्ष बने थे कुंवर विक्रम

कुंवर विक्रम सिंह वर्ष 2012 से वर्ष 2017 तक मनकापुर नगर पंचायत अध्यक्ष के पद पर आसीन रहे। कार्यकाल समाप्त होने के बाद से उन्होंने मनकापुर नगर अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में उतरना उचित नहीं समझा। इसके बाद वह गौरा विधानसभा क्षेत्र से 2019 में निर्दलीय प्रत्याशी रहे। लेकिन इस दौरान उन्हें सफलता नहीं मिली। लोगों की मानें तो कुंवर विक्रम सिंह आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गौरा विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर तैयारी कर रहे थे।

लड़की को अगवा करने वाला गिरफ्तार

खरगूपुर, अमृत विचारः नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मंगलवार को एक व्यक्ति ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था कि उसकी नाबालिग लड़की को पटखौली निवासी अनोखीलाल उर्फ छोटू पुत्र चेतराम बहला फुसलाकर भगा ले गया है। युवक को उपनिरीक्षक धीतेन्द्र सिंह आदि ने रविवार को भगवान दीन पुरवा चौराहे से गिरफ्तार किया है। आरोपी को विरुद्ध बहला फुसलाकर भगा ले जाने, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द किया गया है।

नेताओं पर कार्रवाई के बाद बढ़ी चौकसी

बेलसर, अमृत विचारः बड़े नेताओं पर हुई कार्रवाई के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन काफी अलर्ट मोड पर देखा गया, हालांकि चौकी प्रभारी ने स्पष्ट कुछ भी बताने से इनकार किया। कहा जुलूस निकाले जाने की गोपनीय सूचना पर बाहर से पुलिस मंगाई गई है।

हाल ही में जिले के कई नेताओं पर अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गई। वहीं जिले के अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारियों को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है कि जब चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा था तो पुलिस क्या कर रही थी। इस कार्यवाही के बाद रगड़गंज बाजार में रविवार की सुबह अचानक पुलिस की चौकसी को देखकर लोगों ने तमाम तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। कुछ लोगों का मानना था कि कोई बड़ा मामला होने वाला है, जबकि कुछ लोग इसे राजनीतिक हलचल का एक हिस्सा मान रहे थे। चाय की दुकान पर बैठे अनिल ने बताया कि सुबह से पुलिस की हलचल बढ़ गई है। भारी संख्या में पुलिस मौजूद है। वहीं चौराहे पर भी चौकी प्रभारी सुनील तिवारी तरबगंज थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर चौराहे पर निगरानी कर रहे हैं। कोई विशेष बात जरूर हो गई है। हालांकि इस संबंध में जब चौकी प्रभारी सुनील तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस प्रकार का कोई मामला नहीं है। सुबह गोपनीय सूचना मिली कि कस्बे में कुछ लोग बिना अनुमति के जुलूस निकालना चाहते हैं। इसलिए बाहर से पुलिस बल मंगाना पड़ा है स्थिति पर नजर रखी जा रही।

रगड़गंज चौराहे पर तैनात पुलिस। अमृत विचार

अनदेखी तहसील मुख्यालय होने के बावजूद करनैलगंज को वर्षों से है बस स्टेशन की दरकार

कहने को है बस स्टॉप लेकिन सुविधाओं का अभाव

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज

अमृत विचारः तहसील मुख्यालय होने के बावजूद करनैलगंज को वर्षों से बस स्टेशन की दरकार है। कहने को तो बस स्टॉप है, लेकिन नजर कहीं नहीं आता। सड़क के कुछ हिस्से को ही लोगों ने बस स्टॉप का नाम दे रखा है। जहां बसें रूकती है और यहीं से सवारियां उतरती और चढ़ती है। यात्रियों को रोड के किनारे खड़े रहकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। करीब 40 वर्ष पूर्व यहां नगर के नाम पर सरकारी बस स्टॉप होने का दर्जा दिया गया।

यात्रियों में अजय कुमार, दिनेश कुमार सिंह, प्रतिभा सिंह, रचना, शिल्पी, अशोक कुमार आदि का कहना है कि इस बस स्टॉप पर दिन हो या रात कोई भी यात्री सुरक्षित नहीं है। जिला मुख्यालय के बाद सर्वाधिक यात्री वाले इस बस स्टॉप को वर्ष 1981 में रोडवेज बस स्टॉप घोषित किया गया। तभी से यहां बसों का स्टॉपेज होता है।

इसी बस स्टॉप से कटरा बाजार, परसपुर, कौड़िया, भग्गड़वा, हुजूरपुर, चचरी, शाहपुर, पसका क्षेत्र के यात्री करनैलगंज से ही बस पकड़ने के लिए दूरदराज से आते हैं। तहसील मुख्यालय होने के नाते तमाम कर्मचारी एवं रेलवे, तहसील, ब्लाक, बैंक, विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी भी बसों से यात्रा करते हैं। इस बस स्टॉप पर आज तक न तो यात्रियों के बैठने की या विश्राम करने की या उनके पेयजल की या धूप, बरसात, ठंड से बचने की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि इसके पूर्व विधानसभा और पांच वर्ष पूर्व लोकसभा के चुनाव में भी लोगों द्वारा मांग उठाई गई थी कि यहां यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाए। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई।

करनैलगंज का बस स्टॉप। अमृत विचार

नगर परिषद ने बनवा रखा है यात्री प्रतीक्षालय

नगर पालिका परिषद करनैलगंज द्वारा यात्री प्रतीक्षालय के लिए एक छोटा सा कक्ष बनवाया गया जो एक तरफ ही है जिसमें मात्र 15 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। यात्रियों के लिए कोई भी सुविधा वहां नहीं है।

प्रतिदिन तीन सौ बसों का होता है आवागमन

इस बस स्टॉप से होते हुए प्रतिदिन करीब तीन सौ बसें लखनऊ, दिल्ली, कानपुर तथा गोंडा, बलरामपुर, बहराइच एवं बस्ती, गोरखपुर के लिए निकलती हैं। लेकिन सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है।

सामूहिक दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

परसपुर, अमृत विचारः तीन दिन पहले दो सगे भाईयों द्वारा नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने मुकदमा पंजीकृत कराया था कि उसकी 13 वर्षीय भतीजी के साथ दो सगे भाईयों ने गांव के एक खंडहर में बुलाकर से दुष्कर्म किया था तथा धमकाते हुए घर न बताने की हिदायत दी गयी थी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि अभियुक्त अमित कुमार उर्फ जयदेव निवासी ग्राम रमेश्वरपुरवा सुसुण्डा को डेहरास चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

सचिव को मांगपत्र सौंपते फार्मेसी शिक्षक। अमृत विचार

समस्याओं को लेकर सचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्राविधिक शिक्षा परिषद् लखनऊ उत्तर प्रदेश के सचिव अजीत कुमार मिश्र से फार्मेसी शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत अध्यापकों की समस्याओं को लेकर वार्ता की गई। गोंडा के अध्यक्ष हरि ओम सिंह ने बताया कि सचिव से वार्ता पूरी तरह सकारात्मक रही। सचिव ने एसोसिएशन की मांगों पर सहमति जताई और जल्द ही शासन को मूल्यांकन राशि एवं मूल्यांकन लिमिट को बढ़ाने के लिए पत्र लिखने का आश्वासन दिया। सिंह ने बताया कि संगठन फार्मेसी संवर्ग के अध्यापकों के हित में लगातार कार्य करता आ रहा है। इस मौके पर अजीत सिंह, अनुज भारती आदि रहे।

एक नजर

आग से दो बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

मसकनवा, अमृत विचार : अज्ञात कारण से आग लगने से गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। छपिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरीपारा के विशनोहरपुर में रामधनी वर्मा के खेत में अज्ञात कारण से आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेजी से बढ़ी कि देखते ही देखते दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। क्षेत्रीय लेखपाल विजेंद्र सक्सेना ने बताया कि रिपोर्ट आकलन कर तहसील प्रशासन को भेज दिया गया है।

अनियंत्रित होकर बाइक से गिरा युवक, हालत गंभीर

मसकनवा, अमृत विचार : मसकनवा गौरा चौकी मार्ग तेजपुर पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। शनिवार की रात मसकनवा गौरा चौकी मार्ग तेजपुर पेट्रोल पंप के पास बाइक अनियंत्रित होने से राम छत्रर पुत्र बरसाती (23) निवासी राघव बस्ती थाना खोड़ारे घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी भेजवाया।

महिला का शव मिला, कई दिन पहले हुई थी मौत

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव में एक 55 वर्षीय महिला का शव पाया गया। शव को देखकर लगा कि महिला की कई दिनों पहले मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बस्ती-अयोध्या नेशनल हाईवे पर स्थित लोलपुर गांव के पास खेत में रविवार को गांव के लोगों ने एक महिला का शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सरयू घाट पुलिस को दी।

धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

सभी दलों ने अपने-अपने स्तर से आयोजित किए कार्यक्रम, माल्यार्पण कर निकाली गई रैली

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रविवार को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। डॉ. आंबेडकर की जयंती को लेकर सभी दलों ने अपने अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं भाजपा ने पार्टी कार्यालय से लेकर बूथवार कार्यक्रम आयोजित कर आंबेडकर को पार्टी का बड़ा हितैषी साबित करने की कोशिश की।

भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. आंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया। इस उपलक्ष्य पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए। जनपद के प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किया। सुबह पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष अम रकिशोर कश्यप सहित पार्टी पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा अनुसूचित मोर्चा की ओर से आंबेडकर चौराहे पर लगी उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ सभाओं का शुभारंभ भी किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने बताया कि हर साल 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। भारतीय संविधान समाज सुधारक डॉ. बीआर आंबेडकर द्वारा लिखा गया था। जिन्हें अक्सर "बाबा साहेब" के नाम से जाना जाता है। अनुसूचित मोर्चे के संयोजक नंदकिशोर नंदू ने बताया कि मोर्चे के माध्यम से जनपद में सभी मंडलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। गोंडा विधानसभा की नुक्कड़ सभाओं को सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, विधानसभा प्रभारी जनार्दन प्रसाद तिवारी एवं विधानसभा संयोजक संदीप पांडेय द्वारा झंझरी मंडल के पांच नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया गया। मेहनौन विधानसभा की पांच नुक्कड़ सभाओं को विधायक विनय कुमार द्विवेदी विधानसभा प्रभारी रंजीत बाबा विधानसभा संयोजक डॉ रामानंद तिवारी सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। नुक्कड़ सभा के संयोजक मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने बताया कि जनपद की समस्त 452 शक्ति केदों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन भाजपा द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में अकबाल बहादुर तिवारी, रमाकांत तिवारी, राजेश राय चंदानी, अंजू सिंह खरवार, केके श्रीवास्तव, राजा बाबू गुप्ता, शशांक मिश्रा, अविनाश जायसवाल, पंकज बरवार, तपसीराम गौतम, विवेक कुमार, अनिल कुमार, अभिषेक मिश्रा, सुरेंद्र कुमार, मनीष द्विवेदी, विशाल अग्रवाल आदि रहे।

डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप।

डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयती के मौके पर प्रसाद वितरण करते लोग। अमृत विचार

रैली निकाल संविधान निर्माता को किया याद

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे जनपद में मनाई गई। विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, व सरकारी कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारियों ने डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। अम्बेडकर चौराहे पर एवं कलेक्ट्रेट सभागार में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए योगेश्वर राम मिश्रा आयुक्त देवीपाटन मंडल, अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर समेत, मुख्य राजस्व अधिकार, नगर मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने डॉक्टर अंबेडकर को याद किया। डॉ भीमराव अंबेडकर समिति के पदाधिकारी ने रैली निकालकर उनको याद किया। डा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने बाबा साहेब आंबेडकर को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने जिस समानता और भाई चारे के साथ शोषित पीड़ित वर्ग को लेकर देश के विकास की परिकल्पना की थी आज सत्ता पर काबिज लोग उसके साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रवक्ता शिव कुमार दुबे ने कहा कि जो लोग संविधान की मूल भावना से छेड़ छाड़ कर रहे हैं आगामी चुनाव में जनता उनके मकसद को कामयाब नहीं होने देगी। अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सगीर खान, सेवादल के अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला उपाध्यक्ष विनय त्रिपाठी रमन, श्रीमती संतोष ओझा एडवोकेट, अविनाश मिश्रा भानू, सभासद शाहिद अली कुरेशी, मुन्ना सहारा ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर शहर अल्पसंख्यक अध्यक्ष वसीम सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश चंद्र श्रीवास्तव, धर्म राज सिंह, सलीम कुरैशी, एनएसयूआई के जर्निल हयात, चांद खान, सफी मोहम्मद, इंद्र देव भारती, अशोक पांडेय, आदि लोग मौजूद रहे। बसपा कार्यालय पर पर कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को याद किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष मनोज कनौजिया समेत कई लोग मौजूद रहे।

डॉ. आंबेडकर की जयंती पर रैली निकालते जन संगठनों के लोग। अमृत विचार

जनपद में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी पर्व

बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारे में अरदास करतीं महिलाएं। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: नगर के प्राचीनतम संत बाबा दीदार सिंह जी द्वारा स्थापित गुरुद्वारा बड़गांव साहिब में खालसा साजना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल एवं सायं कालीन दोनों दीवानों में संगत की भारी सहभागिता रही। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान राजेंद्र सिंह भाटिया ने बताया कि सुबह के दीवान में प्रोफेसर त्रिलोचन सिंह की ओर से चल रहे श्री सहज पाठ साहिब की सम्पूर्णता हुई। वहीं सायंकालीन दीवान में सरदार राजेन्द्र सिंह भाटिया परिवार की ओर से चल रहे श्री सहज पाठ साहिब की सम्पूर्णता हुई। ज्ञानी अशोक सिंह ने बैसाखी पर्व की विस्तृत जानकारी संगत को दी। साथ ही बीबी सुदेश कौर के साथ वाह वाह गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला का गायन करके समां बांध दिया। समूह साध संगत के साथ देश और कौम की सलामती की अरदास भी की। कार्यक्रम समापन के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी वरताया गया। कार्यक्रम संचालन में सरदार चरनजीत सिंह खालसा, श्यामपाल सिंह, इन्द्रजीत सिंह, प्रभशरण सिंह, देवेन्द्र सिंह, प्रितपाल सिंह, राम तलरेजा, पम्मी सीकरी, राजेन्द्र सिंह लक्की आदि का विशेष सहयोग रहा।

गुरुद्वारा में मनाया गया बैसाखी पर्व

करनैलगंज, अमृत विचार : बैसाखी पर्व के मौके पर गुरुद्वारा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके साथ ही लंगर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। करनैलगंज गुरुद्वारा साहिब में बैसाखी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन दरबार लगाया गया। जिसमें ज्ञानी करनैल सिंह देहरादून ने गुरुग्रंथ साहिब का गुणगान किया। इसके साथ ही लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सरदार इंद्रजीत सिंह, सतनाम सिंह, डॉक्टर पुनीत सिंह, जसबीर सिंह, मनोहर सिंह, भूपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, जोगिंदर सिंह जानी, रमनदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में सिख समुदाय के महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

मम्मी-पापा का वोट बच्चों को दिलाएगा अतिरिक्त अंक

अनूठी पहल के तहत छात्र-छात्राओं को सौंपी गयी अभिभावकों को मतदान कराने की जिम्मेदारी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा जनपद में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। 15 हजार से ज्यादा मतदाताओं के शपथ कार्यक्रम, ट्रांसजेंडर संवाद, मतदान लीग, हर घर सकोरा, मंगल दल के लिए प्रतियोगिताएं, रैली, नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी के साथ ही अब एक और अनूठी पहल की गई है।

जनपद के ऐसे अभिभावक जो यहां मतदाता हैं, अगर वह वोट करते हैं तो उनके बच्चों को अतिरिक्त अंक मिलेंगे। यानी माता-पिता का वोट बच्चों को क्लास में अतिरिक्त अंक प्राप्त कराने में सहायक साबित होगा। उल्लेखनीय है कि जनपद में लोकसभा चुनाव पांचवें चरण यानी 20 मई को होना है। गोण्डा में 25.30 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 13.50 लाख पुरुष, 11.82 लाख महिलाएं और 94 ट्रांसजेंडर हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, इस चुनाव क्षेत्र में 52.2 प्रतिशत मतदान रहा था, जो कि राज्य औसत 59.21 प्रतिशत से कम था। इसी क्रम में आगामी 2024 आम चुनावों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं।

सेल्फी के साथ देनी होगी रिपोर्ट: जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले ऐसे बच्चे जो अभी मतदाता नहीं हैं, उन्हें अपने मम्मी पापा को जागरूक करना होगा। उन्होंने सुनिश्चित करना होगा कि उनके मम्मी पापा आगामी 20 मई को मतदान अवश्य करें। वहीं, ऐसे छात्र जो मतदाता हैं, उन्हें अपने मम्मी पापा के साथ ही अपना मतदान भी सुनिश्चित करना होगा। अतिरिक्त अंकों का लाभ उन्हीं छात्र/छात्राओं को प्राप्त होगा जिनके द्वारा अपने माता-माता/अभिभावक के साथ पोलिंग बूथ पर तर्जनी पर लगी इंक सहित ली गई सेल्फी समेत रिपोर्ट विद्यालय/कॉलेज में प्रस्तुत की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य इसे अपने स्तर से प्रचारित कराते हुए अनुपालन कराएंगे।

मतदान अधिकारी के रूप में लगाएं अनुदेशकों की ड्यूटी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों की ड्यूटी आगामी लोकसभा चुनाव में तृतीय मतदान अधिकारी के रूप में लगाई जा रही है, जो समस्त अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान के विरुद्ध है। उक्त बातें परिषदीय अनुदेशक कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी को दिए पत्र में कही है। उन्होंने कहा है कि तृतीय मतदान अधिकारी के रूप में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है अंशकालिक अनुदेशक तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों में आते हैं। इससे पूर्व के चुनाव में अंशकालिक अनुदेशकों की ड्यूटी प्रथम मतदान अधिकारी के रूप में लगाई गई थी, जिसमें अंशकालिक अनुदेशकों ने भरपूर योगदान भी दिया था।

नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये की ठगी, मुकदमा हुआ दर्ज

मनकापुर, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार लोगों के विरुद्ध नौकरी का झांसा देकर छह लाख रुपए की ठगी करने के मामले में केस दर्ज किया गया है।

अभिषेक प्रजापति ने बताया कि उनसे नौकरी दिलाने के नाम पर राजेश कुमार, आनंद कुमार, अवधेश कुमार निवासी थाना पयागपुर के ग्राम शम्भू टिकरी व विजय कुमार सिंह निवासी थाना उमरी बेगमगंज के ग्राम मुकुंदपुर ने छह लाख की धोखाधड़ी कर ली गयी है। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें रेलवे, स्वास्थ्य विभाग और अन्य सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा दिया है। इसके बदले में जालसाजों ने पीड़ितों से छह लाख लिए। अभिषेक के अनुसार राजेश कुमार से उनकी मुलाकात किसी दूर के रिश्तेदार के यहां तीन साल पहले हुयी थी। जिस पर आरोपी राजेश ने अपने आपको सीबीआई में बड़े पद पर कार्यरत होना बताया था। उसने कई विभागों में नौकरी दिलवाने की बात भी कही। उसकी बातों पर विश्वास करते हुए रेलवे में टीटी के पद पर नियुक्ति दिलाने के लिए आरोपी ने पैसों की मांग की जिसके लिए पीड़ित ने अपने साथ पांच अन्य को भी नौकरी लगाने के लिए कहा जिसके लिए आरोपी राजेश को तीन लाख बीस हजार रुपये अलग अलग खातों से उसके खाते में भेजा गया व दो लाख अस्सी हजार रुपये मिलकर नगद दिया गया। आरोप है कि पीड़ितों को मेल व मैसेज द्वारा बराबर आश्वासन दिया जाता रहा तथा बराबर गुमराह किया जाता रहा। आरोपी विजय की पकड़ बताते हुए जगह खाली होने पर भर्ती करवा देने का आश्वाशन मिलता रहा। काफी दिन बीतने के बाद जब पीड़ित आरोपी के घर गया तो आरोपी राजेश के पिता आनंद ने भी बेटे को सीबीआई में होना बताया और कहा पैसा देते रहो जल्द सभी की नौकरी लग जायेगी।

देवरिया कला में आज से शुरू होगा सड़क निर्माण

रुपईडीह, अमृत विचार: ब्लॉक की ग्राम पंचायत देवरिया कला में पूर्वांचल विकास निधि के तहत क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह के प्रयास से खरगूपुर इटियाथोक पक्की सड़क से मुख्य गांव को जाने वाली सड़क का निर्माण कल सोमवार से शुरू कर दिया जाएगा। प्रधान प्रतिनिधि प्रेमधर उपाध्याय ने बताया उक्त सड़क का निर्माण किए जाने के लिए छह माह पहले क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से मांग की गई थी।

हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त में

मसकनवा, अमृत विचार: पुलिस ने टीम के साथ हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। एसओ कृष्ण गोपाल राय ने बताया हत्या के आरोप में फरार अजय कुमार की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई। न्यायालय से प्राप्त वारंट के नियमानुसार आरोपी के घर डुग्गी कर चस्पा की गई। टीम में चौकी प्रभारी अंकित सिंह, उप निरीक्षक घनश्याम वर्मा, कांस्टेबल दिलीप कुमार, अंकुल यादव, मंजू यादव रहीं।

अग्नि सुरक्षा सप्ताह को लेकर निकाली रैली

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: फायर सर्विस कार्यालय में रविवार को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। आग बुझाते समय अपनी जान गंवाने वाले फायर सर्विस के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रैली निकाल कर लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूक किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राम सुमेर त्रिपाठी ने कहा 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर अग्निकांड बचाव में 66 फायर कर्मी शहीद हो गए थे। उनकी याद में प्रत्येक वर्ष स्मृति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने शहीद हुए जवानों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत गांवों में लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। फायर सर्विस के जवान अपनी ड्यूटी तो करते ही हैं उनका सामाजिक जीवन में भी महती भूमिका निभानी होती है। सभी अपने-अपने क्षेत्र में आमजन को आग से बचने की जानकारी जरूर दें, ताकि भीषण आपदा से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि आग लगने पर कुछ नहीं बचता है। इसके अलावा यदि कोई और आपदा आती है तो व्यक्ति के पास संभालने का मौका रहता है। केवल अग्निकांड ही ऐसी आपदा है जिसमें व्यक्ति का सब कुछ समाप्त हो जाता है। इसलिए सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता के साथ करें। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी द्वितीय नितेश शुक्ला फायर कर्मचारियों में राम अवतार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी लोगों ने शहीद हुए फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

अग्निशमन सेवा स्मृति में फायर टेंडर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

बहला-फुसलाकर छात्रा को अगवा किया, मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने एक दुकानदार पर अपनी नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी सोलह वर्षीय लड़की शुक्रवार की सायं अयोध्या के एक स्कूल में पढ़ कर वापस आई। थोड़ी देर के बाद घर से स्कूटी लेकर कटरा शिवदयाल गंज बाजार चली गई। काफी देर तक जब वापस नहीं आई तो उसकी खोजबीन शुरू की गई तो उसकी स्कूटी शिवदयाल गंज बाजार में राजा स्टूडियो के सामने खड़ी मिली। पीड़ित ने बताया कि उसकी लड़की स्टूडियो की दुकान पर अक्सर आती जाती थी। स्टूडियो के मालिक के सहयोग से उसके सहयोगी ने उसकी लड़की को शादी करने की नियत से बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

हनुमान शरण शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते परिजन।

हनुमान शरण शुक्ल की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

तरबगंज, अमृत विचार : पंडित जगत नरायन शुक्ल ग्रामोदय महाविद्यालय के संस्थापक हनुमान शरण शुक्ल की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 14 अप्रैल को डा आंबेडकर जयंती पर जिला पंचायत सभागार के सामने आयोजित कार्यक्रम में मंच पर ही शुक्ल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुक्ल की याद में महाविद्यालय के मुख्य परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है। उसी के समक्ष पूर्व सदस्य जिला पंचायत एवं महाविद्यालय की प्रबन्धक मंजू शुक्ला एवं स्वर्गीय शुक्ल के ज्येष्ठ पुत्र विश्वजीत शरण शुक्ल ने हवन पूजन कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विश्व दीपक शरण शुक्ल, अतिंद्र शुक्ल, राजीव शुक्ला, शिव बहादुर शुक्ला, विश्वदीप शुक्ला, हनुमंत लाल शुक्ला, देवनाथ तिवारी, देवी श्याम शुक्ला, राम दयाल तिवारी, सूरज गुप्ता, महेश पांडे, पप्पू चौहान समेत महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

लापरवाही | ग्रामीणों ने कहा-धरातल पर नहीं उतर पा रहीं विकास की योजनाएं

आधे से अधिक हैंडपंप खराब, अफसर मौन

संवाददाता, बेलसर

अमृत विचार: अप्रैल महीने में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। गांव में स्वच्छ पानी से प्यास बुझाने वाले अधिकांश हैंड पंप खराब हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारियों से अधिकारी किनारा कर रहे हैं।

खंड विकास बेलसर में तैनात अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण उनके मातहत अधिकारी, कर्मचारी निरंकुश हो गए हैं। जिसके कारण विकास योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। इसकी बानगी देखने के लिए हम आपको ग्राम पंचायत गोपीपुर ले चलते हैं। यहां पर दलित बस्तियों के अधिकांश हैंड पंप खराब हैं। पानी की टंकी निर्माणाधीन है। ऐसे में जनता अपनी प्यास कैसे बुझाए।

बेलसर के गोपीपुर में लगा हैंडपंप।

गोपीपुर के गाना पुरवा निवासी संवल बिहारी मिश्र ने बताया कि बीते तीन साल से हैंड पंप खराब था, कई बार सूचना देने के बाद भी हैंड पंप ठीक नहीं कराया गया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर सूचना के बाद हैंड पंप रिबोर करा दिया गया। जल निकासी के लिए सोखता का गड्ढा खोदवा दिया गया, लेकिन निर्माण नहीं कराया गया। हैंडपंप का पार्ट भी नहीं बंधवाया गया जिससे पूरे परिवार के सामने पेय जल संकट बना हुआ है। इसी ग्राम पंचायत के शिव चंदर पासी ने बताया कि उनका हैंडपंप तीन साल से खराब है, लेकिन अभी तक सही नहीं हो सका है। छोटू ने बताया कि उनका हैंडपंप तीन साल से खराब है, पड़ोसी के घर से पानी ला कर पानी पीना पड़ रहा है। ठेकिया निवासी पंचम ने बताया कि दो साल से हैंडपंप ठीक करने की बात कर रहे हैं लेकिन अभी तक ठीक नहीं किया गया है। बालक राम ने बताया कि उनका हैंडपंप दो साल से खराब है। गोपीपुर के श्रीराम, रघुवर दयाल, पूरे उमापति के काली स्थान पर लगा हैंडपंप छह माह से खराब है। खंड विकास अधिकारी विजय कांत मिश्र ने कहा कि हमें इसके बारे में जानकारी नहीं है। सहायक विकास अधिकारी से बात कीजिए। सहायक विकास अधिकारी गिरजेश पटेल ने कहा कि जब मीटिंग बुलाई जाएगी तो जानकारी जुटाने के बाद पता चलेगा कहां हैंडपंप खराब है।

सड़क पर बह रहा नाली का पानी, आक्रोश

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद की जल निकासी व्यवस्था चौपट है। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। आने जाने वाले लोगों को समस्या हो रही है। मोहल्ला वासी बार-बार नगर पालिका के कर्मचारियों को समस्या से अवगत करा रहे हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन इस समय संचारी रोग नियंत्रण को लेकर अभियान चला रहा है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अपने आसपास जमीन पर पानी को जमा ना होने दें। यदि इकट्ठा होगा तो उससे बीमारी फैलने की आशंका है। लेकिन नगर पालिका परिषद गोंडा की लापरवाही के चलते हजारों की आबादी जल जनित रोग की चपेट में कभी भी आ सकती है। पखवाड़े भर से नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। इस पानी के बीच होकर महिलाएं बच्चे आ जा रहे हैं। नवरात्र का महीना चल रहा है इसमें साफ सफाई का दावा प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। कहीं भी गंदगी न रहे इसको लेकर जिलाधिकारी की ओर से आदेश भी दिया गया है। लेकिन नगर पालिका के कर्मचारी को इन आदेशों का बहुत मायने नहीं है। स्टेशन रोड स्थित लोहिया धर्मशाला के सामने डॉक्टर ओझा की गली पर मुख्य मार्ग पर ही सड़क पर नाली का पानी बह रहा है। यहां पर रहने वाले लोगों ने समस्या से प्रशासन को अवगत कराया। लेकिन कोई ठोस निदान समस्या का नहीं हो पाया है। मोहल्ले के रहने वाले मोनू ने बताया कि 15 दिन से सड़क पर पानी बह रहा है। नालियां ओवरफ्लो हो चुकी हैं। कई बार नगर पालिका को सूचित किया गया, लेकिन कोई ध्यान ही नहीं दे रहा है। कर्मचारी आकर देख कर चले जा रहे हैं। नवरात्रि का महीना है लोग पूजा पाठ के लिए इसी नाली के पानी से होकर मजबूरी में मंदिर जा रहे हैं। प्रशासन को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। फिलहाल नाली का पानी सड़क पर बहने से मोहल्ले वासियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

शहर में इस तरह सड़क पर बह रहा नाले का पानी। अमृत विचार

एक नजर

आज गुल रहेगी तीन दर्जन ग्राम पंचायतों की बिजली

बलरामपुर, अमृत विचार। विद्युत उपकेंद्र 33/11 केबी जिगना श्रीदत्तगंज में क्षमता वृद्धि कार्य के चलते लगभग तीन दर्जन गांवों की सोमवार को लगभग 10 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। 11 केवी फीडर गौरा में विद्युत कार्य से प्रभावित ग्राम रामपुरबगनहा, पटियाला ग्रंट, गौरा खास, गोदहना, त्रिलोकपुर, गुमड़ी, चहटहवा मालुकपुर, गहिरवा, कालिंजरग्रंट, अगया बुजुर्ग, मुजहनी, बंगवा, महदेईया स्टेट, व गौरा फीडर से संबंधित क्षेत्र 11 केवी मनियरिया फीडर से संबंधित ग्राम जिगना, संझवल, बदवालिया, महुआ इब्राहिम, पडरी रैकवार, चवई खुर्द, ढोवा डाबर, इटई मैदा, गलिबापुर, श्रीदत्तगंज, कांधभारी, गुलवरिया, तिसाह, खरदौरी व मझारी की विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। यह जानकारी जिगना फीडर के जेई अमित कुमार चौधरी ने दी है।

परिवार परामर्श केंद्र में विवाद का निस्तारण

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार के निर्देशन व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई।जिसमे पारिवारिक विवाद की कई पत्रावलियां निस्तारण के लिए पेश हुई। जिसमें एक पत्रावली फातिमा बनाम जाबिर अली निवासी थाना कोतवाली देहात का सफल निस्तारण संभव हुआ। पारिवारिक विवाद निस्तारण में अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी, महिला कां0 ज्योती व हेमा का अहम योगदान रहा।

बढ़ती गर्मी के चलते बदला स्कूलों का समय

बलरामपुर। डीएम अरविंद सिंह ने जनपद में तेज धूप, भीषण गर्मी एवं लू में लगातार वृद्धि के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव ना पड़े। इसी के चलते प्लेग्रुप विद्यालय तथा कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के समस्त परिषदीय/ सीबीएसई/ आईसीएसई/ यूपी बोर्ड/ सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दिनांक 15 अप्रैल 2024 से अग्रिम आदेश तक शिक्षण का कार्य समय प्रात: 7 :30 बजे से अपराह्न 12 :30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

श्रावस्ती। श्रावस्ती नवीन मार्डन थाना क्षेत्र में हुई सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चहलवा मदरहवा निवासी अतीक अली व अंकित कुमार किसी कार्य से बलरामपुर गए थे। शनिवार रात में मिठाई लेकर दोनो बाइक से वापस घर जा रहे थे। कटरा पेट्रोल पंप के सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित हो गई और बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बाइक पलट गई। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को इकौना सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्रथमिक उपचार हालत गंभीर देखते हुए दोनो घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

राम शिरोमणि वर्मा बने सपा के प्रत्याशी

श्रावस्ती। श्रावस्ती लोकसभा से राम शिरोमणि वर्मा को सपा प्रत्याशी बनाए जाने पर चुनावी माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है। वहीं लोगों को बसपा प्रत्याशी घोषित होने का इंतजार है। बहुजन समाज पार्टी से पिछली बार 2019 के लोक सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दद्दन मिश्रा को 5320 वोटों से हराकर लोकसभा में पहुंचने वाले राम शिरोमणि वर्मा 2019 के चुनाव में भी गठबंधन के ही प्रत्याशी थे। गठबंधन का प्रत्याशी होने के कारण उन्हें यादव, अनुसूचितजाति,तथा अपने बिरादरी के काफी संख्या में वोट प्राप्त हुए थे। अभी कुछ दिन पूर्व बहुजन समाज पार्टी ने राम शिरोमणि वर्मा तथा उनके भाई को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण निष्कासित कर दिया था।

धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

सरकारी व अर्द्धसरकारी जगहों पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम, आंबेडकर चौराहे पर रैली का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। रविवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी व बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान धूमधाम से मनाई गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविंद सिंह ने भारत रत्न, भारतीय संविधान के शिल्पकार महान सामाजिक सुधारक डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंबेडकर का जीवन आदर्श एवं संघर्ष हम सभी को हमेशा प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जब कभी भी जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस हो तो डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के जीवन संघर्षों को पढ़े एवं उसको अपने जीवन में आत्मसात करें।

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा आंबेडकर चौराहे पर बाबा साहेब का 133 वां जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम व रैली का आयोजन कर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर कार्यक्रम संयोजन के नेतृत्व में दीपदान कर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद उपस्थित जनसमूह को समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौतम ने त्रिशरण पंचशील का पाठ कराया।

उतरौला नगर में डॉ. आंबेडकर जयंती शोभायात्रा में शामिल लोग।

समाजवादी पार्टी कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते लोग।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक पलटूराम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान के साथ समतामूलक समाज की संरचना की और उनके द्वारा किये गए कार्यो से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेंद्र सिंह गौतम ने कहा कि 65 वर्षों में सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, शैक्षणिक धार्मिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक एवं संवैधानिक आदि क्षेत्रों में कार्य किया और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार/समाजसेवी सर्वेश सिंह, राजेन्द्र चौधरी, गीता गौतम, ध्रुव चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी कार्यालय के लोहिया भवन में भारत रत्न डॉ. आंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत उनके जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. माणिक लाल कश्यप ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे। वह गरीब पिछड़े और दलितों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध लंबी लड़ाई लड़ी और हमेशा समानता और समता के लिए कार्य किया। उन्होंने समाज के दबे कुचले लोगों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया। उनका कहना था किसी भी देश का विकास शिक्षा से ही संभव है।

प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी ओंकार नाथ पटेल ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने संबोधन में कहा कि भारत में विश्व की सबसे मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू करने का श्रेय बाबा साहेब को ही जाता है। सभी साथी उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलते हुए राष्ट्र को मजबूत करने का काम करना चाहिए। उतरौला नगर में भारत रत्न भारतीय संविधान के शिल्पी डॉक्टर आंबेडकर का जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर में एक विशाल शोभायात्रा बजार के मुख्य मार्गों से होती हुई बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर चौराहे पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में हरीश चन्द यादव, वासू मोदनवाल, दुर्गेश मोदनवाल, मोहम्मद इदरीस राज आदि उपस्थित रहे।

आंबेडकर तिराहे पर बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोग। अमृत विचार

मारपीट मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज

श्रावस्ती, अमृत विचार। जिले की इकौना तहसील के निकट निर्माणाधीन मकान का कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नगर पंचायत इकौना की अध्यक्ष के पति ने साथियों संग मिलकर दीवार ढहा दिया। इस दौरान जमीन पर कब्जे की नीयत से न सिर्फ भूमि स्वामी से अभद्रता की बल्कि विरोध पर वहां काम कर रहे मजदूर की पिटाई भी कर दिया। मामले में इकौना पुलिस ने शनिवार देर शाम कांग्रेस अध्यक्ष व उसके तीन साथियों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

इकौना पुलिस से की गई शिकायत में इकौना बाईपास निवासी व राजकीय ठेकेदार व इकौना के प्रमुख व्यवसायी मिथलेश शुक्ला पुत्र माता प्रसाद शुक्ला का आरोप है कि उसका इकौना तहसील के निकट प्लाट स्थित है। जिस पर वह अपना मकान बनवा रहा था। 10 अप्रैल दोपहर करीब 12 बजे वहां पहुंचे पटेल नगर निवासी नगर पंचायत इकौना की अध्यक्ष गजाला चौधरी के पति व कांग्रेस जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी पुत्र हनीफ चौधरी, महावीर नगर निवासी हारून अंसारी पुत्र मोइनुद्दीन, लाजपत नगर निवासी शाह हुसैन पुत्र मुजफ्फर व इकौना बाईपास निवासी अहद पुत्र हनीफ सिद्दीकी भूमि पर कब्जे की नियत से अभद्रता करते हुए दिवार गिरा कर मारपीट किया।

घरों तथा मंदिरों में हुई मां कात्यायनी की पूजा

देवीपाटन शक्तिपीठ में मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार।

बलरामपुर, अमृत विचार। वासंतिक नवरात्रि के छठवें दिन घरों तथा मंदिरों में मां दुर्गा के छठवें स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा विधि विधान से संपन्न हुई।लोगों ने मां से सुख समृद्धि व खुशहाली का आशीर्वाद मांगा रविवार भोर पहर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। देवी पाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में लोगों ने मां पाटेश्वरी के साथ-साथ पीर रतन नाथ योगी की भी पूजा अर्चना की। इसी तरह बिजलेश्वरी देवी मंदिर, झारखंडी मंदिर, रहिया माता मंदिर, ज्वाला देवी मंदिर उतरौला सहित अन्य देवी मंदिरों में लोगों ने मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा वैदिक विधि विधान से की। घरों में भी लोगों ने मां कात्यायनी की पूजा धूमधाम से की। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने भोर पहर से ही मां की पूजा का कार्यक्रम शुरू कर दिया।

भाजपा के संकल्प पत्र को बताया जुमला

बलरामपुर, अमृत विचार। बीजेपी का संकल्प पत्र जारी होते ही सियासी बयान बाजियां शुरू हो गई है। खासकर विपक्षी दलों ने संकल्प पत्र पर तंज करना शुरू कर दिया है। कोई इसे जुमला पत्र तो कोई युवाओं, गरीबों के लिए कुछ नहीं करने वाला बताया है। विपक्षी पार्टियों के नेताओ ने कहा कि बीजेपी का संकल्प पत्र मात्र एक छलावा है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह का कहना है कि भाजपा जुमले वाली पार्टी है। रोजगार, शिक्षा, महंगाई के लिए इस संकल्प पत्र में कुछ नहीं है। रोजगार के विषय में कोई बात नहीं कही गई है। किसानों के लिए घिसी-पिटी बातें, स्वामीनाथन कमेटी का जिक्र भी नहीं किया गया। पुरानी पेंशन बहाली पर कोई कार्य नहीं किया गया।भाजपा के पास कोई नीति व सिद्धांत नहीं है। केवल धर्म के नाम डर दिखाकर लोगों का ध्रुवीकरण कर रही है।

ओंकार नाथ पटेल, प्रदेश सचिव, समाजवादी पार्टी ने संकल्प पत्र को भ्रष्टाचार के नाम पर दोहरा मानदंड बताया। हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। ना भ्रष्टाचार ना गुंडाराज कहने वाली पार्टी में यह दोनों व्याप्त है। अखंड भ्रष्टाचार और अखंड गुंडाराज यह है भाजपा सरकार। बीजेपी झूठ की पार्टी है उसके सरदार सबसे बड़े झूठे हैं। जिन्होंने देश की जनता को पूरी तरह ठगने का कार्य किया है। 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा,15 लख रुपए नगद का वादा सब झूठा निकला। चार साल की अग्निवीर योजना दिया जिसमें पिता नौकरी करता रहे और बेटा रिटायर हो जाए।पेपर लीक हो रहे हैं। हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने कहा कि रोजगार का वादा झूठा है। भ्रष्टाचार पर दोगली नीति है दूसरों के लिए अलग नीति और अपने लिए अलग नीति बना रखी है। उनकी पार्टी में जो भ्रष्टाचारी चला जाए वह दूध से धुला हो जाता है। जो भ्रष्टाचार नहीं करता है उसको ईडी, सीबीआई द्वारा फंसाया जाता है। किसानों की आय दोगुनी नहीं कर पाए। किसानों की बात करना बीजेपी को शोभा नहीं देता। यह घोषणा पत्र नहीं बल्कि अंतिम वादा है झूठ बोलने का।

अनुज कुमार सिंह।

ओंकार नाथ पटेल।

धर्मेंद्र पांडेय। अमृत विचार

सार-संक्षेप

बलरामपुर चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त

पेराई सत्र समापन अवसर पर मौजूद मिल के अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

बलरामपुर। जिले की मशहूर चीनी मिल बलरामपुर का पेराई सत्र शनिवार को समाप्त हो गया। पेराई सत्र 2023 –24 में चीनी मिल ने कुल एक करोड़ 52 लाख 41हजार कुंतल गन्ने की पेराई किया है।चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक निष्काम गुप्ता ने सुरक्षित एवं सफल पराई सत्र के लिए चीनी मिल अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दिया। एचआर हेड राजीव अग्रवाल ने बताया कि अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से सफल पेराई सत्र का समापन किया गया है। किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान किया जा रहा है। शीघ्र ही सभी किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया जाएगा। इस मौके पर योगेंद्र सिंह बिष्ट, सोमेश देव पांडे, बी एन ठाकुर, श्याम सिंह, केपी सिंह, एसपी सिंह समेत मिल के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

फायर सर्विस के शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

बलरामपुर में रैली निकालकर लोगों को आगजनी के प्रति सचेत करते फायर सर्विस के कर्मचारी।

बलरामपुर। अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर बलरामपुर फायर सर्विस विभाग में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। अग्निशमन अधिकारी अंकित कुमार ने साथियों सहित फायर सर्विस के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर क्षेत्र में रैली निकाल कर लोगों को आगजनी की घटनाओं से बचाव के टिप्स दिए गए। अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। घरों में खुले हुए ढीले बिजली के तार ठीक करा लें। खेतों के ऊपर झूल रहे हाई टेंशन विद्युत तारों की शिकायत संबंधित विभाग से कर उसे भी ठीक करि लें। अधजले सिगरेट और बीड़ी के टुकड़े फसलों व बागों में ना फेकें। आघ से बचाव के लिए खेतों और खलिहानों के किनारे पानी का उचित प्रबंध रखें।दुकानों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बालू भरी बाल्टी अवश्य रखें। साथ ही साथ अग्निशमन यंत्र भी लगवाएं।रैली में रीडिंग फायरमैन राजेंद्र प्रसाद, फायरमैन सोनू कुमार तथा अन्य फायर सर्विस के कर्मी मौजूद रहे

सीएमओ ने अनुपस्थित चिकित्सक समेत 17 का रोका वेतन

बलरामपुर में आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। रविवार को बलरामपुर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंसड़ी तथा पचपेड़वा में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल 17 कर्मी अनुपस्थित पाए गए। चिकित्सा अधिकारी डॉ महताब आलम, डॉ शहंशाह आलम, डॉ संगीता पाण्डेय सहित अनुपस्थित 17 कर्मियों का वेतन रोकने का सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने दिया।जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 2509 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। निरीक्षण के समय डॉ सुरेंद्र कुमार,डॉ विजय कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,गैंसड़ी तथा पचपेड़वा के चिकित्सक तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

श्रावस्ती में हर्षोल्लास से मनी जयंती

श्रावस्ती, अमृत विचार। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम दतराम की अध्यक्षता में डा0 अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने बाबा साहब के जन्म दिवस के अवसर उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ0 भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता भीमाबाई थीं। बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। उन्होंने कहा कि डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर सीख ले। बाबा साहब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया है। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

डॉ. आंबेडकर के चित्र पर किया गया माल्यार्पण। अमृत विचार

भाजपा जिला इकाई ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते साकेत मिश्रा। अमृत विचार

श्रावस्ती, अमृत विचार। भाजपा जिला इकाई द्वारा डॉ अम्बेडकर जी की जयंती को पूरे जिले में बड़े उत्साह के साथ समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा प्रवेश आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी जिला संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, शंकर दयाल पाण्डेय तथा संजय पटेल उपस्थित रहे।

अनदेखी

सरकारी गौशालाओं का हाल भी बद से बदतर

एनएच पर जमे छुट्टा गोवंश राहगीरों के लिए बने मुसीबत

बलरामपुर, अमृत विचार। सरकार के अथक प्रयासों के बावजूद भी छुट्टा गोवंश सैकड़ो की संख्या में कभी ओवर ब्रिज पर तो कभी रामनगर, कभी रजडेरवा चौराहे पर रात में जमे रहते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटना घटित होती रहती हैं। सुबह होते ही छुट्टा जानवर गन्ने के खेत खाने के लिए जुट जाते हैं। सैकड़ों बीघा फसल घंटों में चट कर जाते हैं। वह गेहूं के खेत में खड़ी तैयार फसल में घूमते हैं जिससे गेहूं के फसल को नुकसान पहुंच रहा है।

किसान कर्ताराम, रामानंद, राम रूप, राम लखन, शमीम, निक्के आदि सैकड़ों किसान परेशान है। वहीं सरकारी गौशालाओं में व्यवस्थाएं अत्यंत चिंता जनक है। आदम तारा के गौशाला में पशुओं को सूखा भूसा दिया जा रहा है। पानी की कोई व्यवस्था नहीं है ना तो हरे चारे की व्यवस्था है। टूटे कैमरे से ब्लॉक पर बैठे संबंधित अधिकारी व कर्मचारी झूठी निगरानी कर रहे हैं। यही हाल पचपेड़वा की कान्हा गौशाला का भी है। गायों को खाली भूसा दिया जा रहा है। तमाम गायों को कौवा नोच कर खा लिए हैं। जिंदा गायें तड़प रही हैं जिनको बोरे से ढक दिया गया है।

मातहत अधिकारी इस पर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। कई बार छुट्टा जानवरों को लेकर के खंड विकास अधिकारी से शिकायत भी की गई लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। वहीं पचपेड़वा के कान्हा गौशाला की जिम्मेदारी ईओ पचपेड़वा की है। क्षेत्र के लोगों ने डीएम से मामले का संज्ञान लेकर गौशालाओं की व्यवस्था दुरुस्त कराने तथा एन एच पर जमे गोवंशों को हटवाने की मांग की है।

बलरामपुर के पचपेड़वा क्षेत्र में एनएच 730 के ओवरब्रिज पर जमे छुट्टा गोवंश। अमृत विचार

जन कल्याण के लिए वेद मंत्रों से दी आहुतियां

श्रावस्ती, अमृत विचार। लोक मंगल की कामना एवं छल, द्वेष, तथा सामाजिक विभेद की राजनीति से दूर रखने के संकल्प के साथ बीरेंद्र बाग पैलेस भिनगा, स्थित काली मंदिर, पर सामाजिक संस्था सदभावना, के जिले के एक सैकड़ों वरिष्ठ स्वयं सेवकों ने सात हवन कुंडों, पर वेद मंत्रों के दौरान आहुतियां डाली।प्रज्वलित अग्नि को साक्षी मानकर, जाति,धर्म, ऊंच नीच, के सामाजिक विभेद के खिलाफ जन वातावरण बनाने की सर्व शक्तिमान मां भगवती से दृढ़ इच्छा शक्ति मांगी। संस्थाध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी के निर्देशन तथा श्रावस्ती जिला संगठन के प्रभारी दिनेश कुमार मिश्र के संयोजन में संपन्न कार्यक्रम की मुख्य यजमान भिनगा स्टेट कि रानी शुभाश्री एवम संरक्षक सुमेश मिश्र एडवोकेट रहे। संस्था संरक्षक द्वारा संस्था के लोगो युक्त स्मृति चिन्ह तथा केसरिया गमछा सभी वॉलिंटियर को भेंट किया।

समता मूलक समाज की स्थापना में बाबा साहेब का रहा योगदान

बहराइच/बिछिया

अमृत विचार: जिले में रविवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। रैली के साथ अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ आंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया।

उर्रा बाजार में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित करतीं डीएम।

चहलवा में निकली प्रभात फेरी।

आंबेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि समतामूलक समाज की स्थापना तथा विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान के निर्माण में बाबा साहेब का योगदान अविस्मरणीय हैं। डीएम ने कहा कि हमें इस बात का संकल्प लेना होगा कि हम जिस भी मुकाम पर हैं बिना किसी भेदभाव, ऊंच-नीच, धर्म, वर्ग एवं जाति से ऊपर उठ कर मानव कल्याणार्थ कार्य करें, हमारा यही कृत बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डीएम ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े और विस्तृत संविधान के निर्माण में योगदान देने के साथ-साथ बाबा साहेब ने नारी सशक्तिकरण, न्याय, बन्धुता, समता और स्वतन्त्रता से युक्त समाज की स्थापना का भी बाबा साहेब ने सपना देखा था जिसे पूरा करना हम सब की जिम्मेदारी है। अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को भुलाया नही जा सकता है। श्री रंजन ने कहा कि संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर हम बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलित दे सकते हैं। उधर विकासखंड मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत उतरा में स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती के मौके पर उनके चित्र पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गौतम , उपाध्यक्ष राजेश गौतम , डाक्टर केएल भारती , दीनानाथ, डाक्टर एबी शर्मा , आर पी निगम, सुनील निगम, संदीप समाज सेवी आदि लोग मौजूद रहे। ग्राम पंचायत चहलवा में भाजपा के प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद कुमार आर्य और प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली गई। संविधान निर्माता को सभी ने याद किया। इस मौके पर बलिराम ,परशुराम आदि लोग उपस्थित रहे।

ईवीएम पृथकीकरण कार्य का डीएम ने लिया जायजा

ईवीएम का निरीक्षण करतीं डीएम और मौजूद एडीएम। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला निर्वाचन कार्यालय बहराइच का निरीक्षण कर कार्यालय परिसर में संचालित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के पृथकीकरण कार्य का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव तथा अधीक्षण अभियंता जल निगम/ईवीएम प्रभारी कमला शंकर से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। विधानसभावार लगाये पंडालों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कार्मिकों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पृथकीकरण कार्य को त्रुटिरहित तरीके से पूर्ण करें। उल्लेखनीय है कि शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में डीएम द्वारा जिला सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में ईवीएम का प्रथम रैण्डमाइज़ेशन किया गया था।

बहन की फावड़े से काटकर हत्या भाई का फंदे से लटकता मिला शव

भाई-बहन की एक साथ मौत से हड़कंप, एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा

राजीचौराहा, बहराइच

अमृत विचार: जनपद के थैलिया ग्राम पंचायत के बदुवापुर निवासिनी 15 वर्षीया किशोरी की घर में फावड़ा से काटकर हत्या कर दी गई। कुछ दूरी पर ही बबूल के पेड़ से उसके भाई का शव फंदे से लटकता मिला। घटना के जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत थैलिया के मजरा बदुवापुर निवासी श्यामा देवी (15) पुत्री रामपाल की शनिवार रात फावड़ा से काटकर उसके ही घर में हत्या कर दी गई जबकि श्यामा देवी के भाई का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित बबूल के पेड़ से फंदे से लटकता मिला। इसकी जानकारी पुलिस को 10.20 बजे मिली। भाई-बहन की मौत से गांव में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को घटना की जानकारी दी। रात 11 बजे पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सीओ अनिल कुमार सिंह के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चौकीदार के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया है। भाई-बहन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिता की मौत हो चुकी है। प्रथमदृष्टया आपसी विवाद में बहन की हत्या के बाद भाई द्वारा आत्महत्या का मामला प्रकाश में आ रहा है। लेकिन जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। मां और भाई घर से फरार प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुंशीलाल और श्यामा देवी की मौत के बाद घर पूरी तरह से खाली हो गया है। उन्होंने बताया कि मुंशीलाल का बड़ा भाई, भाभी और मां घटना के बाद से ही घर से फरार हैं, पूछताछ के लिए उनकी भी तलाश की जा रही है।

फाइल फोटो।

घचना का जायजा करतीं एसपी। अमृत विचार

सड़क हादसों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव समेत दो की मौत

बहराइच

अमृत विचार: जिले के राम गांव और विशेश्वरगंज में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बाइक से घर जा रहे मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। लखनऊ ले जाते समय युवक की मौत हो गई। चचेरा भाई घायल हुआ है।

गोंडा जिले के थाना मोतीगंज के बरुआ माफी गांव निवासी प्रमोद दुबे (27) पुत्र ताराचंद्र दुबे एक दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) के पद पर तैनात था। शनिवार शाम को वह काम निपटाने के बाद चाचा के लड़के प्रवेश कुमार दुबे (28) के साथ बाइक से सिविल लाइन स्थित अपने घर जा रहे थे। बाइक सवार लोग गोंडा बहराइच मार्ग पर विशेश्वरगंज में पहुंचे। तभी सामने से दूसरे को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर गई। उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे चचेरे भाई घायल हो गए। इजाज के दौरानलखनऊ ले जाते समय रात नौ बजे एमआर की मौत हो गई। उधर राम गांव थाना क्षेत्र के अल्लापुरवा गांव निवासी खैरूल निशा पत्नी बुद्धि रविवार को खाद्यान्न लेने गल्ले की दुकान पर पैदल जा रही थी। बड़े चौराहे के पास बाइक सवार ने ठोकर मार दी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि बाइक सवार फरार हो गया है। बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

फाइल फोटो।

सार-संक्षेप

छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई शपथ

डिग्री कॉलेज में मतदान के लिए शपथ लेते शिक्षक और छात्र।

मोतीपुर,बहराइच, अमृत विचार : तहसील मिहीपुरवा के सर्वोदय महाविद्यालय मिहींपुरवा में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शपथ भी दिलाई गई कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक लल्लन कुमार ने कहा आप सभी बढ़-चढ़कर मतदान करें एवं जाति धर्म , संप्रदाय आदि को इस चुनाव में अपना प्रमुख मुद्दा न बनाएं, बल्कि इसके विपरीत स्वच्छ छवि वाला और विकास परक प्रत्याशी को चुने। जिससे आपके क्षेत्र का विकास हो सके और क्षेत्र का जन्म प्रतिनिधि आपकी समसयाओं की आवाज सदन में उठाए। इसलिए आप सभी उठो जागो चलो करो मतदान , फिर घर आकर करो जलपान। इस मौके पर लल्लन कुमार डॉ .नम्रता श्रीवास्तव, ममता देवी, जैनेंद्र कुमार, मोहम्मद जमील कुरैशी, करमचंद समेत शिक्षकगण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

बहराइच नाइट राइडर्स ने जीता लीग का फाइनल मुकाबला

क्रिकेट मैच में विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : वेदवान फाइनेंस एवं केडीसी एकेडमी द्वारा आयोजित वेदवान (जूनियर) प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन किसान डिग्री कालेज के मैदान में हुआ। कुल 5 टीमों में U-14 के खिलाडिय़ों ने ही प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बहराइच नाइट राइडर्स एवं बहराइच हिटर्स के बीच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर हिटर्स के कप्तान प्रीत वेदवान ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर अर्पित मिश्रा को मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। अंपायरिंग की भूमिका प्रदीप गुप्ता एवं शोभित सिंह ने अदा की एवं स्कोरर गोविन्द चौहान रहे। डीसीए अध्यक्ष अमित ठाकुर एवं वेदवान फाइनेंस के ऑनर हरेंद्र वेदवान के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल, आयुश चित्रांश, विनोद यादव, अरविन्द पाल , चन्द्रेश पाण्डेय एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

दोहरी नागरिकता रखने वाले नेपाली को पकड़ा

रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार : नेपाली नागरिक को दोहरी नागरिकता रखने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास बरामद सामान को सीज करते हुए नेपाली नागरिक के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के जवानों के साथ पुलिस टीम सीमा पर गश्त कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि नेपाल से आने जाने वाले लोगों की पुलिस और एसएसबी के जवान जांच कर रहे थे। जांच के दौरान एक नेपाली नागरिक को भारतीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से नेपाल के साथ भारतीय नागरिकता मिली। जिसमें वोटर कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड बरामद हुआ। जबकि नेपाली नागरिक नेपाल के असम जिला के विधायक पांचदेवाल विनायक खुर्द निवासी गगन तिरुबा पुत्र काशी राम के रूप में हुई है। उसके पास नेपाली नागरिक होने के सुबूत हैं। ऐसे में उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद भारतीय दस्तावेज को सीज कर दिया गया है।

पुलिस ने दो को भेजा जेल

नानापरा, बहराइच : कोतवाली नानपारा के ताजपुर गांव निवासी राजेश पुत्र वर्मा और संतोषी यादव पुत्र राम लोटन निवासी भवनियापुर के विरुद्ध कोर्ट ने वारंट जारी किया है। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को उप निरीक्षक नरसिंह, मुख्य आरक्षी मोहम्मद अबरार और पीआरडी जवान राधेश्याम की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आर्म्स एक्ट में बंदी

रूपईडीहा, बहराइच : रूपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार को उप निरीक्षक कृष्ण ने सिंह, सौरभ यादव और अंकुर यादव की टीम ने बाउर पुत्र भगवानदीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि एसीजेएम कोर्ट द्वारा उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के मामले में वारंट जारी किया गया है।

20 लीटर शराब बरामद

रूपईडीहा, बहराइच : पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर रविवार को रूपईडीहा पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा, सिपाही भीष्म यादव, अनुज कुमार और भरत सिंह की टीम ने सहजरामपुरवा सोरहिया निवासी ओम प्रकाश पुत्र जगदीश को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया है।

प्रधान के घर समेत दो मकानों से लाखों की चोरी

हुजूरपुर, बहराइच

अमृत विचार : जिले के महोली गांव के ग्राम प्रधान के समेत दो मकानों में शनिवार रात को चोरों ने लाखों की संपत्ति की चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर सीओ ने मौके का मुआयना किया। उन्होंने केस दर्ज कर घटना के खुलासे का निर्देश पुलिस को दिया।

हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महोली के ग्राम प्रधान विजयभान मिश्रा पुत्र राम अचल मिश्रा है। ग्राम प्रधान शनिवार रात को परिवार के साथ सो रहे थे देर रात को चोर जिंगले की ग्रिल निकालकर घर में प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरों ने अलमारी खोलकर सोने चांदी के जेवरात और 40 हजार रूपये नगदी समेत ढाई लाख से अधिक की चोरी की। इसके बाद चोरों ने पड़ोसी यादव के मकान में चोरी की। सुबह ग्राम प्रधान के यहां चोरी के समाचार को लेकर लोगों के यहां भीड़ एकत्रित हो गई। सीओ रूपेंद्र गौड़ पुलिस टीम के साथ पहुंचे। सीओ ने मौके की जांच कर केस दर्ज करने और चोरी का खुलासा करने का निर्देश हुजूरपुर पुलिस को दिया है।

कंचन गौरव सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक

जरवल, बहराइच, अमृत विचार। शिक्षाविद व लोकतंत्र सेनानी स्व0 सन्त स्वरूप श्रीवास्तव की 23 वी पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजनकिया गया। जिसमे विद्यालय प्रबंधक सहित सभी शिक्षको ने स्व0 श्री सन्त स्वरूप श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रध्दांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक एम श्रीवास्तव ने स्व0 सन्तस्वरूप श्रीवास्तव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों व सिद्धांतो का अनुसरण करने की बात कही। संबोधन के पश्चात विद्यालय की उपनिदेशक संगीता श्रीवास्तव व डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव,ने शिक्षक एसके सिंह,पीएल यादव,राम सिंह वर्मा, केके मौर्या, डा0 पंकज शुक्ला,विजय मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव,मो0अबरार, राजेश मिश्रा,रामजी मिश्रा, पवन सिंह, मो0 अबरार, नसीब अहमद,उमा शंकर यादव, शीबा, वारिसा,उम्मे रूबी, साक्षी, सुधा सिंह, प्रीति, रूबी मौर्या आदि शिक्षकों को स्व0 सन्तस्वरूप श्रीवास्तव स्मृति मे कंचन गौरव सम्मान से सम्मानित किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कंचन गौरव सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक। अमृत विचार

पढ़ाई के द्वारा पिछड़ेपन को दूर करें छात्रः कमांडेंट

मिहींपुरवा, बहराइच

अमृत विचारः मिहीपुरवा कस्बे में संचालित लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ़ मॉडर्न पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव काफी धूम धाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि एस एस बी 59वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेट अशोक कुमार कुंडू रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ लॉर्ड बुद्धा ग्रुप आफ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर एसके मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल जे के मौर्य ने किया तथा सहसंचालन के रुप में कमर तौहीद एवं काजल शाहा रही। बच्चों की ओर से प्रस्तुत संस्कृतिक कार्यक्रमो में इसरो ,झांसी की रानी, वंदे मातरम जैसे देशभक्ति व सामाजिक कार्यक्रमो ने सभी लोगो का मन मोह लिया।।

समारोह में सभी मेघावी छात्रों एंव उनके माता पिता को मंच पर बुला कर सम्मानित किया गया। किड्स प्ले स्कूल ब्रांच में नर्सरी से अंशु लाट ने विद्यालय टॉप किया तथा सेकेंड टॉपर पारुल चौधरी एवम् थर्ड टॉपर अभि जयसवाल रहे। हिंदी मीडियम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के ग्रुप मे कक्षा 4 के आयुष ने विद्यालय टाप किया तथा द्वितीय स्थान पर कक्षा 3 की इकरा एवं तीसरे स्थान पर कक्षा 2 की मान्या रही। हिंदी मीडियम के ही 6 से कक्षा 8 तक के ग्रुप में कक्षा 8 के अमन ने विद्यालय टाप किया । ज्यादा दिन उपस्थिति दर्ज कराने वाले 40 बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में छात्र को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

दो पक्षों में चले लाठी डंडे, नौ घायल

विशेश्वरगंज, बहराइच

अमृत विचार: जिले के हरदाही साईंपुरवा गांव में बच्चों के विवाद के बड़े लोग भिड़ गए। जमकर लाठियां चलीं। दोनों पक्षों के नौ लोग घायल हुए हैं। चार घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरदाही के मजरा साईं पुरवा निवासी नाजिया पत्नी इरफान अली के बच्चे शनिवार शाम को बकरी चराने खेत को गए। खेत में घास चराने के दौरान वहां पर शाकिर अली के बच्चों से विवाद हुआ। इसके बाद दोनों के बच्चों ने घर आकर अपनी बात बताई। बच्चों के विवाद को लेकर शाकिर के परिवार के लोग नाराज हो गए। सभी ने लाठी और डंडे से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में नाजिया पत्नी इरफान अली, सलमान अली (11) पुत्र इरफान, रहीसुन (28) पत्नी नसीब अली, तसव्वर अली (60) पुत्र छेदू, बाऊर पुत्र सांभर, निसार अली (40) पुत्र बड़काऊ, मैनाज (12) पुत्री नसीब अली, रिहाना (18) पत्नी नूर आलम, अफसाना पुत्री लल्लू घायल हो गए। इनमें चार लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सभी ने साकिर अली, गोभी, नईमुद्दीन, मुनन, भगेलू, मुंशी और समीउल्ला पर हमला करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाइ की जायेगी।

मारपीट में घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज। अमृत विचार

व्यवस्था सात विधान सभा क्षेत्र में जायेंगे चुनाव में लगे अधिकारी, पुलिस ने शुरू की अधिग्रहण की कार्रवाई

चुनाव में चाहिए 500 बस और पांच हजार हल्के वाहन

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: जिले में मई माह में आयोजित लोकसभा चुनाव के मतदान में 500 बस और पांच हजार से अधिक छोटे वाहनों की आवश्यकता है। इसके लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से पुलिस को पत्र दे दिया है। पुलिस ने वाहनों के अधिग्रहण की तैयारी शुरू कर दी है। अब तक 200 से अधिक वाहन अधिग्रहण किए जा चुके हैं।

लोकसभा चुनाव जिले में चौथे और पांचवें चरण में आयोजित होगा। जिसके चलते मई माह में 13 मई को बहराइच लोकसभा सीट के लिए मतदान होगा। लोकसभा चुनाव में अधिकारियों के आवागमन के लिए वाहनों की जरूरत होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से सूची मिलने के बाद सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने वाहनों के अधिग्रहण के लिए पुलिस विभाग को पत्र दिया गया है। एआरटीओ ने बताया कि बहराइच के सात विधानसभा क्षेत्र में 2628 मतदान स्थल पर पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए 709 बस रिजर्व सहित आवश्यकता है। मतदान में ड्यूटी के लिए जोनल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, मॉडल कंडक्ट लागू करने की टीम, ऑब्जर्वर, माइक्रो आब्जर्वर सहित 396 हल्के वाहन एवं पुलिस विभाग को 548 हल्के वाहन की आवश्यकता है। इसके सापेक्ष परिवहन विभाग बहराइच द्वारा 500 बस एवं 5000 से ज्यादा हल्के वाहनों को अधिग्रहण हेतु अधिग्रहण पत्र पुलिस विभाग को रिसीव कर दिया गया है, वाहनों के अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि संबंधित थाने की पुलिस द्वारा अधिग्रहण के लिए नोटिस वाहन स्वामियों को दिया जा रहा है।

एआरटीओ राजीव कुमार।

अब तक 200 से अधिक वाहनों का हुआ अधिग्रहण

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले में वाहनों का अधिग्रहण कार्य शुरू हो गया है। पहले चरण में 111 और दूसरे दिन 87 वाहनों का अधिग्रहण हुआ है। इन वाहनों के द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव क्षेत्र में जाकर मतदान की स्थिति की रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को देंगे।

मंदिर परिक्षेत्र से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

पयागपुर, बहराइच,अमृत विचार: बाबा रामप्रकाश मन्दिर परिसर पर लगा ट्रांसफार्मर दुर्घटना को दावत दे रहा है। मंदिर पुजारी सहित ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर हटाये जाने की मांग की है।

पयागपुर हुजूरपुर मार्ग पर कान्धीकुइयाँ में स्थित बाबा रामप्रकाश के मंदिर पर प्रत्येक शनिवार को विशालकाय मेला लगता है। मेले में आस पास के लोगों के साथ ही सुदूर क्षेत्रों से भक्तों का भारी हुजूम उमड़ता है।मन्दिर के पुजारी देवराज तिवारी,ग्रामीण दिलीप,विष्णु,सुशील आदि ने बताया कि मंदिर परिक्षेत्र में लगे टांसफार्मर को मेला परिसर से हटाकर कहीं लगवाए जाने को लेकर उपजिलाधिकारी और विद्युत विभाग से गुहार लगाई गई,लेकिन अभी तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।इन लोगों का कहना है कि किसी दिन ट्रांसफार्मर की वजह से अप्रिय घटना घट सकती है। मन्दिर के पुजारी देवराज तिवारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को मन्दिर पर भारी संख्या में भक्त बाबा को जलार्पण करने आते है। मन्दिर परिसर में ही कई तरह के अनुष्ठान पूजन अर्चन के कार्यक्रम सम्पन्न होते है।

ऐसे में मन्दिर के ठीक सामने लगे ट्रांसफार्मर से बड़ी अनहोनी हो सकती है।ग्रामीणों का कहना है कि भारी भीड़ के होने के दृष्टिगत उक्त ट्रांसफार्मर को हटाया जाना जनहित में नितांत आवश्यक है।इस सम्बंध में विद्युत विभाग के अभियंता नवीन तिवारी का कहना है कि मेला परिसर से टांसफार्मर हटाया जाएगा,उसके लिए जगह चिन्हित किया जा रहा है,जल्द ही समस्या से निजात मिलेगी।

डीजे पर गाना लगाने को लेकर मारपीट, 4 बाराती घायल

बहराइच, अमृत विचार : दरगाह थाना क्षेत्र में फखरपुर से आई बारात में डीजे पर मन पसंद गाना बजाने और डांस को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद घराती और बारातियों में मारपीट हो गई। जिसमें चार बराती घायल हो गए। बारातियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र ग्राम खालिदपुर गांव से दरगाह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नई बस्ती मीरपुर कस्बा आई थी। शनिवार रात को 11 बजे बारात में डीजे बजने लगे। डीजे पर मनपसंद गाना बजाने को लेकर घराती और बारातियों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में बराती महेश (16) पुत्र कैलाश, विदेशी (15) पुत्र राजू, विजय (16) पुत्र सकटू और लव कुमार (22) पुत्र परशु राम घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज चल रहा है। बारात में मारपीट को लेकर शादी कार्यक्रम भी कुछ देर रुक गया। लोगों में अफरा तफरी का माहौल रहा।

सर्वोदय महाविद्यालय
मिहींपुरवा, बहराइच
सम्बद्ध – डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय, फैजाबाद

आवश्यकता है
निम्नलिखित विषयों के प्राध्यापकों की:–
अ. परास्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु–
(1) गृहविज्ञान पद –02
ब. स्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु–
(1) प्राचीन इतिहास पद–01
(2) अंग्रेजी पद –01
(3) राजनीति शास्त्र पद –01
स. संगणक अध्यापक– 01, लिपिक कम जीप चालक – 01
नोटः–1. इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण–पत्रों के साथ विज्ञप्ति जारी होने के 21 दिनों के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करें।
2. प्राध्यापकों की शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 मानकानुसार।
2. वेतन स्ववित्तपोषित योजर्नागत ।
प्रबन्धक / प्राचार्य
मो0नं0–9839920510,9450257922

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित: ॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

संपादकीय

एक और सफलता

रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में आत्मनिर्भर भारत एक सराहनीय पहल है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक और स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का डिजाइन निर्माण एवं उत्पादन किया है। शनिवार को भारतीय सेना ने कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया, जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)ने विकसित किया है। यानि डीआरडीओ ने एक और सफलता हासिल की है। वास्तव में सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। भारतीय रक्षा उद्योग कई अत्याधुनिक रक्षा सामान बनाता है और 85 से अधिक देशों को निर्यात करता है। यह वास्तव में गर्व की बात है कि स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस और कई अन्य हथियार प्रणालियों ने कई मित्र विदेशी देशों की रुचि को आकर्षित किया है। उद्योग उत्साहित और सकारात्मक है कि सरकार, सशस्त्र बलों और उद्योग के सहयोगात्मक प्रयासों से भारत में तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे अपने सशस्त्र बलों के साथ-साथ हमारे कई मित्र विदेशी देशों की सभी वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। युद्ध की प्रकृति और शैली बदल रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक युद्ध तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। भारत इन प्रगतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकता है। अब भारत की कई रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियां, डिजाइन तैयार करने, कल-पुर्जों के निर्माण और उनकी असेंबली और अपनी वैश्विक ज़रूरतों के मुताबिक सिस्टम से जोड़ने के मामले में अमेरिका की बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एक दशक पहले की तुलना में आज दोनों देशों के इकोसिस्टम तालमेल के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं, ताकि वो इन व्यवस्थाओं को औद्योगिक सहयोग के नए स्तर तक ले जा सकें। रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता व निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र चुनाव आयोग और डॉ. आंबेडकर

अरविंद कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं।

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन इतनी विविधताओं भरा रहा है कि जब भी उन पर चर्चा होती है तो विभिन्न पक्ष उसमें चर्चा में आते ही हैं, लेकिन ऐसे दौर में जबकि 18 वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं तो इस बात पर चर्चा और प्रासंगिक होगी कि देश में स्वतंत्र चुनाव आयोग और वयस्क मताधिकार देने में भी उनका कितना अहम योगदान था। उनके विचारों से पंडित जवाहर लाल पूरी तरह सहमत थे और उनकी मुहिम में पूरा साथ दिया।

बाबा साहेब बराबरी की बात करते थे तो उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों निहित था। उनको पता था कि लोकतांत्रिक हिस्सेदारी के बिना वंचित तबकों की कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्होंने भारत के हर बालिग नागरिक को वोट का अधिकार देने की जबर्दस्त पैरवी की। इसके पहले दुनिया में वोट के अधिकार के साथ शर्तें जुड़ी थीं। कहीं जमींदार वोट दे सकते थे तो कहीं कर दाता और कहीं शिक्षित लोग। फ्रांस, अमेरिका और इंग्लैंड तक में महिलाएं मताधिकार से वंचित थीं, लेकिन भारत में यह अधिकार मिला और इसने कमजोर तबकों को सशक्त किया। सरकारों को विवश किया कि उनके हक में नीतियां बनें।

संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग बना, पर चुनाव से संबंधित 6 अनुच्छेद दो माह पहले ही लागू कर दिए गए थे और मतदाता सूची बनाने का काम तो इससे भी पहले आरंभ हो गया था। स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हुई, क्योंकि दुनिया के विकसित देशों तक में आंदोलनों तक का सहारा इस अधिकार के लिए लेना पड़ा, लेकिन भारत में योग्यता, धर्म, नस्ल, जाति के आधार पर कोई भेदभाव न करते हुए हर पुरुष या महिला, अमीर या गरीब को मतदान का अधिकार है। हर

व्यक्ति के मत का समान महत्व है। हमारे संविधान ने वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं पर भरोसा व्यक्त किया। राष्ट्रीय नेताओं और बौद्धिक जगत ने मतदान के महत्व और वोट की कीमत को व्यापक प्रचार दिया।

1951-52 में पहले आम चुनाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 25000 मील अपनी चुनावी यात्रा में 350 लाख लोगों को संबोधित किया तो करीब हर भाषण में वयस्क मताधिकार के महत्व और मताधिकार के कर्तव्य के बारे में लोगों को जागरूक करना वे नहीं भूले थे। तब देश की आबादी 36 करोड़ थी और वोटर 17 करोड़ के करीब। 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक 68 चरणों में चुनाव हुए। तब विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसमें 497 लोकसभा और 3278 विधानसभा सीटें थीं। उस चुनाव पर कुल सरकारी व्यय करीब 10 करोड़ रुपए था। मोटे तौर पर प्रति मतदाता व्यय साढ़े चार आने आंका गया था।

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं। 1935 के भारत शासन अधिनियम के सुधार तक केवल 2.5 प्रतिशत आबादी को वोट देने का अधिकार था। सुधार के बाद भी यह हिस्सा 12 फीसदी से कम रहा, लेकिन हमारे संविधान ने 21 वर्ष से अधिक के नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया तो देश के 49 प्रतिशत लोगों को मतदान का अधिकार मिला।

संविधान सभा में बाबा साहब या पंडित नेहरू जैसी सोच हरेक सदस्य की नहीं थी। इस पहल की आलोचना भी हुई और आशंका व्यक्त की गई कि महज 16 फीसदी शिक्षित लोगों के देश में यह कैसे संभव होगा? संविधान सभा में वयस्क मताधिकार पर चर्चा के दौरान बहुत से सदस्यों ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा का विरोध किया। उनको लगता था कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा, पर डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हर आदमी इतना बुद्धिमान है कि वह ठीक-ठीक समझ सकता है कि वह क्या चाहता है? कुछ लोगों ने वयस्क मताधिकार दिए जाने को 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' तक कहा, लेकिन मतदाताओं ने इन आशंकाओं को नकारा और भारत को विश्व इतिहास का सबस बड़ा लोकतंत्र बनाकर दिखा दिया। इन प्रयोगों की सफलता के कारण ही राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान (61 वां संशोधन) अधिनियम, 1988 के तहत मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई और 10 वें लोकसभा चुनाव से इनको भी वोट का अधिकार मिल गया। अब तक हुए लोकसभा के 17 आम चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ता रहा और 17 वीं लोकसभा में 67.40 फीसदी तक आ गया। पहले आम चुनावों से अब तक वोटरों ने आठ बार केंद्र में सरकार को वोटरों ने बदला।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

प्रसंगवश

जिंदगियां बदलता मोबाइल

मेरे एक मित्र का बेटा जब पांच-छः साल का हो गया, तब भी बोलता नहीं था, जो कुछ कहना होता ऊं आं ई कहकर बताता। मित्र घबरा गए। डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने बताया बच्चा बिल्कुल ठीक है। सुन सकता है। और जो सुन सकता है, वह बोल भी सकता है। उन्होंने मित्र को स्पीच थैरेपिस्ट के पास जाने की सलाह दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने बच्चे की समस्या को समझा।

संजय वर्मा
इंदौर

असल में बच्चा लगातार मोबाइल पर कोरियन, चीनी और अंग्रेजी कार्टून देखता था। घर में मां-बाप हिंदी-पंजाबी और टूटी-फूटी अंग्रेजी के कॉकटेल में बात करते थे। बच्चे का दिमाग कंफ्यूज हो गया। आखिर किस चीज को क्या कहते हैं? दूध को कोरियन फिल्म में कुछ बोलते थे, चाइनीज में कुछ और, और घर में कुछ और। बच्चे के कच्चे मन ने हार मान ली। उसने बोलने की कोशिश करना ही छोड़ दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने सख्त हिदायत दी कि बच्चे को कोई एक ही भाषा सुनने दी जाए, चाहे वह कार्टून फिल्म हो या घर की बातचीत। स्पीच थैरेपिस्ट की मदद से अब बच्चा कुछ-कुछ बोलने लगा है। यह किस्सा इसलिए सुनाया कि आप जाने मातृभाषा का महत्व क्या है। इन दिनों मां-बाप खास तौर पर माएं अपने बच्चों के साथ एक अजीब भाषा में बात करती हैं जिसे वह हिंग्लिश कहती हैं। मेरा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं, मगर ये माएं आठवीं पास, दसवीं फेल हैं। अंकल को पोयम टेल करो, जैसे अजीबो गरीब वाक्य विन्यास बच्चों की भाषा व्याकरण के लिए जहर हैं। यह कंफ्यूज बच्चा न तो कभी हिंदी व्याकरण सीख पाएगा न अंग्रेजी।

यह सच है कि बच्चे भाषाएं जल्दी सीखते हैं और सही ट्रेनिंग दी जाए तो एक बच्चा सात भाषाएं सीख सकता है, परंतु मेरा मानना है पहले किसी एक भाषा (मातृभाषा) में वह ठीक से बोलना और वाक्य बनाना सीख ले, तब ही दूसरी भाषाएं सिखानी चाहिए।

इन दिनों बच्चे जो विदेशी भाषाओं की कार्टून फिल्में देखते हैं, इन फिल्मों में दिखाए बच्चों के परिवार का ढांचा, रीति-रिवाज आपसी रिश्ते और मिथक हमसे अलग हैं। बच्चा जब देखता है कि वह दुनिया उसके आसपास की दुनिया से बिल्कुल अलग है तो वह कंफ्यूज हो जाता है कि आखिर सही क्या है?

बरी-बरी में नौन

ब्रज का एक मुहावरा है-बरी-बरी में नौन। असल में लोक भाषा की शक्ति ही इस बात में है कि वह जिन बिंबों के द्वारा अपने अनुभव की अभिव्यक्ति करती है, वे बिंब जीवन के जीवंत परिवेश में से आए होते हैं। वे बिंब जो आपने भी देखे हैं और मैंने भी देखे हैं, इसने भी देखे हैं और उसने भी देखे हैं। जैसे ही शब्द आया, वह बिंब भी मन में साकार हो गया।

बरी-बरी में नौन? बरी-बरी में नौन कौन डालेगा? क्यों डालेगा? मूंग की दाल की जब पीठी (पिष्टी) बन जाती है तो उस पिष्टी में ही नमक तथा अन्य मसाले मिला दिए जाते हैं, उस पिष्टी से फिर उंगलियों और अंगूठे से बरी छांट दी जाती हैं। वैसे आजकल बरी लगाने की परंपरा लुप्त हो गई है, वरना बचपन में देखता था कि मेरी भुआ या मां जब बरी लगाने पौरी या चबूतरे पर बैठती थी तो गोरी दादी भी आ जाती और जमना दादी भी आ जाती, कभी-कभी अनूठौ और बादाम भी आ जाती तथा परात की पीठ पर बरी टूटने लगती और मिनटों में दाल की पिट्ठी बीत जाती।

गाय और बंदरों से रक्षा के लिए कोई न कोई लठिया लेकर चबूतरे पर बैठ जाता। एक दिन की घाम से बरियों में पर्त पड़ जाती। घर-परिवार में जब कोई काज (विवाह आदि) होता है, तब बरी लगाना सगुन माना जाता है। बरी लगाने के ब्याज से चार जनी आकर बैठ जाती हैं। चार जनी का आना, मिल-बैठना, मनुष्य-जीवन की इतनी महत्वपूर्ण घटना है कि उस पर आप किताब लिख सकते हैं। समष्टि भाव। "बरी-बरी में नौन" मुहावरा आज इसलिए याद आ गया कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय मुफ्त रेबड़ी बांटने की

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए।

घोषणा करने और फिर मुफ्त रेबड़ी बांटने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यों तो यह प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में बहुत पहले से चल रही है, लेकिन वह प्रच्छन्न थी, सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन या दूसरे किसी न किसी सिद्धांत की ओट थी, कहीं न कहीं समष्टि का भाव था, लेकिन अब तो सब खुल्लम खुल्ला है।

लोगों को भी लगता है कि मुझे यह लाभ होगा। 'मुझे लाभ' की प्रवृत्ति ने लाभार्थी नामक एक वोट-बैंक बना दिया। लाभार्थी को वोट देना ही होगा। उसकी जन्मपत्री बूथ-प्रबंधक के पास मौजूद है। मुझे लाभ 'की प्रवृत्ति को ही हम बरी-बरी में नौन' मुहावरे से समझ सकते हैं। जनता को प्रजा बनाने की प्रक्रिया। बरी लगाने के लिए पिष्टी में ही नमक-मिर्च-मसाला डाल दिया जाता है। बरी-बरी में नमक नहीं डाला जाता, किंतु एक -एक बरी में ऊपर से नमक डालेंगे तो यह बरी पर अहसान की बात होगी। बरी समझेगी कि हां, इसने कुछ मुझे दिया। पिष्टी तो परोक्ष है, उसे किसने देखा है? वोट लेने के लिए यह है एक बाजीगरी, बाजीगरी क्या है नजर बांधना। दर्शकों के मन को इस प्रकार से भ्रमित करना है कि वह बाजीगर की क्रिया को देख न पावे और समझें कि यह तो एक गिलास के दो गिलास हो गए। वाह।

बरी-बरी के लिए नमक, मिर्च-मसाला राजनेता अपने पिताजी के यहां से नहीं लाता। टैक्स लगाकर और देश के प्राकृतिक संसाधनों से जो कुछ दोहन किया है, उसी में से कुछ अंश वह बरी-बरी को बांट देता है। यदि वह पीठी में ही मसाला मिलावे तो उसे कौन देखेगा और अहसान क्यों मानेगा? इससे हरामखोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। देश की वास्तविक उन्नति तो तभी हो सकती है, जब लोगों के पास इतना काम हो, इतना काम हो कि किसी के पास खाली समय नहीं है, लेकिन उन योजनाओं से जनता को कभी मिला करता था, नेता को आज क्या मिलेगा?

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए। राजनीतिक-पैंतरे की दृष्टि से तो इस नीति की सफलता हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। कहने को आप इसे लोक कल्याणकारी कहें या देश के लिए उन्नतिकारी कहें, जो भी कहें, कौन रोकेगा? परंतु यह समष्टि को निर्बल करके व्यष्टि को सबल बनाने की नीति है कि सोच में से ही समष्टि गायब हो गया। राष्ट्र की एकता को ही अलग-अलग बाड़ों में बैठा दिया। दूरगामी प्रभाव की दृष्टि से यह देश को गहरे गड्ढे में ले जाने वाली नीति है। देश की शक्ति पीठी (पिष्टी) में है, बरी-बरी में नहीं। जाति जनगणना से जाति चेतना बढ़ेगी या समष्टि चेतना? राष्ट्र समष्टि का भाव है, राष्ट्रीयता समष्टि की चेतना है।

सोशल फोरम

दुर्लभ क्यों उदात्त आधुनिक सोच

यह सोचकर चिंता हो सकती है कि समाज में अब अन्याय के प्रतिवाद का स्वर कमजोर होता जाएगा। एक जगह के लोग विरोध करेंगे तो दूसरी जगह के लोग चुप रहेंगे। असहमति विभाजित रहेगी। साहित्य की आधुनिक परंपराएं और हाशिए के विमर्श संकट में पड़ेंगे।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

धर्म रस और वीर रस का साहित्य ही साहित्य माना जाएगा। स्त्रियों, दलितों और आदिवासियों पर अंकुश बढ़ेंगे। जंजीरें बढ़ेंगी। यह एक अनोखे भय का युग होगा। ऐसे में कुछ प्रश्न उठते हैं, क्या इस देश की बौद्धिकता को पश्चिमवाद और अतीतवाद के बीच सैंडविच बनने से बचाया जा सकता है? क्या राजनीति का पुनर्मानवीयकरण संभव है और क्या उदारवादी दुनिया के लोग आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण कर सकते हैं और मिलजुल कर मानवतावादी पुनर्निर्माण के पथ पर चल सकते हैं? मुश्किल होता है आत्मनिरीक्षण और पुनर्निर्माण, यदि अहं से भरी सामंती मानसिकता प्रबल हो। लक्षित किया जा सकता है कि नगरों के छोटे-छोटे बौद्धिक-साहित्यिक संसार विलुप्त हो रहे हैं। लेखकों के अड्डे मिट गए हैं। संवाद की जगह एकतरफा विमर्श ने ले रखी है।

आरोप-प्रत्यारोप में अपशब्दों की चमक बढ़ गई है। एक सार्वभौम सांस्कृतिक विध्वंस की दशा है। पहले छोटे-छोटे स्थानीय संगठनों द्वारा नियमित रूप से बौद्धिक आयोजन होते थे। अब सिर्फ राजकोष पोषित बड़े मंच हैं, उत्सव हैं और दादुर मुखर हैं। तुलसीदास की कोयल वर्षा ऋतु में कहती है, 'अब तो दादुर बोलिहें हमें पूछिहै कौन'। उन्होंने इस पंक्ति में कहना चाहा कि यह ढोंगियों और पाखंडियों का युग है गुणी जनों का सम्मान नहीं होगा।

19 वीं सदी में अतीत का गौरव गान बृहत्तर मानवता के गान से जुड़ा था। इन दिनों यह चिंता ज्यादा है कि तड़क-भड़क के साथ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन कैसे संपन्न किया जाए? अब ऐसा साउंड सिस्टम हो कि कानफोड़ू गाने बजें और नाचा जा सके। कौन बताएगा कि इन दिनों हमारी सभ्यता धार्मिक मानसिकता को किस जगह ले आई है। इस पर सोचने की जरूरत है कि समाज में उदारवाद और सुरुचि की चिंता करने वाले लोग क्यों कम होते जा रहे हैं?

-फेसबुक वॉल से

बच्चों के बुनियादी अनुभवों को समृद्ध करें शिक्षा केंद्र

ओडिशा के दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संचालित था। अनौपचारिक चर्चा में ज्यादातर की समस्या यह थी कि बच्चे केंद्र पर आना नहीं चाहते। औपचारिक सत्र में मैंने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि पहली बार आपके केंद्र पर आने वाला बच्चा किस-किस प्रकार के अनुभवों के साथ आता होगा? प्रतिभागियों में कुछ देर खामोशी रही। मैंने एक-दो अनुभवों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया तो प्रतिभागियों की ओर से से भी जवाब आने लगे, जो जवाब आते गए मैं उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखता रहा। थोड़ी ही देर में पूरा ब्लैक बोर्ड उस उम्र के बच्चे द्वारा प्राप्त अनुभवों से भर गया।

मैंने उन अनुभवों को श्रेणीवार वर्गीकृत किया। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, फल-फूल, सब्जी-दालें, मौसम-फसलें, हवा-माटी, जल-जलाशय, स्थानीय शिल्प, उद्योग व कामगार, यातायात के साधन, सरकारी भवन, ग्राम पंचायत, उनके गांव में आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मी, बीमारियां और उनके उपचार, बर्तन, कृषि उपकरण, स्थानीय मेले, हाट, त्योहार, रीति-रिवाज, स्थानीय स्वशासन, रंग, खुशबू, भार, मात्रा, आकृति, आकार, पैटर्न, गांव से आयात-निर्यात की वस्तुएं, वस्तुओं के मूल्य, दूरसंचार के माध्यम जैसे कितने ही विषय उभर कर आ चुके थे और यह सूची लगातार बढ़ती जा रही थी। उपस्थित प्रतिभागियों के लिए भी यह जानना

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्या केंद्रों में अधिकांशत: यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है?

आश्चर्य का विषय था कि बच्चे इतनी जानकारियों के साथ आंगनबाड़ी या अन्य किसी स्कूल में जाते हैं। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मैंने पुनः प्रश्न किया कि 'क्या हम सीखने-सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की जानकारियों के इस विशिष्ट भंडार का उपयोग करते हैं? यह प्रश्न सुनकर सभी प्रतिभागी थोड़ी देर सन्नाटे में रहे। उनका मानना था कि बच्चों को हम वह सिखाते हैं, जो हमारे पाठ्यक्रम में निर्धारित होता है। पाठ्यक्रम में क्या निर्धारित होता है? यह पूछने पर अधिकांश को उक्त विषयक जानकारी नहीं थी। विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है? कुछ ही लोग इसका संबंध शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम तथा कक्षा स्तर व विषयवार सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) से जोड़ पाते हैं। वरना ज्यादातर मामलों में इसका उत्तर 'पाठ्यपुस्तक पढ़ाते हैं' के रूप में ही आता है और पाठ्यपुस्तक को पूरा करना ही वार्षिक शिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति मान लिया जाता है। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि कक्षा स्तर व विषयवार शिक्षण लक्ष्यों के सापेक्ष लर्निंग आउटकम क्या हैं और इनकी प्राप्ति में बच्चों के अनुभव किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।

शिक्षा को किसी भी बच्चे में मौजूद ज्ञान, कौशल व अभिवृत्तियों के विकास का माध्यम कहा जाता है। स्वाभाविक ही है कि इस माध्यम में बच्चे की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण तथा वय, कक्षा स्तर के अनुसार उनका क्रमिक व सुनियोजित विकास शामिल होता है। यह सब एक निश्चित समयावधि में कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत होता है। विद्यालय इन प्रक्रियाओं का प्रमुख केंद्र होता है, जहां विभिन्न भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बीच बच्चा अपने ज्ञान की रचना करता है। विद्यालय की सभी गतिविधियों के केंद्र में 'शिक्षार्थी' होता है। अतः आवश्यक होता है कि उसको ध्यान में रखकर ही विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन किया जाए।

शिक्षाविदों का मानना है कि बुनियादी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञात अनुभवों का कक्षाओं में जितना अधिक उपयोग होगा, उनका सीखना उतना ही सहज, सुगम और रोचक होगा। इसलिए बुनियादी स्तर पर बच्चों से चित्रधारित चर्चा, परिवेशीय अनुभवों पर बातचीत, दैनिक जीवन में घट रही क्रियाओं में निहित विज्ञान, रसोईघर से लेकर घरेलू काम-धंधों, कृषि व व्यवसायों में निहित गणित जैसे कितने ही परिचित परिवेशीय अनुभवों पर कक्षाओं में विस्तारपूर्वक बातचीत व अन्य क्रियाकलापों के किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता है। हां, इतना जरूर है कि इनमें स्वाभाविकता हो बनावटीपन नहीं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 और 2023 ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ने तथा इसके लिए बच्चे के स्वानुभूत अनुभवों को शामिल करने पर प्रमुखता से बात करती हैं। निश्चित ही इसके लिए बच्चों के स्मृतिकोष में संचित बहुरंगी अनुभवों को बाहर निकालने हेतु विविधतापूर्ण अवसरों का सृजन करना होगा। किसी भी बच्चे के जीवन में विद्यालय नामक संस्था के शुरुआती दिन विशेष असर डालते हैं। नीरस प्रक्रियाएं और आरोपित अनुशासन बहुधा बच्चों को विद्यालय से विमुख कर देते हैं। ऐसे में यदि बच्चों के अनुभवों को पर्याप्त स्पेस देते हुए सीखने-सिखाने का वातावरण रचा जाता है तो यह न केवल विद्यार्थी हित में होता है, बल्कि शिक्षक के काम को सरल करते हुए विद्यालय में एक समावेशी वातावरण का निर्माण भी करता है।

सनातन परंपरा की झलकियां

मदर डेयरी से फल लेकर लौट कर बाहर आया तो देखता हूं कि मेरी दक्षिण भारतीय पड़ोसन अपनी युवा पुत्री के साथ माता रानी के दर्शन करके टैक्सी से उतर रही थी। वह परंपरागत साड़ी में मस्तक में बिंदी के साथ हाथों में प्रसाद लिए हुए थी। पुत्री जीन्स पैंट में, रोली मंडित ललाट और मुक्त केशों में थी। स्पष्ट रूप से मां ने अपनी संतति को पूजा-पाठ का संस्कार देने का भरपूर प्रयास कर रखा था।

डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

एक दूसरा दृश्यः अभी पिछले हफ्ते ओपीडी में 82 वर्षीय 'रा' अपनी पचास वर्षीया पुत्री के आई हुई थी। दोनों कांजीवरम रेशमी साड़ी में भली प्रकार से आवेष्ठित, मत्थे पर भस्म बिंदीं लगाए हुई थी। दोनों हनुमत भक्त थे। बातचीत के क्रम में पता चला कि 82 वर्षीय मां प्रतिदिन तमिल में वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड का पाठ करती हैं। मंगल के दिन निकट के हनुमान मंदिर में पान की माला अर्पित करती हैं। साथ आई उनकी पुत्री ने मुझे बताया कि वह भी अंग्रेजी में सुंदरकांड का पाठ करती है। तमिल भाषी होने के कारण उन्हें देवनागरी पढ़ने में कठिनाई होती है, परंतु उच्चारण तो देवभाषा में ही होता है। संस्कार तो सनातन ही है। दक्षिण भारतीय लोगों की इस सनातन आस्था का प्रबल साक्ष्य मुझे अपने हाल के बनारस प्रवास में काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव के मंदिर परिसर में तब मिला जब असंख्य लोग वृद्ध, युवा, महिला, नव विवाहिताएं अंक में नवजात शिशुओं को लिए हुए नंगे पैर, साड़ी-लुंगी, प्रसाद-फूल, होंठों पर शिव-शिव का नाम लेते हुए खड़ी धूप में देव दर्शन के लिए आतुर पंक्तिबद्ध चल रहे थे। आत्मविश्वास, आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण।

इस दृश्य की तुलना यदि राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित मंदिरों की भीड़ से की जाए तो शोर, धक्कामुक्की, दिखावा का मन उबाऊ दृश्य मिलेगा। मैं अपने पचास वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव में जिसमें बहुभाषी लोगों की (तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया भाषियों की) अच्छी-खासी संख्या रहती है के बल पर निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दक्षिण भाषा-भाषी महिलाएं भारतीय संस्कृति की उत्तम संवाहक होती हैं, अपेक्षाकृत उत्तर भारतीय लोगों के।

धूमधाम से मनाई गई डॉ. आंबेडकर की जयंती

भाजपा ने सभी शक्ति केंद्रों पर आयोजित किया कार्यक्रम , सपा, बसपा व कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित हुईं विचार गोष्ठियां

खलिलाबाद में धूमधाम से निकली शोभायात्रा।

शोभायात्रा में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

संतकबीरनगर

अमृत विचार : भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को श्रद्धा और उल्लास के बीच मनाई गई। शोभायात्रा और विचार गोष्ठियां आयोजित कर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने बाबा साहेब को नमन किया।

लोकसभा चुनाव के चलते राजनीतिक दलों में आंबेडकर जयंती मनाने की होड़-सी दिखी। तमाम सामाजिक संगठनों ने गाजे-बाजे और दर्जनों वाहनों को सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों पुरुष और महिलाओं ने प्रतिभाग कर आयोजन को भव्य बना दिया। भाजपा के जिला कार्यालय से लगायत सभी शक्ति केंद्रों पर बड़ी धूमधाम से आंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। नेताओं ने डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद ने कहा कि डाक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वारा लिखे गए संविधान की बदौलत ही मेरे जैसे साधारण ब्यक्ति को देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने का सौभाग्य मिला है। बाबा साहेब ने समाज से ऊंच-नीच, छुआ-छूत, भेद-भाव और अन्य सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर सभी नागरिकों को सम्मान और अधिकार के साथ जीने का अवसर प्रदान किया है। सपा के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने डॉ अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

गोष्ठी को जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, विनोद यादव, नित्यानंद यादव, गौहर अली खान, के.डी. यादव, रामबृक्ष यादव समेत तमाम लोगों ने सम्बोधित किया। कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पांडेय की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौजूद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर दुनिया के सबसे अच्छे वकीलों में से एक थे। उन्होंने आजादी की लड़ाई में योगदान करके देश को आजाद कराया और जब देश में अपने संविधान की रचना की बात आई तो उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने ऐसा बेहतरीन संविधान तैयार कराया कि आज समाज के हर वर्ग के लोगों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार मिल रहा है। इस मौके पर भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मगहर में भी मनाई गई आंबेडकर जयंती

मगहर : भारत के सम्विधान निर्माण समिति के सदस्य, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर का 133वां जन्मदिन रविवार को बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर डा. अंबेडकर मिशन समिति मगहर के द्वारा एक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जयंती का जुलूस कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से गुजरा जहां नगर के नागरिकों द्वारा जगह जगह स्वागत और जलपान कराया गया।

एडीएम ने बाबा साहेब के चित्र पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

डॉ आंबेडकर जयंती पर गोष्ठी को संबोधित करते सीडीओ।

संतकबीरनगर। भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव आम्बेडकर की जयन्ती जनपद में बड़े धूमधाम से मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने बतौर संविधान समिति के अध्यक्ष संविधान बनाते समय समाज के हर वर्ग, हर तबके का ध्यान रखा। भारतीय संविधान में भारत के नगारिकों को समान अधिकार मिले, इसके लिए कई देशों के संविधान को भी अपने देश के सविधान में लिया गया। जिसका परिणाम है कि विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, भाषाओं आदि की विविधता के बावजूद हमारा देश एक सूत्र में बंधा हुआ है। डा. साहब की जयंती के अवसर पर सभी सरकारी दफ्तरों, तहसील व ब्लाक मुख्यालयों पर भी गोष्ठीयों और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

सार-संक्षेप

दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

जागरूकता रैली निकालते अग्निशमन कर्मी। अमृत विचार

संतकबीरनगर : महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवा के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ ने रविवार को अग्निशमन शाखा और आपात सेवा शाखा में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने अग्निशमन अधिकारी और कर्मचारियों को पिन-फ्लैग लगाकर वक्तव्य पढ़कर सुनाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आम नागरिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अग्निशमन वाहनों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी केशव नाथ ने बताया कि अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह रविवार 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत अग्निशमन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा आम जनता को आग बुझाने के उपकरण व आग बुझाने के तरीकों के बारे में जागरुक किया जाएगा। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कबीर चौरा पर तीन दिवसीय रामोत्सव का हुआ आयोजन

रामोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

मगहर, संतकबीरनगर। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कबीर चौरा मगहर में तीन दिवसीय रामोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को संत कबीर अकादमी के आडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसके पहले दिन कार्यक्रम की शुरूआत कबीर दास द्वारा रचित निर्गुण भजनों से की गई और समापन कृष्ण के मयूर नृत्य व चरकल नृत्य से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत कबीर अकादमी के निदेशक अतुल द्विवेदी और संचालन दूरदर्शन की उदघोषिका रीता श्रीवास्तव ने किया।सदगुरू कबीर की निर्वाण स्थली मगहर के कबीर चौरा परिसर में स्थित संतकबीर अकादमी के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। देर शाम वाराणसी के पंडित रविशंकर मिश्र के टीम की नृत्य निर्देशिका कंचन लता मिश्र के नेतृत्व में सौम्या गुप्ता, सोनी सेठ, मांडवी सेन और गायन विशाल मिश्र सागर ने गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति और शिव नृत्य को नृत्य नाटिका श्रीराम प्रसंग के माध्यम से प्रस्तुत किया। उसके पश्चात बृंन्दावन से रवि शर्मा के निर्देशन में उनकी टीम ने श्रीकृष्ण के मयूर नृत्य और चरकला नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इस मौके पर निदेशक संस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश शिशिर, निदेशक संत कबीर अकादमी अतुल द्विवेदी, कबीर अकादमी सहायक आशुतोष द्विवेदी, केशवदास शास्त्री, राम प्रीत दास, राम सेवक दास, नबी करीम बच्चा, विजय तिवारी, वैद्य रामशरण दास, विनोद दास, कल्पनाथ दास समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी ने जनपद मुख्यालय पर चलाया जन सम्पर्क अभियान

संवाददाता संतकबीरनगर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तिथियां जैसे जैसे करीब आती जा रही हैं राजनीतिक दलों की चुनावी सक्रियता भी बढ़ती जा रही है। रविवार भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद ने अपने समर्थकों के साथ जनपद मुख्यालय के सरैया बाईपास, सुगरमिल चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, गोलाबाजार, मुखलिसपुर चौक, आजाद चौराहा, मेंहदावल चौक, मुखलिसपुर रोड, बनिया बारी समेत विभिन्न मोहल्लों में जन सम्पर्क कर भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। एक बार फिर केंद्र में प्रचण्ड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया। जूनियर हाईस्कूल के पास स्थित दुकान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मोदी सरकार ने विकास के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। देश को भ्रष्टाचार और अराजकता के चंगुल से आजाद कराकर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है।प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए उज्वला योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, निः शुल्क शौचालय, किसान सम्मान निधि, निःशुल्क खाद्यान्न समेत बेरोजगार नौजवानों को रोजगार से जोड़ने के लिए मुद्रा लोन योजना संचालित कर बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के उत्थान का प्रयास किया है। आज भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर भक्तों को गौरवान्वित कर रहे हैं तो काशी विश्वनाथ कारीडोर सनातन के गौरव का साक्षी बन रहा है

कांशीराम स्टेडियम खलीलाबाद में तीरंदाजी का दिया जाएगा प्रशिक्षण

मगहर, संतकबीरनगर,अमृत विचार : मगहर स्थित संतकबीर स्नाकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में तीरंदाजी संघ के जिलाध्यक्ष राकेश मिश्र के संयोजन में रविवार को संतकबीरनगर तीरंदाजी संघ का भव्य उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गोरक्ष प्रान्त रमेश के द्वारा फीता काटकर किया किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संतकबीरनगर के सांसद और भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण निषाद ने तीर चलाकर कार्यक्रम आगे बढ़ाया।

धनुष बाण चलाकर तीरंदाजी संघ का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि और क्षेत्रीय सांसद।

इस दौरान मुख्य अतिथि रमेश ने कहा कि तीरंदाजी भारत का पारम्परिक युद्ध कौशल रहा है।जिसके विभिन्न काल खंडों में अनेक दिव्य महापुरुषों ने अपना उचित योगदान प्रदान किया। चाहे प्रभु श्रीराम चाहे महाभारत के धनुषधारी अर्जुन हों सभी ने तीरों के माध्यम से ही बड़े बड़े युद्ध लड़कर धर्म की स्थापना कराई थी। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी ओलम्पिक खेल के रूप में 8 अगस्त 1973 को विश्व स्तर पर स्थापित हुआ। इस खेल के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। तीरंदाजी संघ के जिलाध्यक्ष राकेश मिश्र ने कहा कि इस खेल से युवाओं को जोड़कर उनकी प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर सांसद इंजीनियर परवीन निषाद,डाक्टर रत्नेश कुमार मिश्र, श्रीराम गुप्त, शिवनरायन बर्मा, राघवेन्द्र पाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

देह व्यापार में संलिप्त तीन महिलाएं व 2 पुरुष गिरफ्तार

संवाददता, संतकबीरनगर अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अवैध और अनैतिक कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग के कांटे तिराहे के पास स्थित ढ़ाबे पर छापेमारी कर देह व्यापार में संलिप्त तीन महिलाओं और दो पुरुषों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के सिलसिले में क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कांटे चौराहे पर इंडियन आयल पेट्रोल पंप के पास स्थित ढ़ाबे में देह व्यापार का अनैतिक कारोबार संचालित हो रहा है। सूचना को गम्भीरता से लेते हुए मौके पर पहुंच कर छापेमारी की गई तो वहां आशा सिंह उर्फ दुर्गावती पत्नी नर्वदेश्वर निवासी पथरदेवा थाना तरकुलवा जनपद देवरिया, अंजली यादव पत्नी राजेश यादव निवासी फूलसराय खैरुद्दीनपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़, बेबी पत्नी दिलीप निवासी बभनान भटहा जंगल थाना गौर जनपद बस्ती और रिंकू गुप्ता पुत्र लालजी गुप्ता निवासी गढ़गोरिया थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती व श्याम प्रकाश चौरसिया पुत्र बाबूलाल चौरसिया निवासी बेलवाडारी थाना कोतवाली बस्ती जनपद बस्ती को आपत्तिजनक स्थिति में पाया गया। तीनों महिलाओं और दोनों पुरुषों को तत्काल हिरासत में लेकर कमरे की तलाशी ली गई तो वहां से 8 पैकेट कण्डोम, 2 अदद एण्ड्रायड फोन और 1700 रुपए नकद बरामद किया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सभी पांचों अभियुक्तों के खिलाफ समुचित धाराओं के तहत मुकदमा कायम कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

सपा ने पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को बनाया उम्मीदवार

संवाददाता संतकबीरनगर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने रविवार को प्रदेश की सात और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। संतकबीरनगर से अक्सर चर्चाओं में रहने वाले पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को टिकट दिया है, जो अपनी ही सरकार में जेल चले गए थे। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर सपा-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रही है। जिसमें सपा 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जिसमे संतकबीरनगर लोकसभा सीट भी सपा के पाले में है। भाजपा ने सिटिंग सांसद प्रवीण निषाद को दोबारा मैदान में उतारा है। ऐसे में सपा ने भी निषाद का एक ट्रंप कार्ड खेलकर कहीं न कहीं भाजपाई उम्मीदवार और एनडीए को चिंता में डाल दिया है। अब देखने की बात होगी कि पप्पू निषाद को जनता का कितना साथ मिलता है। रिकार्ड के मुताबिक अभी तक पप्पू निषाद चुनाव में अजेय रहे हैं। अभी तक उन्हें किसी भी चुनाव में हार नहीं मिली है।

पप्पू निषाद।

ये था मामला

वर्ष 2006 में बेलहर कला में जमीन विवाद को लेकर राज्य मंत्री पप्पू निषाद और उनके दर्जनभर समर्थकों पर गांव की ही महिला चांदमती के घर में घुस कर उससे मारपीट करने का आरोप लगा था। उस समय कोर्ट के आदेश पर राज्यमंत्री समेत उनके समर्थकों पर बखिरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।इस मामले में पप्पू निषाद को छोड़कर बाकी आरोपियों ने जमानत करवा लिया था, लेकिन मंत्री लगातार कोर्ट की अवहेलना करते रहे। मामले में सुनवाई करते हुए सीजेएम कोर्ट ने राज्यमंत्री पप्पू निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। पप्पू ने कोर्ट में समर्पण किया और उनके वकील की तरफ से जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया। इस पर बहस के बाद कोर्ट ने मामले को गंभीर माना था। और सीजेएम संजय कुमार गौड़ ने राज्यमंत्री को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र से जीत चुके हैं विधायकी

संतकबीरनगर। लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद वर्ष 2012 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर मेंहदावल क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। वर्ष 2016 में राजा भैया के गठबंधन से हटने के बाद उन्हें खाद्य एवं रसद विभाग के मंत्री के रूप में जिम्मेदारी मिली थी। वर्ष 2017 के चुनाव में प्रदेश सरकार में मंत्री रहे पप्पू निषाद का टिकट काटकर पार्टी ने मेंहदावल क्षेत्र से वरिष्ठ नेता जयराम पांडेय को टिकट दे दिया था लेकिन वे भी चुनाव हार गए थे।

बड़े अंतर से जीतूंगा चुनावः पप्पू निषाद

संतकबीरनगर : जब इस बारे में अमृत विचार ने पप्पू निषाद से बात किया तो उन्होंने कहा कि चुनौती और खुशी दोनो है। हमारे ऊपर विस्वास जताने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति हृदय से आभारी हूं। उन्होंने कहा कि संतकबीरनगर लोकसभा सीट को बड़े अंतर से जीतकर पार्टी के निर्णय को सही साबित करना मेरा लक्ष्य है। पार्टी के एक-एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता संतकबीरनगर में पार्टी की जीत के लिए अपना शत् प्रतिशत योगदान करेंगे। निश्चित ही पार्टी और इंडिया गठबंधन अबकी बार प्रदेश से अधिक से अधिक सीटें जीतेगी केंद्र से मोदी सरकार की विदाई का रास्ता तय करेगी।

वर्ग पहेली-40

बाएं से दाएं

1. बजता
4. 1. साथी, संगी, मित्र, दोस्त 2. (नाटक) नायक का सहचर।
5. जो व्यक्ति अपने चारों ओर रहने वालों आदि के न रहने पर भी बचा हुआ या जीवित हो।
6. 1. छोटी पहाड़ी, उपगिरि 2. नारी 3. मादा चूहा, मूषिका, चुहिया 4. छोटा चूहा।
8. (काव्यशास्त्र) एक प्रकार का गुणी

ऊपर से नीचे

1. 1. रवानगी, प्रस्थान 2. छुट्टी, अवकाश 3. आज्ञा, परवानगी, इजाज़त 4. वधू की मायके से विदाई।
2. 1. जिसका अभिभव हुआ हो, पराजित, हारा हुआ 2. दबाया हुआ, अधीनस्थ 3. तिरस्कृत, उपेक्षित।
3. 1. संदेशवाहिका, दूती 2. कुटनी 3. नाक, नासिका 4. युग्म, जोड़ा 5. गंध, महक।
5. 1. पलंग 2. परिजन 3. आस-पास साथ रहने वाले लोग 4. समूह, वृंद 5. समारंभ, तैयारी 6. पटका, कमरबंद 7. (काव्यशास्त्र) एक अर्थालंकार जो अभिप्राय युक्त विशेषणों से युक्त होता है
7. 1. पिता या अन्य आदरणीय जन के लिए एक संबोधन 2. महात्मा गांधी के लिए प्रयुक्त एक आदरसूचक संबोधन।



वर्ग पहेली -39 का हल

				1 दो	चं	2 द
3 ए	ल	ब	4 म			हा
			5 हा	ई	फा	ई
	6 दु		ब			
7 अ	ल	क	ली			8 ना
	दु					मि
9 का	ल	को	ठ	री		क

सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		2			4		
	7			1	6			5
			5					3
		5				9		
	3	7				2	4	
1		4				6		
7			3		5		9	
2			1	4			7	
		6			9		8	

सुडोकू -118 का हल

3	8	4	7	2	5	6	9	1
6	5	2	1	3	9	4	7	8
9	7	1	4	6	8	5	3	2
4	6	7	3	5	1	8	2	9
8	3	9	2	4	7	1	6	5
1	2	5	9	8	6	7	4	3
5	4	8	6	9	2	3	1	7
7	9	3	8	1	4	2	5	6
2	1	6	5	7	3	9	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 16 अप्रैल 03.05 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज मीडिया से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विवाह आदि मांगलिक कर्म में आ रही बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। पूर्व दिनों की अपेक्षा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

वृष — आज नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें। किसी की सहायता करने से आपको मदद मिलेगी। पहले दिया गया उधार आपको वापस मिल सकता है। उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। पूरा दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

मिथुन — आज जिम्मेदारी के साथ सभी काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। फोन के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। नई तकनीक का प्रयोग आप सीख सकते हैं।

कर्क — आज बेकार की बातों में समय बर्बाद न करें। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण रखें। शरीर में दुर्बलता रहेगी। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें। नए कार्यों में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें। मन में स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

सिंह — आज लोग आपकी बातों से प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संपत्ति के मामले हल होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

कन्या — आज संतान की सफलता से उत्साहित हो सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

तुला — आज समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। एकाग्रता में कमी होने के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। उच्च अधिकारी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। पारिवारिक संपत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ संपर्क न रखें। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए।

धनु — आज नई जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से धन लाभ प्राप्त होगा। लघु उद्योगों में आपको सफलता मिलेगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

मकर — आज व्यापार में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी सूझबूझ की सर्वत्र प्रशंसा होगी।

कुंभ — आज परिजनों के साथ बहस हो सकती है। क्रोध और गुस्से के कारण आपको परेशानी होगी। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। अपने मन पसंद कार्यों को समय अवश्य दें। आपको मेहनत के दम पर उत्तम सफलता मिलने की संभावना है।

मीन — आज आपके पास काम की अधिकता रहेगी। अधिकारियों का विरोध झेलना पड़ सकता है। मित्रों की मदद से आपकी कोई योजना सफल होगी। विद्यार्थी नई जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे। ज्यादा मेहनत करने के कारण शरीर में थकावट हो सकती है।

आज की फिल्में

देवता
दोपहर : 12.00

एक और एक ग्यारह
रात : 07.01

रोबोट
सुबह : 10.56

रमन राघव 2.0
रात : 08.00

2012
सुबह : 11.23

टैक्सी ड्राइवर
रात : 07.55

दिल मांगे मोर
सुबह : 09.50

हैपी फिर भाग जाएगी
रात : 10.30

हीरो
सुबह : 11.00

अय्यारी
शाम : 06.15

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर-आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की-क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर-नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की- ओह! नो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर-ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की -अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई शादी हुई थी तो जब भी मैं खाना बना कर लाती थी तो आप खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- अब ऐसा क्यों नहीं करते?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

एक नजर

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र का निधन

सुलतानपुर, अमृत विचार : भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पं. गोकुल प्रसाद पाठक के ज्येष्ठ पुत्र अशोक पाठक (68) का निधन हो गया है। वह बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में मैनेजर पद से वर्ष 2016 में रिटायर हुए थे। इस बीच वह अस्वस्थ चल रहे थे। शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। रविवार दोहपर दो बजे अंतिम सांस ली।

वारंटी गिरफ्तार

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार को आयुध अधिनियम थाना कूरेभार से संबंधित वारंटी अभियुक्त राजेश उर्फ रज्जू नट निवासी ग्राम उमरी थाना गोसाईगंज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

घायल महिला मेडिकल कालेज रेफर

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार की दोपहर को कलावती (62) निवासी शाहपुर लपटा थाना मोतिगरपुर स्थानीय सीएचसी पर इलाज कराने अपने नाती के साथ अस्पताल पहुंची थी। इसी दौरान सीएचसी परिसर में ही एम्बुलेंस बैक करते समय वह चपेट में आकर घायल हो गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गम्भीर हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

महिला घायल

गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईंगंज थाना क्षेत्र की बाबूगंज निवासी महिला साजिदा पत्नी भोला शनिवार शाम को खेड़ी डोडापुर स्थित खेत में थ्रेशर से गेंहू की मड़ाई कर रही थी। इसी बीच पीटीओ साफ्ट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कालेज ले जाया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

डॉ. आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने का लिया गया संकल्प, शहर में निकाली गईं आकर्षक झांकियां

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः रविवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। शहर में विभिन्न इलाकों से आई झांकियों का प्रदर्शन किया गया। उत्साही युवाओं ने डीजे की धुन पर डांस किया। जगह-जगह शर्बत, छोला, पूड़ी सब्जी, पानी आदि का वितरण किया गया। रूट डायवर्जन के बावजूद दोपहर बाद पयागीपुर से लेकर बस स्टेशन तक शहर जाम से कराह उठा। पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

संगोष्ठी में अधिकारियों ने रखे विचार

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला की अध्यक्षता में रविवार को संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी आयोजित की गयी। एडीएम ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग, भारत को एक (संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनितिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना को स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में एत्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। यहां सीआरओ देवेन्द्र सिंह, अपर उप जिलाधिकारी प्रवीन कुमार, नवागत ज्वांइट मजिस्ट्रेट वैशाली, कर्मचारी प्रन्तीय अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी सहित अन्य ने अपने विचार रखे।

धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

बल्दीराय में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला मंत्री मुकेश अग्रहरि ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने प्रभार शक्ति केंद्र (अलियाबाद) में गोष्ठी का आयोजन कर भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न से अलंकृत डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पार्चन कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके सुकृत्यों को याद किया। साथ ही शक्ति केंद्र संयोजक अरविंद यादव के संयोजन में बैठक की। विधानसभा विस्तारक विजय द्विवेदी के कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिए कि प्रत्येक बूथ पर 60 प्रतिशत से अधिक मत हमारे पार्टी के प्रत्याशी को प्राप्त हो। मंडल महामंत्री विशाल जायसवाल, शक्ति केंद्र संयोजक वीरेन्द्र तिवारी, रमाकांत मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष फैयाज अहमद, बूथ अध्यक्ष ननकऊ साहू व रघुनाथ अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

बाबा साहब की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण। अमृत विचार

भाजपा ने 1832 बूथों पर मनाया समरसता दिवस

सुलतानपुर : भाजपा ने रविवार को संविधान निर्माता डा.भीमराव आम्बेडकर की 133 वीं जयंती जनपद के 26 मंडल व 1832 बूथों पर सामाजिक समरसता के रूप में मनाई। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में भाजपाइयों ने विकास भवन के सामने स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया इसके बाद गोलाघाट पर स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित मोर्चा के कोषाध्यक्ष मनोज पासी ने कहा बाबा साहब के अधूरे कार्यो व उनके सपनों को मोदी ने मूर्तरूप देने का काम किया है। उन्होंने कहा भारतरत्न डॉ अम्बेडकर दुनिया के हर पीड़ित, शोषित की आवाज थे। यहां जिलाध्यक्ष डा.आरए वर्मा, लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, सुमन राव कोरी, पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, बबिता तिवारी, सभासद रमेश सिंह टिन्नू, डॉ संतोष सिंह, आकाश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

कूरेभार कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

कांग्रेस कार्यालय पर डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

कांग्रेसियों ने जयंती पर बाबा साहेब को किया याद

सुलतानपुर : डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती कांग्रेस कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों कांग्रेसी नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद शहर स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के गौसेसिंहपुर, खड़सरा, कैथवारा, आलापुर, चंदौली, लामा, कादीपुर तहसील के सरैया आदि स्थानों पर पहुंचकर संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कूरेभार में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

कूरेभार में रविवार को आंबेडकर जयंती समारोह समिति द्वारा कूरेभार में सुबह से ही भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। विभिन्न मार्गों से आई दर्जनों झांकियां कस्बे के सेमरी रोड पर इकट्ठा हुईं। कस्बे के चारों रोड पर शोभायात्रा निकाल कर वापस चौराहे पर समाप्त हुई। इस दौरान कस्बे में चारों रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। डा. आंबेडकर के समर्थकों ने डीजे की धुन पर खूब थिरके।

बसपा ने उदराज वर्मा को बनाया प्रत्याशी

सुलतानपुर, अमृत विचारः बहुजन समाज पार्टी ने सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बहुप्रतिक्षित प्रत्याशी की घोषणा कर दी हैं। पार्टी की ओर से डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर रविवार को गभड़िया में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया।

बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा।

जिलाध्यक्ष सुरेश गौतम ने बताया कि पार्टी ने युवा चेहरा व साफ सुथरी छवि वाले उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित किया है। उदराज जिला पंचायत सदस्य है। बसपा के अयोध्या, देवीपाटन, वारणसी, आजमगढ़ मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी घनश्याम चंद्र खरवार व बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की मौजूदगी में बसपा प्रत्याशी उदयराज वर्मा के नाम की घोषणा की गई। इसके पहले भारतीय जनता पार्टी ने मेनका संजय गांधी को अपना उम्मीदवार बनाया है। तीनों पार्टी से प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद अब चुनाव प्रचार अभियान को रफ्तार मिलेगी।

सार-संक्षेप

सपा ने राम भुआल निषाद को बनाया उम्मीदवार

सुलतानपुर, अमृत विचार : सपा द्वारा सुलतानपुर लोकसभा चुनाव के लिये भीम निषाद को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद जिले की सपा दो धड़ों में बटी नजर आ रही थी। जिसके चलते भीम निषाद सहित अन्य पदाधिकारी लगातार लखनऊ की परिक्रमा करते नजर आ रहे थे। वहीं रविवार को समाजवादी पार्टी ने मौजूदा प्रत्याशी भीम निषाद को किनारे करते हुए गोरखपुर के पूर्व मंत्री व विधायक रहे राम भुआल निषाद को उम्मीदवार घोषित किया है। बताते चलें कि अभी भीम निषाद द्वारा नोटों की गड्डी बांटते वीडियो वायरल हुआ था। जिस पर उनके खिलाफ़ मुकदमा दर्ज हुआ था।

सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद।

बेकाबू ट्रक मेडिकल स्टोर में घुसा, ड्राइवर-क्लीनर घायल

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार : सुलतानपुर-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की रात को गिट्टी लदी डंपर ने अनियंत्रित होकर धम्मौर खेतकुरी मोड़ के पास बिजली के खंभे को तोड़ते हुए मकान के टीन शेड को तोड़ते हुए बगल मेडिकल स्टोर दुकान में जा घुसी। जो रायबरेली से गोरखपुर जा रही थी। ट्रक चालक राजकुमार (30) ग्राम बिनके थाना जफराबाद जिला फतेहपुर सिकरी और क्लीनर दशरथ निवासी बरौवा थाना ललौली जिला फतेहपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौजूद आसपास लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका गंभीर अवस्था में इलाज किया जा रहा है। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि चालक व सहायक गंभीर रूप से घायल है। ट्रक मालिक को सूचना दी गई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है

धम्मौर में टीनशेड तोड़ते हुए दुकान में घुसा ट्रेलर।

एम्बुलेंस के ससमय पहुंचने पर बची महिला की जान

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : लामा बनकटा निवासी किशन निषाद की पत्नी को प्रसव पीड़ा हो रही थी तो आशा ने तुरंत 102 एम्बुलेंस पर फोन किया तो तत्काल एम्बुलेंस के पायलट अजीत कुमार पाल ने एम्बुलेंस लेकर लामा बनकटा के लिए प्रस्थान किया और समय से किशन निषाद के घर पहुंच कर उनकी पत्नी प्रमिला देवी को एंबुलेंस में शिफ्ट कराया और अस्पताल की तरफ कुछ ही दूर एंबुलेंस बढ़ी थी कि प्रमिला जी को प्रसव पीड़ा चालू हो गई इस पर पायलट और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अनीता देवी की सूझबूझ से एंबुलेंस में ही प्रसव हुआ और लखनऊ के इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर फिजिशियन से दिशा निर्देश लेकर जच्चा बच्चा को सीएचसी मोतिगरपुर में शिफ्ट कराया। एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर आशीष व जिला प्रभारी मनोज ने एम्बुलेंस कर्मचारियों की सराहना की है।

कच्ची शराब के साथ पांच गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस ने कच्ची शराब बिक्री करने के आरोप में पांच को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 44 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया है। पकड़े गए लोगो के विरुद्ध आबकारी अधिनियम मामला दर्ज किया गया है। उपनिरीक्षक भारत सिंह ने रात करीब आठ बजे मदुरी धूंधूं निवासी रहीम को आठ लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक अमित सिंह ने पुलिस टीम के साथ रात साढ़े दस बजे सोनवातारा निवासी राधेश्याम को 9 लीटर व रात सवा दो बजे चांदपुर सैदोपट्टी निवासी देव नारायन यादव को 11 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। हेड कांस्टेबल अखिलेश सिंह ने रात पौने 11 बजे सोनवा तारा निवासी विश्राम को 7 लीटर शराब व आमकोल निवासी धर्मेंद्र को रात पौने तीन बजे 9 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

दुनिया में सबसे बड़ी है कलम की ताकत

सुलतानपुर, अमृत विचार : भदैया ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पतीपुर में डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के स्टाफ द्वारा सभी बच्चों को कापी, पेन, पेंसिल तथा सामान्य ज्ञान की किताबें वितरित की गई। विद्यालय प्रधानाध्यापक यासमीन बानो ने कहा कि सभी अभिभावकों को डा. भीम राव आंबेडकर के जीवन से यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि हम एक रोटी भले ही कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाएं। यही आंबेडकर जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर विद्यालय के सभी स्टाफ सेतोष चौरसिया, नीलम रावत व मालती तिवारी मौजूद रहे।

आंबेडकर जयंती पर बच्चों को वितरित की गईं पेंसिल, रबड़, पेन व पुस्तकें।

स्टंट करने से रोका तो पकड़ा कालर

- सिपाही की तहरीर पर सगे भाइयों पर एससीएसटी समेत गंभीर धाराओं में केस

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचारः बाइक से स्टंट करने से रोकने पर दो सगे भाइयों ने सिपाही पर ही धौंस झाड़ने लगे और वर्दी का कॉलर पकड़ लिया। हाथापाई करने ते हुए गाली गलौज भी किया। सिपाही की तहरीर पर बल्दीराय थाने में एससी एसटी समेत संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित भाइयों की तलाश में पुलिस जुटी है।

सिपाही अयोध्या साह।

यह पूरा मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र के पाराबाजार चौराहे का है। बल्दीराय थाने पर तैनात सिपाही अयोध्या साह ने तहरीर में बताया है कि दो सगे भाई थाना क्षेत्र के अलियाबाद निवासी नदीम उर्फ शालू व उसका भाई पुत्रगण जहीर चौराहे पर दो दिन पूर्व बाइक लेकर पहुंचे। यहां दोनों भाई बाइक से स्टंट करने लगे। वहां लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। खतरा मंडरा रहा था कि कही दोनों भाई किसी अनहोनी का शिकार न हो जाए। ऐसे में वहां ड्यूटी पर मौजूद था और उन्हें ऐसा करने से मना किया। सिपाही अयोध्या ने बताया कि दोनों भाइयों को स्टंट करने से मना करना नागवार लगा। दोनों दबंगई पर उतर आए। आरोप है कि दोनों ने सिपाही की कालर पकड़कर उसके साथ हाथापाई व गाली गलौज किया। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद सिपाही ने थाने पर नामजद तहरीर दी। जिसमें एससी/एसटी समेत कई गंभीर धाराओं में दोनों सगे भाइयों पर आज केस दर्ज किया गया है।

बल्दीराय थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी नदीम उर्फ शालू व उसके भाई के खिलाफ जाति सूचक शब्द, गाली गलौज करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के ईशीपुर गांव में बाइक और साइकिल की टक्कर में साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान ईशीपुर के श्रीराम (60) के रूप में हुई। वह सब्जी लेकर घर वापस जा रहे थे। कादीपुर की ओर से आ रहे बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। परिजनों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चांदा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। एसओ चांदा रवींद्र सिंह ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बाबा साहब की प्रतिमा लगाने के प्रयास में 18 का चालान

- एसडीएम कादीपुर ने सभी को मुचलके पर रिहा किया

अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र की दसऊपुर गांव में प्रशासन की अनुमति के बिना ग्राम पंचायत की भूमि पर शनिवार की रात डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए फाउंडेशन बनाया जा रहा था। सूचना मिलने पर हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे एसओ नारद मुनि सिंह ने सख्ती दिखाते हुए अवैध निर्माण को तत्काल रुकवा दिया। तहसीलदार मयंक मिश्रा एवं सीओ कादीपुर भी विवादित स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान कमलेश कुमार राव सहित 18 लोगों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत पाबंद किया। एसडीएम कादीपुर शिवप्रसाद ने मुचलके पर सभी को रिहा कर दिया। पुलिस की निगरानी में मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। ग्रामीणों ने बताया कि विवादित भूमि पर बारात घर बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका।

थाना प्रभारी ने बताया कि गांव के लोगों द्वारा ग्राम पंचायत की भूमि पर अवैध निर्माण कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर कोई निर्माण नहीं पाया गया। किन्तु स्थल पर कुछ लोग इकट्ठे हुए थे, जिन्हें थाने लाकर पाबन्द किया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक के पैर में लगी गोली

- पुलिस कर रही मामले की जांच घायल मेडिकल कॉलेज रेफर

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः रविवार की शाम पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने जा रहे युवक के जांघ में संदिग्ध अवस्था में गोली लग गई। जयसिंहपुर सीएचसी से उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर किया गया है। युवक को गोली कैसे लगी इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के ढरसौली गांव निवासी आदित्य सिंह (24) पुत्र कर्मराज सिंह शाम करीब पांच बजे एक युवक के साथ बाइक में तेल डलवाने पेट्रोल पंप पर जा रहा था। गंगापुर गांव के पास अचानक उसके दाहिने पैर में जांघ पर गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग आदित्य को सीएचसी जयसिंहपुर ले गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल जयसिंहपुर प्रेम चन्द्र सिंह ने पीड़ित से घटना के संबंध में पूछताछ की। कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कोई तहरीर अभी नही मिली है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है।

चालक को झपकी आने से ट्रक पलटा

- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में ट्रक चालक और सहायक गंभीर रूप से घायल

कूरेभार, सुलतानपुर

अमृत विचार। स्थानीय थाना क्षेत्र से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे है। रविवार सुबह लखनऊ से पटना जा रही ट्रक चालक को झपकी आ जाने के कारण बेकाबू होकर वैरियर तोड़ते हुए गड्ढे में जाकर पलट गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने चालक व सहायक को ट्रक से निकाल कर कूरेभार अस्पताल पहुंचाया।

रविवार की सुबह लगभग पांच बजे रामपुर निवासी चालक नासिर ट्रक लेकर क्लीनर फईम के साथ पटना बिहार जा रहा था। जैसे ही कूरेभार थाना क्षेत्र के 129 मील फुलौना के पास पहुंचा तभी चालक को झपकी आ गई। ट्रक अनियंत्रित हो कर एक्सप्रेस वे की वैरीकेडिंग तोड़ते हुए नीचे जा कर गिर गई। जिसकी सूचना बगल के खेतों में काम कर रहे लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने पुलिस की मदद से चालक व क्लीनर को कूरेभार अस्पताल पहुंचाया।

कूरेभार में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पलटा हुआ ट्रक।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्र ने बताया घायलों को ट्रक से बाहर निकाल कर इलाज के लिए कूरेभार सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं।

तालाब में डूबने से युवती की मौत

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की सुबह शौच के लिए गई युवती की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना थाना क्षेत्र के ममरखा गांव की है। जहां पर रामकल्प वर्मा की 23 वर्षीय पुत्री शिमला रविवार की सुबह घर से शौच के लिए गांव के बाहर स्थित तालाब पर गयी थी। काफी समय बीत जाने के बाद जब घर वापस नहीं पहुंची तो परिजनों ने काफी छानबीन की। लेकिन पता न चल सका। परिवारीजन ढूढ़ते हुए तालाब की तरफ गए। जहां पर उसका शव तालाब में उतराता दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया प्रथम दृष्टया युवती की मौत तालाब में डूबने से होना प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

हीलाहवाली जिल के ज्यादातर तालाब व पोखरे सूखे पड़े, जिम्मेदारों का इस ओर नहीं है ध्यान

सूखे अमृत सरोवरों से कैसे बुझे बेजुबान पक्षियों की प्यास

धनपतगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः सूखी हलक जिंदा रहने की जद्दोजहद के साथ भागदौड़ कर रहे बेजुबान पक्षियों और मवेशियों को जल शून्य गांव के ताल तलैया मुंह चिढ़ा रहे हैं। अमृत सरोवरों में पानी भराने के लिये जिला प्रशासन बेखबर है।

सप्ताह भर से तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों से तपिश भरा मौसम बेजुबान पशु पक्षियों के लिये भारी पड़ता जा रहा है। गांव में सरकारी योजनाओं के तहत लाखों खर्च से खोदे गये अमृत तालाबों में कहीं भी बूंद भर पानी नजर नहीं आ रहा है। मौसम की तपिश में सूखी हलक लिए पशु पक्षियों को पानी की तलाश में लम्बी भागदौड़ करनी पड़ रही है। प्रकृति के भरोसे जीवन बशर करने वाले पशु पक्षियों पर बढ़ती गर्मी भारी पड़ रही है।

धनपतगंज के वीरान सरैया का सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

देखा जाये तो विकास खंड में अमृत सरोवर, माडल तालाबों के निर्माण के पीछे जहां सरकार का एक उद्देश्य वर्षा जल संचयन का था, वहीं दूसरी सोच यह भी थी कि प्रकृति के भरोसे जीवन बशर करने वाले पशु पक्षियों को इन तालाबों पर प्यास बुझाने के लिये पानी मिल जायेगा। वहीं तालाबों के भीटे पर लगे पेडों से छांव भी मिल जायेगी। लेकिन पंचायतों की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली से न तालाबों में पानी भराया जा रहा है और न ही सुरक्षा का कोई बंदोबस्त है। रख रखाव के अभाव में लगे पेड़ ही कही कही ही नजर आ रहे हैं। ऐसे मे मौसम की तपिश बेजुबान मवेशियों और पक्षियों पर भारी पड़ रही है। जिला प्रशासन भी इस आसन्न संकट से बेखबर अभी तक विकास खंड के जलशून्य तालाबों में पानी भराने की पहल नहीं कर सका है।

तालाबों में पानी भराने का नहीं है आदेशः एडीओ

धनपतगंज विकास खंड के एडीओ पंचायत ने बताया कि तालाबों मे पानी भराये जाने का ऐसा कोई आदेश नहीं आया है। फिलहाल जिन तालाबों में पानी नहीं है, वहां पंचायतों को पानी भराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

शास्त्रार्थ व संवाद की भूमि रही है भारत

- नारायण ज्ञान धाम के वार्षिकोत्सव पर हुई संगोष्ठी

करौंदीकला, सुलतानपुर

अमृत विचारः भारत केवल भूखंड नहीं दर्शन दृष्टि और विचार है। हम पूरी पृथ्वी को अपना परिवार मानते हैं। सभी के सुखी होने की कल्पना करते हैं। भारत वर्ष शास्त्रार्थ और संवाद की भूमि रही है। भारतीय विचारधारा से दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान संभव है। यह बातें बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहीं। वह नारायण ज्ञान धाम बीबीपुर तिवारी के वार्षिकोत्सव पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संत तुलसीदास पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. इंदुशेखर उपाध्याय ने बताया कि भारतीय संस्कृति महिलाओं के कारण ही विश्व में वंदनीय है। गूगल कभी पुस्तकालय की जगह नहीं ले सकता। विशिष्ट वक्ता राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रो. ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि ने स्यादवाद के बारे में बताते हुए कहा कि महावीर स्वामी का स्यादवाद सिद्धांत आज अत्यन्त प्रासंगिक है। दुनिया के तमाम विवाद इससे हल हो सकते हैं। यह सिद्धांत स्पष्ट करता है कि जब हम मान लेते हैं कि हम न तो पूरी तरह से सही हैं और न ही दूसरे पूरी तरह से गलत तो हम अन्य विचारों को भी स्वीकार करने लगते हैं। जिससे दो विरोधी समूहों के बीच सार्थक संवाद की गुंजाइश बन जाती है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंध संकाय के मानव संसाधन विभागाध्यक्ष अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि अवसर और तैयारी को मिला कर भाग्य बनता है। सफलता पाने के लिए विद्यार्थियों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए। संगोष्ठी को पूर्व प्रवक्ता उदयभान सिंह, रामलाल गुप्त, डॉ.ए.के.सिंह, रामपाल मिश्र, एडवोकेट आसाराम, प्रियव्रत मिश्र व राजवल्लभ आदि ने भी संगोष्ठी किया। पूर्व पुलिस महानिरीक्षक व समारोह के आयोजक बीपी त्रिपाठी ने स्वागत व आभार ज्ञापन किया। समारोह के अंत में नारायण ज्ञान धाम द्वारा कराई गई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

एक नजर

नेपाल सीमा पर हो रही अनाज की तस्करी

शोहरतढ़,सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र के खुनवां चौकी के पकड़िहवा, महली, करहिया में अनाज की तस्करी के लिए तस्करों ने गोदाम बना रखे हैं। जिसमें गल्ला इकट्ठा कर फिर देर रात कैरियर के माध्यम से नेपाल के रंगपुर भेजा जाता है। पकड़िहवा के एक मकान में इनका गोदाम है। रात में एसएसबी के जवानों की ड्यूटी खत्म होते ही बाइक और ठेला, साइकिल से सीधे नेपाल रंगपुर भेज दिया जाता है। एक रात में करीब 100 से 150 बोरी तक अनाज निकल जाता है। तस्कर इससे मोटी कमाई करते हैं। वहीं बजहा का एक दबंग तस्कर बजहा और भरवालिया गांव में पिकअप द्वारा गल्ला मंगाकर स्टॉक कर कैरियर के माध्यम से नरखोरिया होते तुलशी डिहवा नेपाल भेजवाता है। जिसपर एक क्विंटल पर तस्कर 400 रुपये अतिरिक्त बचत करते हैं।

छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विकास क्षेत्र स्थित परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने शनिवार को स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण को लेकर जागरूकता रैली निकाली। डुमरियागंज नगर और गांव में भ्रमण करते हुए लोगों को बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने व बीमारी से बचने व साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया। प्रधान संघ के तहसील अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पढ़ी लिखी लड़की, रोशनी घर की, घर-घर शिक्षा का दीप जलाएं, आओ स्कूलों में नामांकन कराएं आदि नारों के बीच रैली प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करती हुई लोगों को शिक्षा व स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक अतहर मलिक ने कहा कि सभी लोग शिक्षा के महत्व को समझें और अपने बच्चों का नामांकन विद्यालयों में कराएं। इस दौरान प्रधानाध्यापिका कमल मोहनी, प्रीती, अनीता, प्रीति, दिलकश, समरीन आदि मौजूद रहे।

नेपाल सीमा पर सुरक्षा बलों ने किया पैदल गश्त

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना लोटन पुलिस, एसएसबी व नेपाल पुलिस की संयुक्त टीम के साथ भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा परपैदल गश्त किया गया। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

सफलता के लिए ज्ञान के साथ अच्छा चरित्र भी जरूरी : प्रो. जय प्रकाश

महाराणा प्रताप महाविद्यालय का समावर्तन संस्कार समारोह संपन्न

गोरखपुर

अमृत विचार। ज्ञान-विज्ञान के साथ चरित्र से बना व्यक्ति ही सफलता की ऊंची से ऊंची सीढ़ियों पर आगे बढ़ता जाता है। ज्ञान का सही अर्थ उसके उपयोग में है, न कि उसके अर्जन में। वास्तव में युवाओं का असली सामाजिक जीवन शिक्षा प्राप्ति के पश्चात ही प्रारम्भ होता है। विद्यार्थी अपने शैक्षिक जीवन में अर्जित सद्ज्ञान से ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपना महती योगदान कर सकता है। हमें यह समझना होगा कि सूरज की तरह चमकना है तो उसी की तरह तपना होगा, जगना होगा और लगातार चलना होगा।

यह बातें महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के 17वें समावर्तन संस्कार समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा, ज्ञान एवं संस्कार प्राचीन काल से ही भारतीय समाज के तीन प्रमुख स्तम्भ रहे हैं। ज्ञान, मेधा, सदाचरण और सच्चरित्रता का महत्व अनादि काल से देखने को मिलता है।

संस्कार समारोह में बोलते वक्ता, समूह गायन प्रस्तुत करतीं छात्राएं व मौजूद अतिथि। अमृत विचार

जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टण्डन ने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। परिश्रम, चरित्र और स्पष्ट दृष्टि से ऊंची से ऊंची उड़ान भरी जा सकती है। समाज में प्रतिमान बनने के लिए विद्यार्थियों को भीड़ से अलग बनने का गुर सीखना होगा। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि महाविद्यालय संस्कार आधारित शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर महानगर की पूर्व महापौर श्रीमती अंजू चौधरी एवं महाविद्यालय के पुरातन छात्र परिषद् के सदस्य धीरज कुमार बरनवाल भी उपस्थित रहे। संचालन महाविद्यालय के रक्षा एवं स्ट्रेटजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी रमाकान्त दूबे ने किया।

पारंपरिक भारतीय गणवेश में हुआ दीक्षान्त समारोह

समावर्तन संस्कार समारोह में मुख्य आकर्षण छात्र/छात्राओं का गणवेश रहा। केसरिया कुर्ता एवं सफेद धोती में छात्र तथा केसरिया साड़ी में छात्राएँ समावर्तन संस्कार समारोह का मुख्य आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि ने गाउन का यह विकल्प प्रस्तुत करने पर महाविद्यालय को बधाई दी।

श्रम, योग्यता और संघर्ष का नाम बाबा साहेब आंबेडकर : कन्हैया पासवान

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचल तक रविवार को भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चाएं हुईं। भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि श्रम, योग्यता और संघर्ष का नाम बाबा साहेब आंबेडकर है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि भारत निर्माण में भीमराव आंबेडकर का अद्वितीय योगदान रहा। जब देश स्वतंत्र होने के बाद स्वतंत्र भारत की पहली सरकार पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बनी तो आलोचक होने के बावजूद भी उन्हें उनकी प्रतिभा के कारण कैबिनेट में स्थान दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, हरिचरण कुशवाहा, संयोजक रामकुमार कुंवर भी मौजूद रहे। इसके अलावा शोहरतगढ़ में बाबा साहेब की 134वीं जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गई। नगर पंचायत शोहरतगढ़ कार्यालय पर चेयरमैन उमा अग्रवाल ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक असमानता को दूर करने तथा वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने में 'बाबा साहब' का योगदान अतुलनीय हैं। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पी एवं सामाजिक समरसता व न्याय के प्रणेता रहे। इसी क्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि डा. अम्बेडकर का प्रकाशवान जीवन दर्शाता है कि वह विद्वान और कर्मशील व्यक्ति थे।

बाबा साहेब आंबेडकर को यादकर दी श्रद्धांजलि

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी उमाशंकर एवं पीडी/प्र0 मुख्य विकास अधिकारी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें याद किया।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर ने कहा कि बाबा साहेब के सामाजिक और वैचारिक योगदानों के लिए हम सभी उनके ऋणी हैं। तत्कालीन समाज में व्याप्त बुराइयो को दूर करने के लिए बाबा साहेब ने संविधान में हर संभव प्रयास किया।

पीडी डा नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए पूरा जीवन काम किया। छुआछूत के साथ ही सामाजिक असमानता के लिए भी उन्होंने संघर्ष किया। ऐसे में उनके विचारों को सभी को एकजुट होकर आगे ले जाने की जरूरत है। बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर हम सभी को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर डीसी एन.आर.एल.एम. योगेन्द्र लाल भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, सेवानिवृत्त प्रवक्ता रतनसेन डिग्री कालेज बांसी केके त्रिपाठी, माता प्रसाद जायसवाल इन्टर कालेज इटवा सदानन्द त्रिपाठी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय ने किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय, जिला कमान्डेन्ट होमगार्ड राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते अधिकारी।

गरीब व वंचित बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा सत्र शुरू

गोरखपुर, अमृत विचार। क्लास एक से आठ तक गरीब एवं समाज से वंचित बच्चों को निशुल्क शिक्षा सत्र का शुभारंभ रविवार को चंद्राश फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित निशुल्क चंद्राश एजुकेशनल प्वाइंट में किया गया। जिसको राज सोनकर स्पॉन्सर कर रहे है। ये बैच बाबा भीम राव अम्बेडकर के 133 वें जयंती के अवसर पर दलित समाज के उत्थान के लिए खोला गया है। जिसका उद्देश्य गरीब बच्चों को शिक्षित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभासद प्रतिनिधि अशोक कुमार ने मां सरस्वती एवम भीम राव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया उसके बाद फीता काटकर बैच का उद्घाटन किया। सभी 60 बच्चों को स्टेशनरी वितरण किया गया। कार्यक्रम में दयाशंकर यादव, अमलेश कुमार फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, आकाश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्त खत्म

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज का रक्तकोष सूख गया है। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में शनिवार एक भी यूनिट रक्त नहीं बचा हैं। ऐसे में खून के कमी से किसी भी मरीज का जान भी जा सकता हैं। पिछले दो महीनों से ब्लड बैंक खून की कमी से जूझ रहा हैं, ऐसे में लोगों को कई बार खून दान करने का अपील भी किया गया हैं। लेकिन कोई स्वयं सेवक संस्था नहीं होने से लोगों को खून देने के लिए जागरूक नहीं किया जा रहा हैं। जिले में 18 थैलेसीमिया के मरीज हैं, जिन्हें प्रतिमाह खून फ्री में दिया जाता हैं। लेकिन ब्लड बैंक में खून की कमी होने से उन्हें भी खून नहीं मिल रहा हैं। ब्लड बैंक के इंचार्ज मनोज त्रिपाठी ने बताया कि लोगों को खून दान करने के लिए अपील किया जा रहा हैं, जल्द ही किसी कार्य दाई संस्था के माध्यम से ब्लड डोनेशन कैंप लगवाया जाएगा।

जिले में खून देने वालों के अपेक्षा दान मांगने वालों की संख्या अधिक हैं। ऐसे में किसी भी कैंप के माध्यम से खून मिलते ही उसे लोग फ्री में मांग ले जाते हैं। इससे ब्लड बैंक में हो रही खून की कमी को दूर नहीं किया जा सकता हैं। जबकि डोनेशन देने के नियम के अनुसार डोनेशन का 20 प्रतिशत ही खून कार्ड के माध्यम से फ्री कराया जा सकता हैं। लेकिन ब्लड बैंक में खून आने के एक सप्ताह के अंदर ही खून को दान में बांट दिया जाता हैं। अभी दो अप्रैल को बस्ती से 16 यूनिट खून मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में आया था। लेकिन कार्ड, थैलेसीमिया व दान से वह खून भी खत्म हो गया। इससे शनिवार को ब्लड बैंक में एक भी यूनिट खून नहीं बचा हैं।

> ब्लड बैंक में खून खत्म हो गया हैं, इसकी जानकारी हैं। रक्तदान करने के लिए कार्य दाई संस्थाओं को कहा जा रहा हैं। जल्द ही कैंप लगाकर ब्लड बैंक में खून की कमी को दूर किया जाएगा।
> **डॉ एके झा,** प्रभारी प्राचार्य

सार-संक्षेप

अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व जवान।

अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर आयोजित की परेड

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। अग्निशमन विभाग द्वारा सभी को सभी तहसील मुख्यालय व थाना क्षेत्र में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस शोक परेड आयोजित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई एवं अग्नि सुरक्षा जागरूक अभियान भी चलाया गया। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशन के अनुपालन में समूचे देश की अग्निशमन सेवाएं प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का आयोजन करती है। इस वर्ष का थीम अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें यह स्मृति दिवस फायर सर्विस के 66 कर्मियों एवं अधिकारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डाक सेवा में लगभग 600 टन बारूद रुई की गांठ व तेल के ड्रम से भरे हॉट स्ट्राइक लाइन जहाज में भीषण अग्नि दुर्घटना घटित होने पर अपनी शमन का कार्य करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया था । इस घटना की गूंज पूरे विश्व में सुनाई दी थी तभी से यह विभाग 14 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल तक शहीद दिवस के रूप में मनाते हुए आ रहा है।

रेलवे कर्मचारियों ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर सामाजिक न्याय के पुरोधा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर एक सभा कर उन्हें याद किया गया। सभा का संचालन करते हुए संघ के महामंत्री विनोद राय ने कहा कि बाबा साहब ने भारत की दुरूह सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों से समाज को निकालकर लोकतांत्रिक भारत बनाने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका को निभाया उन आदर्शों की स्थापना के लिए हमें सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। महामंत्री विनोद राय के साथ पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री डीके तिवारी, आरपी भट्ट,एस सी अवस्थी, कौशल कुमार सिंह इत्यादि पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष गाड़ियों का संचालन बढ़ा

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए और यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष गाड़ियों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में 04039 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 15 अप्रैल को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। 04680/04679 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-गुवाहाटी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा गुवाहाटी से 29 अप्रैल से 1 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा। 04314/04313 देहरादून-मुजफ्फरपुर-देहरादून ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन देहरादून से 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा मुजफ्फरपुर से 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा। 09111/09112 वडोदरा-गोरखपुर-वडोदरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन वड़ोदरा से 15, 22, 29 अप्रैल, 06, 13, 20, 27 मई एवं 03, 10, 17, 24 जून, 2024 प्रत्येक सोमवार को तथा गोरखपुर से 17, 24 अप्रैल, 01, 08, 15, 22, 29 मई एवं 05, 12, 19, 26 जून, 2024 प्रत्येक बुधवार को 11 फेरों के लिये किया जायेगा। 09417/09418 अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन अहमदाबार से 15, 22, 29 अप्रैल, 06, 13, 20, 27 मई एवं 03, 10, 17, 24 जून, 2024 अहमदाबाद प्रत्येक सोमवार को तथा दानापुर से 16, 23, 30 अप्रैल, 07, 14, 21, 28 मई एवं 04, 11, 18, 25 जून, 2024 प्रत्येक मंगलवार को 11 फेरों के लिये किया जायेगा। 09063/09064 सूरत-गोरखपुर-उधना ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन सूरत से 14 अप्रैल को को तथा उधना से 16 अप्रैल को एक फेरे के लिये किया जायेगा। 01141/01142 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-बनारस-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 15 अप्रैल से 13 मई तक प्रत्येक सोमवार को तथा बनारस से 16 अप्रैल से 14 मई तक प्रत्येक मंगलवार को पांच फेरों के लिये किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 10 अप्रैल एवं 01 मई, 2024 को चलाई जाने के लिए अधिसूचित 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मऊ ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार 17, 24 अप्रैल, 08 एवं 15 मई, 2024 को तथा पूर्व से मऊ से 12 अप्रैल एवं 03 मई, 2024 को चलाई जाने हेतु अधिसूचित 01080 मऊ-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 19, 26 अप्रैल, 10 एवं 17 मई, 2024 को 04 फेरों के लिये किया जायेगा। विस्तारित अवधि में इस गाड़ी का समय, ठहराव एवं शेष सूचनाएं पूर्ववत रहेंगी।

निर्माण कार्य के चलते संचालन रहेगा प्रभावित

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा गोरखपुर-गोंडा खंड के जगतबेला-सहजनवा-मगहर स्टेशनों के मध्य आटोमेटिक सिगनलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में नान इंटरलाकिंग कार्य के कारण पूर्व में 14 से 16 अप्रैल तक निरस्त की गई 05425/05426 भटनी-अयोध्या धाम जं.-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी 15 एवं 16 अप्रैल को बस्ती-अयोध्या धाम जं.-बस्ती के मध्य आंशिक रूप से बहाल की जायेगी तथा भटनी-बस्ती-भटनी के मध्य निरस्त रहेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

ऐसे रहेगा गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

नई दिल्ली, अमृत विचार। उत्तर रेलवे रेल प्रशासन द्वारा गोरखपुर-गोंडा खंड में निर्माण कार्य के कारण गाड़ियों को निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन और स्टॉपेज स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत है। निरस्तीकरण गाड़ी 22531 छपरा-मथुरा 15 अप्रैल, 2422532मथुरा-छपरा। गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन इस प्रकार है- 02563 बरौनी-नई दिल्ली, छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल। 02569 दरभंगा-नई दिल्ली, छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल। 02570 नई दिल्ली-दरभंगा, कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोरखपुर-छपरा कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-गाजीपुर सिटी-छपरा। 12554, नई दिल्ली-सहरसा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

कार्यक्रम टीबी स्वास्थ्य केंद्र पर मनाया गया क्षय रोग दिवस, प्रभारी सीएमओ डॉ. डीके चौधरी रहे मौजूद

5400 नए क्षय रोगियों को खोजने का लक्ष्य

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिले के टीबी स्वास्थ्य केंद्र पर क्षय रोग दिवस मनाया गया। इसमें पिछले वर्ष मिले क्षय रोगियों के बारे में जानकारी ली गई और नए वर्ष में 5400 नए क्षय रोगियों को खोजने का लक्ष्य दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी सीएमओ डॉ डीके चौधरी ने की।

सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार 2025 तक भारत को क्षय रोग मुक्त करना हैं। इसके लिए जिले से प्रतिवर्ष क्षय रोगियों को खोज कर इलाज करना रहता है। उसी के संबंध में जिला टीबी स्वास्थ्य केंद्र पर शासन के आदेश से विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। इसमें 2023 में मिले 5833 रोगियों के बारें में जानकारी ली गई। उसके बाद उपस्थित चिकित्सक कर्मियों को क्षय रोग से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। विश्व क्षय रोग दिवस पर टीबी के सभी अधिकारी, ब्लाक स्तर पर टीबी के स्वास्थ्य कर्मी, एचआईवी के एलटी व काउंसलर मौजूद रहे। प्रभारी सीएमओ डॉ डीके चौधरी ने सभी को टीबी के बारे में जानकारी दी। बताया कि जिले से पूर्ण से क्षय रोग मुक्त करना हैं। किसी भी प्रकार की लोगों को समस्या हो तो उनका जांच करवाए। गांव में जाकर लोगों को जागरूक करे। इससे वह इलाज करवाने के लिए आगे आए। बताया कि लक्ष्य के अनुसार रोगियों को चिंहित करे। इससे जल्द से जल्द जिले को टीबी मुक्त किया जा सके। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएम त्रिपाठी, डॉ मानवेंद्र पाल, पंकज त्रिपाठी, सतीश मिश्रा, दिग्विजय प्रसाद, पंकज, प्रीति, सुभाष उपस्थित रहे।

जानकारी देते चिकित्सक। अमृत विचार

मान्यता 5वीं की और कक्षाएं चल रहीं थी 10वीं तक

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर ने बीते शनिवार को निजी विद्यालयों की मान्यता की हकीकत जाने के लिए मलिक जूनियर हाईस्कूल मन्नीजोत पहुंचे। विद्यालय की मान्यता कक्षा पांचवीं तक है, जबकि स्कूल हाईस्कूल तक संचालित किया जा रहा था। बीईओ ने विद्यालय संचालक को नोटिस जारी कर तत्काल बंद करने का निर्देश दिया है। एक साल पहले भी विद्यालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। न तो जवाब दिया गया और न ही संचालन बंद किया गया।

ब्लॉक क्षेत्र मन्नीजोत स्थित मलिक जूनियर हाईस्कूल का बीईओ बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्र ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मानक विहीन, दुकान बने कमरों में स्कूल संचालित किया जा रहा था। जहां हवा, अग्निशमन सिलिंडर आदि की व्यवस्था नहीं थी। स्कूल की मान्यता कक्षा पांच तक ही है लेकिन संचालक इसमें 10वीं के तक के बच्चों की कक्षाएं चला रहा था। बीईओ ने स्कूल में तैनात शिक्षकों का शैक्षिक योग्यता की जांच की। जिसमें स्नातक में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं बच्चों को पढ़ा रहे थे। बीईओ ने बताया कि पिछले शिक्षा सत्र जुलाई 2023 में संचालकों को नोटिस जारी कर स्कूल बंद कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। मगर संचालकों के मनमानी से न तो स्कूल बंद किया गया और न ही जवाब दिया गया। मान्यता समाप्त करने के लिए रिपोर्ट बीएसए को आगे की कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी। किसी भी हालत में गैर मान्यता प्राप्त मानक विहीन स्कूलों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

बता दें कि भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र में प्राइवेट स्कूलों की बाढ़ सी आई हुई है। जिसमें कुछ बिना मान्यता तो कुछ स्कूलों के संचालक मनमानी से कक्षा पांच की मान्यता पर हाईस्कूल तक की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। मान्यता व गैर मान्यता प्राप्त संचालित निजी स्कूलों के संचालकों को जांच के बाद पिछले शिक्षा सत्र के जुलाई में बीईओ भनवापुर ने नोटिस जारी कर विद्यालयों को बंद करने के निर्देश दिए थे। लेकिन मनमानी बाकायदा जारी है।

जुलाई में नोटिस, आज तक कार्रवाई नहीं

सूत्रों की माने तो बिना मान्यता के संचालित होने वाले निजी विद्यालयों में कहीं न कहीं तगड़ी गठजोड़ है, जिसकी वजह से उन्हें कोई डगा नहीं पा रहा है। किसी प्रकार की कार्रवाई का भी भय नहीं है। शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों के मुताबिक जुलाई माह में कई विद्यालय जांच में बिना मान्यता के संचालित मिले थे। नोटिस जारी किया गया था। उनकी ओर से कोई जवाब भी नहीं दिया गया।

अपनी ढपली अपना राग

कांग्रेस, सपा, बसपा सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। कोई अलग नहीं है, ये वोटों के सौदागर हैं। चुनाव के समय दिखेंगे बाकी संकट के समय गायब हो जाएंगे।

– योगी आदित्यनाथ

बागडोर चाय बेचने वाले के हाथ में देंगे तो वह सिर्फ बेचेगा ही। कमाकर कुछ नहीं लाएगा। उसी तरह, आज हमारा देश बेचा जा रहा है। सीधा फायदा देने वाली संस्थाएं को निजी हाथों को सौंपा जा रहा है।

–आदित्य यादव

मैं अखिलेश यादव के सम्मान में जनसभा में जाऊंगा। लेकिन पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए चुनाव प्रचार नहीं करुंगा। लोग निराश हैं, अगर मैं प्रचार करुंगा तो उन्हें फिर से निराशा होगी।

– एसटी हसन

लोगों ने चौधरी चरण सिंह के काम को देखा और अब नया काम देख रहे हैं। भारत रत्न मिला तो लोगों के अंदर उत्सुकता पैदा हुई है।

–जयंत चौधरी

पूर्वांचल की सीटों पर बड़ी जीत हासिल करने को भाजपा का दावा घमंड जाहिर करता है। इस घमंड को ही काशी और पूर्वांचल की जनता चूर-चूर करेगी।

–अजय राय

कानून-व्यवस्था व बेरोजगारी, पक्ष-विपक्ष में युद्ध जारी

- सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहे योगी के भाषणों की विपक्ष ने निकाली काट
- प्रदेश में भाजपा बेहतर कानून-व्यवस्था को बना रही मुद्दा
- इंडी गठबंधन बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा नेताओं को घेर रहा

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनावी भाषण उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। महाराष्ट्र, गुजरात तथा जम्मू-कश्मीर की सभाओं में योगी के भाषण खूब सुने जा रहे हैं। आलम यह है कि योगी का 10 दिन पुराना भाषण भी सोशल मीडिया में टॉप ट्रेंड पर है। भाषणों को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है।

ऐसे में विपक्ष ने (इंडिया गठबंधन) भाजपा को रोजगार के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। हालांकि विपक्ष द्वारा उठाया गया रोजगार का मुद्दा सोशल मीडिया पर सामान्य ट्रेंड पर ही है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के भाषणों की काट के लिए पूरा विपक्ष योगी को रोजगार के मुद्दे पर घेरने के लिए एकजुट हो गया है।

आजम, अतीक और मुख्तार तीनों करेंगे नैया पार

एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ अन्य प्रदेशों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक मॉडल की तरफ पेश कर रहे हैं, वहीं यूपी के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य रणनीतिक तरीके से आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी पर केंद्रित भाषणों को प्रयोग कर रहे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों द्वारा हर मंच से अधिकतर तीन ही नाम लिए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा का आकलन है कि उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर लक्ष्य केंद्रित करने के लिए यह तीन नाम पर्याप्त है। संभवत: इसीलिए दोनों उपमुख्यमंत्री, यहां तक कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी इन्हीं तीन नामों का प्रयोग मंच पर कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सरकार ने विगत साढ़े छह साल में सैकड़ों अपराधियों का नामो-निशान मिटा डाला। फिर भी भाजपा को रणनीतिक दृष्टि से यही तीन नाम अधिक रास आ रहा है।

मंच से शुरु किया गरजना

अखिलेश बेरोजगारी पर केंद्रित, पीडीएम अन्य मुद्दों पर इंडी गठबंधन की चुनावी सभाओं पर गौर करें तो कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई उल्लेखनीय साझेदारी मंच पर नहीं की गई है, लेकिन सपा से अखिलेश यादव ने मंच पर गरजना शुरू कर दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अखिलेश द्वारा की गई सभाओं में वह कानून व्यवस्था को नजरअंदाज कर सरकार को बेरोजगारी पर घेरते नजर आ रहे हैं। सपा से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह योगी को कानून व्यवस्था पर सोशल मीडिया पर शाबाशी मिल रही है उस तरह अखिलेश को बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाकर घेरना ठीक प्रतीत हो रहा है। इसीलिए अखिलेश प्रत्येक मंच पर युवा, भविष्य और बेरोजगारी पर केंद्रित हैं। उधर, असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा बनाया गया गठबंधन पीडीएम सामान्यत: कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना कर रहा है। इसमें कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी के अलावा पीडीए के अधिकार और शिक्षा, स्वास्थ्य भी शामिल है।

कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति गठित

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव को लेकर उप्र. कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।

समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मो. शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ. शरद शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ. देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन

- भाजपा के संकल्प पत्र की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रशंसा
- बोले योगी मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के रविवार को जारी संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।योगी ने कहा विपक्ष आधार हीन हो चुका है, उनके नेताओं को ही अपनी पार्टी पर भरोसा नहीं रह गया है, ऐसे में कई पुराने नेता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं, क्योंकि वे यह जान चुके हैं कि इन पार्टियों का कोई भविष्य नहीं रह गया है।

योगी ने कहा कि सारे विपक्षी एकजुट होकर भाजपा को हराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनका कोई भी दांव नहीं चलने वाला जिससे वे पूरी तरह से हताश हो चुके हैं।

बसपा से सुल्तानपुर सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम आया सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर सीट के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। रविवार को बसपा की ओर से इस सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम सार्वजनिक किया गया। सुल्तानपुर में भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उदय राज वर्मा के नाम का एलान किया गया। इस कार्यक्रम में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि काफी मंथन के बाद उदय राज के नाम पर मुहर लगी है। इससे पहले पार्टी छह नामों पर चर्चा कर रही थी।

2019 में आरक्षित 17 सीटों में 15 पर भाजपा व दो पर बसपा ने किया था कब्जा

आरक्षित सीटों पर सेंध लगाने की तैयारी में इंडी गठबंधन

रमेश चन्द्र, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव 2024 में इंडी गठबंधन प्रदेश में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 17 सीटों में सेंध लगाने की तैयारी में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 15 सीटों पर जीत का परचम लहराया था, जबकि बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

प्रदेश में आरक्षित सीटों में नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, मोहनलालगंज, इटावा, जालौन, कौशांबी, बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव, लालगंज, मछलीशहर व रॉबर्ट्सगंज शामिल हैं। पहले चरण में नगीना आरक्षित सीट पर चुनाव होना है, जबकि दूसरे चरण में बुलंदशहर सीट है। पिछले चुनाव में बसपा ने नगीना सीट जीत ली थी। बसपा के गिरीश चंद्र ने भाजपा प्रत्याशी डॉ यशवंत सिंह को हराया था। जबकि 2014 के चुनाव में यशवंत सिंह ने यह सीट जीती थी।

इस बार भाजपा अपनी खोयी सीट पाने के लिए ओम कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने मनोज कुमर को चुनावी जंग में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद नगीना सीट से प्रत्याशी हैं। हाल ही में राष्ट्रीय समाज शोषित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने चन्द्रशेखर को समर्थन देने की घोषणा की है।

दूसरे चरण की बुलंदशहर सीट पर इस बार बसपा ने गिरीश चन्द्र जाटव, भाजपा से डॉ भोला सिंह व इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने शिवराम वाल्मीकि को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में भाजपा के भोला सिंह ने बसपा के योगेश वर्मा को पराजित किया था। इसी तरह, लालगंज सीट पर बसपा की संगीता आजाद ने भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। इस बार चुनाव में भाजपा सभी आरक्षित सीटों को जीत हासिल करने की कोशिश में हैं, वहीं बसपा जीती हुई दो सीटों के अलावा अन्य सीटें जीतना चाह रही है।

इंडी गठबंधन कर रहा साझा रणनीति पर कार्य

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने अपनी साझा रणनीति के जरिये आरक्षित सीटों पर विजय हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोक दी है। समन्वय सम्मेलनों के जरिये इंडी गठबंधन ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। भाजपा सरकार की खामियां बताने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगा हुआ है।

2014 में भाजपा ने जीती थीं सभी 17 सीटें

वर्ष 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था, इस बार भाजपा अपने 2014 के इतिहास को दोहराना चाह रही है।



स्मृति इरानी ने कर दिया था आसमां में सुराख

2019 में कांग्रेस के गढ़ अमेठी में राहुल गांधी को पराजित कर रचा था इतिहास

परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार: गांधी परिवार के गढ़ अमेठी में किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि वहां से राहुल गांधी को हराया भी जा सकता है।

अमेठी के लोकसभा चुनाव में अपने पहले मुकाबले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जमीन हिलाने वाली स्मृति इरानी ने दूसरी भिडंत में ही असंभव से दिखने वाले कार्य को संभव कर दिखाते हुए इतिहास रच दिया था। 2019 में अमेठी का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने दुष्यंत का शेर ट्वीट किया था, 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता'।

स्मृति का औपचारिक राजनीतिक जीवन 2003 में तब शुरू हुआ जब वे भाजपा में शामिल हुईं। 2004 मे वह महाराष्ट्र में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर और ओहदा बढ़ता गया।

टीवी सीरियल से तुलसी के रूप में लोकप्रिय हुई स्मृति इरानी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी में असंभव लक्ष्य को भेदने के लिए कदम रखा था। 2014 में उन्हें राहुल गांधी से 1,07,903 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था लेकिन कांग्रेस के गढ़ में उसकी जड़े हिलाने में उनको सफलता मिल गई।

हार के बावजूद उन्होंने अमेठी को नहीं छोड़ा। आखिरकार अमेठी की 'दीदी' के रूप के खुद को स्थापित करने में उनको सफलता मिली और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए उन्होंने कांग्रेस के ही गढ़ में उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया। अब लगातार तीसरी बार स्मृति फिर से चुनावी मैदान हैं।

कठिन लक्ष्य हासिल करना रही है खासियत

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता बताते हैं कि चुनौती भरे कठिन लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करना केंद्रीय मंत्री की खासियत है। अमेठी की दीदी के रूप में संसदीय क्षेत्र के लोगों से उनका पारिवारिक रिश्ता जुड़ गया है।

चुनावी मैदान में थे 28 प्रत्याशी

2019 के चुनाव में कुल 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राहुल और स्मृति के बीच ही था। 3940 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया था।

आईना : अमेठी लोकसभा सीट



2014 में किसको कितने वोट



2019 नोटा	2014 नोटा
3,940	1,784

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	408,651
बीजेपी	स्मृति ईरानी	300,748
बसपा	धर्मेन्द्र प्रताप सिंह	57,716
आप	डॉ. कुमार विश्वास	25,527

पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

विस	विधायक	पार्टी
तिलोई	मयंकेश्वर शरण सिंह	भाजपा
जगदीशपुर	सुरेश कुमार	भाजपा
गौरीगंज	राकेश प्रताप सिंह	सपा
अमेठी	महाराज प्रजापति	सपा
सलोन (रायबरेली)	अशोक कुमार	भाजपा

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	464,195
बसपा	आशीष शुक्ला	93,997
बीजेपी	प्रदीप कुमार सिंह	37,570



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1967 व 71	विद्याधर बाजपेयी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	रवीन्द्र प्रताप सिंह	जनता पार्टी
1980	संजय गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1981,84,89 व 91	राजीव गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991 व 96	सतीश शर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1998	संजय सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1999	सोनिया गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2004,09 व 14	राहुल गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2019	स्मृति ईरानी	भारतीय जनता पार्टी

2004 चुनाव के परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	390,179
बसपा	चंद्र प्रकाश मिश्रा	99,326
भाजपा	राम विलास वेदांती	55,438

नरसिम्हा राव ने रत्ना से किया था मंत्री बनाने का वादा

- लालगंज में हुई थी जनसभा, भाजपा प्रत्याशी उदयराज को हराकर रत्ना ने जीता था चुनाव
- 1996 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने जनसभा में कही थी बात

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के सिम्बल पर तीन बार सांसद निर्वाचित होने वाली राजकुमारी रत्ना सिंह को 1996 के चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने मंत्री बनाने का वादा जनसभा में सार्वजनिक रूप से किया था। चुनाव रत्ना सिंह ने जीत भी लिया। लेकिन सत्ता परिवर्तन के कारण रत्ना मंत्री नहीं बन सकीं।

पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह के निधन के बाद 1996 में उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा था। जिसमें कुल 41 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित उदय राज मिश्र, जनता दल ने प्रयागराज के भोला सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। लालगंज के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में राजकुमारी रत्ना के समर्थन में चुनावी जनसभा थी। जिसमें प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने लोगों को संबोधित किया था। अपने चुनावी भाषण में उन्होंने जनता से वादा किया था कि आप लोग रत्ना सिंह को चुनाव जिताकर भेजिए, उन्हें मंत्री बनाने का कार्य हम करेंगे। परिणाम आया तो राजकुमारी रत्ना सिंह चुनाव जीत गईं। हालांकि केंद्र में सरकार बदल गई। इस कारण से वह मंत्री नहीं बन सकीं और नरसिम्हा राव का वादा पूरा नहीं हो सका।

पूर्व सांसद राज कुमारी रत्ना सिंह ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की जनसभा में उनके साथ उनकी मां रानी नीलिमा सिंह भी साथ थीं। संयोग ही कह सकते हैं कि इस चुनाव के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीती और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बनाए गए थे। हालांकि यह अल्पकालिक सरकार रही। दो सप्ताह बाद संयुक्त मोर्चा गठबंधन संसदीय बहुमत हासिल करने में सफल रहा और जनता दल के एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनाए गए थे।

1996 के लोकसभा चुनाव का परिणाम



दल	उम्मीदवार
कांग्रेस	राजकुमारी रत्ना सिंह
भाजपा	उदय राज मिश्र
जनता दल	भोला सिंह
बसपा	बशीर पहलवान

11 बार कायम रहा राजघरानों का दबदबा, इस बार नहीं दिख रहा दखल

प्रतापगढ़ संसदीय सीट की सियासत में राजघरानों की बात करें तो 17 चुनाव में 11 बार इनका ही दबदबा रहा है। वर्ष 1962 में प्रतापगढ़ राजघराने के राजा अजीत प्रताप सिंह भारतीय जनसंघ से सांसद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1967,1971 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजा दिनेश सिंह जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजा अजीत प्रताप सिंह,1984, 1989 में इसी पार्टी से राजा दिनेश सिंह,1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह सांसद चुने गए। उसी राजघराने के अभय प्रताप सिंह के पुत्र राजा अनिल प्रताप सिंह वर्तमान में भाजपा के सक्रिय नेता हैं। प्रतापगढ़ सीट से लोकसभा के प्रबल दावेदार थे, हालांकि भाजपा ने मौका नहीं दिया। 1996 व 1999 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से स्व. राजा दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह सांसद चुनीं गईं। वर्ष 2004 में राजा भैया के चचेरे भाई जामो,अमेठी राजघराने के अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी समाजवादी पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1999 में राजकुमारी रत्ना सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद चुनीं गईं। इस बार संयोग ऐसा है कि 11 बार सांसद निर्वाचित होने वाले राजघरानों की इस बार के चुनाव में किसी दल ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। शायद यही वजह है कि चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से राजघरानों की दखल दिखाई नहीं पड़ रही है।

रत्ना सिंह।

चुनावी चक्कर

क्या बोल गए लल्लू?:

भाजपा से फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो कब का और कहां है इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में लल्लू सिंह कह रहे हैं कि संविधान में संशोधन करना होगा और बहुत सारे काम करने हैं। लल्लू सिंह बोले, सरकार तो 272 सीटों पर ही बन जाती है, लेकिन संविधान संशोधन करने के लिए दो तिहाई सीटों की जरूरत होती है। लल्लू सिंह के इस बयान का जब वीडियो वायरल हुआ तो विपक्षी पार्टियों ने भी उन्हें घेरते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

मोदी के सामने किन्नर महामंडलेश्वर:

वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने वाले किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी की भी चर्चा कम नहीं। फिलहाल हिमांगी सखी का कहना है कि उनके ऊपर उनके ही लोग हमला कर सकते हैं। कहतीं हैं, उन्हें ऐसा आभास हो रहा है कि वाराणसी में उनके साथ कुछ गलत हो सकता है। उनका कहना है कि लोग चाहते हैं कि वह वाराणसी से चुनाव न लड़ें। किंन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के मुताबिक, अर्धनारीश्वर की नगरी से हुए अर्धनारीश्वर का आशीर्वाद लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं।

आधुनिक चुनाव अभियान मतदाताओं के साथ अन्याय तो नहीं?

बदलते वक्त के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके व साधन-संसाधन भी बदल गए हैं। अब चुनाव के दौरान वह रंग नजर नहीं आता, जो दशकों पहले दिखता था। अतीत पर नजर डालते ही धुआंधार नारेबाज़ी, प्लास्टिक और कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रचार रिक्शा, ऑटो व वाहनों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से सड़कें गूंजने लगती थीं। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों की दीवारों को भी स्टैंसिल या प्रचार से रंग दिया जाता था। प्रचार के लिए जगह-जगह झंडे लगाए जाते थे। लेकिन अब सब कुछ डिजिटल है, हालांकि प्रचार का यह तरीका तमाम सवाल भी खड़े कर रहा है।

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें। लहर-लहर तूफ़ान मिले और मौज-मौज मझधार हमें। फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको। इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।"

यह पंक्तियां वर्तमान चुनावी परिदृश्य में राजनीतिक दलों की कशमकश को सही अर्थों में बयान करती हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मतदाताओं तक अपना पक्ष रखने के लिए सभी राजनीतिक दल अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रचार सामग्री झंडे, बिल्ले, टोपी, बैनर, गमछे आदि इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। पर्चों-इश्तिहार, पोस्टर, हैंडबिल या कार्ड की जगह चुनाव-दर-चुनाव ऑनलाइन कंटेंट, रील, छोटे-वीडियो और वॉट्सएप मैसेज तैयार करने वालों की चांदी होती जा रही है। 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' चुनावी परिदृशय पर हावी हो गए है। प्रिंटिंग-प्रेस वालों के पास अब मामूली फ्लैक्स-बैनरों का ही काम रह गया है।

सोशल मीडिया ने ईजाद किए राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े

पहले रेडियो व दूरदर्शन टेलीविज़न पर राजनीतिक दलों को उनकी विचारधारा तथा प्रस्तावित नीतियों, कार्यक्रमों व घोषणा-पत्र को प्रसारित करने के लिए निर्धारित समय आवंटित किया जाता था। अब 'संवाद' के लिए सोशल मीडिया ज़रूरी साधन के रूप में उभर चुका है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े ईज़ाद किए हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों की सक्रियता में भारी उछाल दर्ज़ किया गया है। मुख्यधारा के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नेपचैट आदि पर अनुयायियों की संख्या आज करोड़ों में है, जिससे उनका मतदाताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित हो गया है। उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ समय से "फेसबुक लाइव" प्रचार का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को 'लाइव' प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने 'फैंस क्लब' सोशल मीडिया में चला रहे हैं।

मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता रहेगी। सोशल मीडिया कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार, राजनीतिक विज्ञापन दाताओं के लिये एक तंत्र विकसित करना होगा।

डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की जरूरत

सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट से होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी और कई छोटे राजनीतिक दल इलेक्ट्रानिक व डिजिटल प्रचार में खुद को असहज व कमजोर महसूस करते हैं, जबकि आर्थिक-साधन संपन्न प्रत्याशी व दल गद-गद हैं। सोशल मीडिया नए रास्ते खोलने के साथ नए सवाल भी खड़े कर रहा है। मसलन क्या जो दल सोशल मीडिया में आगे रहेगा, उसके चुनाव जीतने की संभावना अधिक होगी? क्या सोशल मीडिया में बनाई गई चुनावी हवा मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है? क्या पैसे के दम पर नौकरी पर रखे लोग सोशल मीडिया के जरिए परिणाम प्रभावित कर सकते है? सवाल यह भी है कि जिन सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, ऐसे वंचित वर्गों तक चुनाव प्रचार पहुंचने के लिए पर्याप्त डेटा-पैक का इंतजाम कैसे होगा। विचारणीय प्रश्न है कि आधुनिकता के लिबास में कहीं मतदाताओ के साथ अन्याय तो नही हो रहा है? एक तरफ सोशल मीडिया से एक साथ दोतरफा-संवाद / बहुआयामी प्रचार-प्रसार होता हैं जबकि दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर चुनावी कानूनों का उल्लंघन भी होता है। इस हाल में चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की ज़रूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों की मांग है।

सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी

ऐसे में परंपरागत प्रचार के साथ आधुनिक चुनाव अभियान को भी 'आदर्श आचार संहिता' के दायरे में लाया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार पर भी निगरानी रख रहा है। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया अभियान पर किये गए खर्च का पूरा विवरण रखना होगा। इसमें इंटरनेट कंपनियों व विज्ञापन वाली वेबसाइट्स को किये गए भुगतान, कंटेंट के रचनात्मक विकास पर अभियान-संबंधी व्यय और सोशल मीडिया खातों को चलाने के लिये रखी गई टीम का पारिश्रमिक व भुगतान भी शामिल है। फेसबुक-गूगल आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी चुनाव में कंटेंट पर निगरानी रखना आवश्यक है।

मोबाइल एप ने बदल दी तस्वीर

पारंपरिक चुनावी रैली को काफी हद तक वर्चुअल चुनाव प्रचार ने धूमिल कर दिया है। वीडियो लिंक के माध्यम से चर्चा व 3डी रैलियों के साथ जुड़ाव अब आम बात है। इसके जरिए राजनीतिक दल बहुत कम समय में अपना संदेश ज्यादा प्रभावशाली तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मोबाइल एप का राजनीतिक दल खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हर छोटी-बड़ी जानकारी ऐप पर अपडेट की जाती है। कई राजनीतिक दलों ने तो हर चुनाव-क्षेत्र के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जहां लगातार चुनावी मुहिम और उससे संबंधित प्रचार सामग्री साझा की जा रही है।

लेखक : डॉ. भारत : विधि प्रवक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

भाजपा से मोदी लहर में 2014 में जीते और 19 में हारे कंवर सिंह तंवर का सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से मुकाबला

पुराने चेहरों के बीच नई लड़ाई में वोट बंटे तो फिर खिलेगा कमल

बसपा ने मुस्लिम डॉ. मुजाहिद को उतार कर 2014 वाली चुनावी तस्वीर बनाई, तब भाजपा ने 16 साल बाद खिलाया था कमल

- अमरोहा सीट से आज तक कोई महिला सांसद नहीं बन सकी, अब तक छह महिलाओं ने आजमाई है किस्मत
- यहां जनता हर चुनाव में फैसला बदलती रहती, 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नहीं नसीब

चुनाव डेस्क

अमरोहा का नामकरण "आम " और "रूहा" को मिलाकर हुआ है। यहां के आम अगर अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं, तो रूहा मछली बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अमरोहा पहले मुरादाबाद जिले का ही हिस्सा था। लेकिन 15 अप्रैल 1997 को इसे जिला बनाया गया। मायावती के शासन में इसका नाम "ज्योतिबा फुले नगर " रखा गया लेकिन लोगों की मांग पर सपा सरकार में अखिलेश यादव ने वर्ष 2012 में नाम फिर से अमरोहा कर दिया। अमरोहा की पहचान शायर जॉन एलिया और बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक कमाल अमरोही से भी है, जिन्होंने महल, पाकीजा और रजिया सुल्तान जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाईं। अमरोहा में बने ढोल और ढोलक दुनिया भर में मशहूर हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा कन्या गुरुकुल है, तो भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतन चौहान ने भी नाम ऊंचा किया है। इतनी विशेषताओं वाले इस जिले की इस राजनीति भी विशिष्ट है। यहां हर पार्टी अपना झंडा लहरा चुकी है, तो निर्दलीय को भी चुनकर जनता संसद में भेज चुकी है। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार गुर्जर समुदाय से आने वाले कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वह पिछला चुनाव हार गए थे। उनके मुकाबले सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को मैदान में उतारा है। बसपा से निकाले जाने के बाद दानिश अली ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। उधर, बसपा ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को मौका देकर इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर मुस्लिम मतों को साधने की कोशिश की है।

2009 में रालोद ने इस सीट पर जीत दर्ज की

1991 में क्रिकेटर चेतन चौहान पहली बार यहां से जीते

सपा-बसपा की मजबूत चुनौती से भाजपा को होता रहा फायदा

बसपा को यहां पहली सफलता 1999 के चुनाव में राशिद अल्वी ने दिलाई। 2004, 2009 और 2014 में बसपा तीसरे स्थान पर रही। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो बसपा से दानिश अली जीते। इससे पहले 2014 की मोदी लहर में भाजपा से कंवर सिंह तंवर उतारे और सपा से तत्कालीन मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर उम्मीदवार बनीं। बसपा ने फरहत हसन को टिकट दिया। वोट बंट गए और 16 साल बाद अमरोहा में कमल खिला। इस बार भी कुछ वैसी ही तस्वीर नजर आ रही है।

आचार्य जेबी कृपलानी भी यहां से रहे सांसद

- अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का बाहरी प्रत्याशी ही प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जनता भी हर चुनाव में फैसला बदलती रहती है। यही वजह है कि 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच बसपा को जरूर दो बार जीत मिली है। आजादी के बाद हुए 1952, 57 और 1962 के चुनावों में अमरोहा में कांग्रेस के हिफजुर्रहमान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी, तब अमरोहा मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। लेकिन 1963 उपचुनाव में आचार्य जेबी कृपलानी जीते।
- 1967 और 1971 में कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के इशाक अली को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1977 और 80 में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस ने वापसी की। 1989 में जनता दल जीता। 1991 का चुनाव रामलहर में हुआ तो भाजपा ने भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रहे चेतन चौहान को उम्मीदवार बनाया। लहर और ग्लैमर के चलते वह जीतकर संसद में पहुंच गए।
- इस बीच 1996 में सपा ने जीत हासिल की। 1998 में भी भाजपा से चेतन चौहान ही चुने गए। 1999 में बसपा के राशिद अल्वी ने चुनाव जीता। 2004 में निर्दलीय को सफलता मिली। 2009 में भाजपा का साथ मिलने पर यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिली और जीत के साथ उसका भी अमरोहा में खाता खुल गया।

2004 में निर्दलीय हरीश नागपाल जीते, 1999 और 2019 में बसपा दो बार जीत चुकी है यहां का चुनावी रण

अमरोहा का अनुमानित जातीय समीकरण

40% मुस्लिम	13 % जाटव	08 % राजपूत
07 % जाट	05 % सैनी	05 % गुर्जर
22 % अन्य		

तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा कबिज

अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटों में गढ़ मुक्तेश्वर, धनौरा, हसनपुर पर भाजपा का कब्जा है, जबकि नौगावां सादात व अमरोहा पर सपा काबिज है। इनमें धनौरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन पांच सीटों में तीन पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा को जीत मिली थी। अमरोहा शहर से सपा के महबूब अली और नौगावां से सपा के समर पाल चुनाव जीते थे, जबकि हसनपुर से भाजपा के महेंद्र सिंह खड़गवंशी और धनौरा से भाजपा के ही राजीव तरारा विजयी हुए थे। गढ़ मुक्तेश्वर से हरेंद्र सिंह तेवतिया जीते थे।

कंवर सिंह तंवर- भाजपा के प्रत्याशी

- 63 वर्षीय अरबपति कंवर सिंह तंवर देश के सबसे अमीर सांसदों में गिने जाते हैं। उन्हें एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां रखने का शौक है। उनके काफिले में लैंड क्रूज, बीएमडब्ल्यू जैसी कारें शामिल हैं। एक समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले तंवर 2014 में पहली बार भाजपा से अमरोहा के सांसद चुने गए थे। उस समय मुफ्त एंबुलेंस सेवा देने इलाके की जनता उन्हें एंबुलेंस वाले नेता के रूप में जानती थी।

डॉ. मुजाहिद हुसैन - बसपा के उम्मीदवार

- डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई मूलरूप से गाजियाबाद के डासना के रहने वाले हैं। पेशे से बीयूएमएस डॉक्टर हैं। दो साल पहले ही बसपा में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी बागेजहां डासना नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी प्रत्याशिता का टिकट के दावेदार मेराज समर्थकों ने विरोध किया।

दानिश अली - गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी

- अमरोहा के मौजूदा सांसद दानिश अली को पिछले साल दिसंबर में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के समर्थन में बोलने के बाद "पार्टी विरोधी गतिविधि" में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निकाल दिया था। इससे पहले दानिश अली तब सुर्खियों में आए थे, जब वह लोकसभा में अशोभनीय बहस का शिकार हो गए थे। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अब कांग्रेस का हाथ थामकर गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
बसपा	दानिश अली	6,01,082	51.41
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,37,834	46.01
कांग्रेस	सचिन अग्रवाल	12,150	1.75

2014 का परिणांम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,28,880	48.26
सपा	हुमेरा अख्तर	3,70, 066	33.82
बसपा	फरहत हसन	1,62,983	14.87
रालोद	राकेश टिकैत	9,540	0.87

हमारा साथ दें

राजस्थान के जालौर में कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया और मतदाताओं से मुलाकात की।

तीन दशक से भाजपा को हराने की राह खोज रही कांग्रेस

भोपाल- सिहोर संसदीय सीट

- जीत की लय बरकरार रखने के लिए भाजपा के आलोक शर्मा कर रहे कड़ी मेहनत
- भाजपा का किला ढहाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव कर रहे मशक्कत

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। भोपाल-सिहोर संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस 35 सालों से छटपटा रही है तो भाजपा इस मजबूत दुर्ग पर कब्जा बरकरार रखने को लेकर नया चक्रव्यूह रच चुकी है। भाजपा ने यहां से अपनी मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। कांग्रेस जहां महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है तो भाजपा मोदी की गारंटी का जमकर प्रचार कर रही है। हां, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी से भाजपा नेता परेशान जरूर हैं पर वह यह मानकर चल रहे हैं कि वे उन्हें मनाने में कामयाब हो जाएंगे। 1989 से लगातार भाजपा इस सीट पर जीत रही है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता रहा है। इस बार भी लड़ाई इन्हीं दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच है। 1989 में यहां से भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा जीते थे। इसके बाद तो हर चुनाव में भगवा रंग यहां गाढ़ा होता चला गया। वे लगातार चार चुनाव इस सीट से जीते हैं। 1999 में पार्टी ने साध्वी उमा भारती को यहां से मैदान में उतारा और वह मैदान मारने में कामयाब रहीं। 2004 और 2009 में कैलाश जोशी ने यहां जीत दर्ज की तो 2014 की मोदी लहर में आलोक संजर भाजपा के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने 2019 में बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार उन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया। टिकट कटने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने पीएम मोदी के नाराज होने की बात कही थी, हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।

आओ वोट दें

अमृतसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर छात्राओं और समाजसेवियों ने अनूठा अभियान चलाया।

हरियाणा में चाचा-भतीजे की जुबानी जंग

चंडीगढ़। चुनावी राजनीति में कहीं परिवार के सदस्य तो कहीं रिश्तेदार आमने-सामने हैं। हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही सियासी माहौल गर्म है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के एक होने की चर्चा अब खत्म हो चुकी है। अभय सिंह चौटाला साफ कर चुके हैं कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करने वाले।

इसी के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चाचा अभय चौटाला पर हमला बोलते हुए कहा है कि आईएनएलडी में दम हो तो राज्य की सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर दिखाएं। उनकी पार्टी जरूर लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत का कहना है कि आईएनएलडी को अपना सिंबल जाने का डर है। चुनाव में यदि 2 प्रतिशत वोट नहीं मिले तो उनका पार्टी सिंबल चला जाएगा। उन्होंने चाचा अभय चौटाला को नॉन सीरियस पॉलिटिशियन भी बता दिया है। इससे पहले दुष्यंत को अभय चौटाला ने धोखेबाज कहा था।

सियासत | पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इस लोकसभा सीट पर हो चुके हैं पराजित

भाजपा के दुर्ग दक्षिण दिल्ली में गुर्जर प्रत्याशियों की टक्कर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

1999 में कांग्रेस से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार डा. मनमोहन सिंह ने पूरे जोर-जोर से दक्षिण दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उनके पीछे था, कांग्रेस का पूरा हाईकमान। लेकिन दक्षिण दिल्ली के वोटरों ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को विजयी बनाया। इतना ही नहीं, मल्होत्रा ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई थी जो आज तक रिकार्ड है। दिल्ली के दो पूर्व मुख्य मंत्री मदनलाल खुराना एवं सुषमा स्वराज भी दो-दो बार लोकसभा में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस बार भाजपा ने यहां से काफी मंथन के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में चार बार विधायक रह चुके हैं। हरियाणा में भी उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था और इस समय दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने तुग़लक़ाबाद के विधायक सहीराम पहलवान को अपना उम्मीदवार बनाया है । सहीराम वरिष्ठता व अनुभव में बिधूड़ी के आगे कमजोर नजर आते हैं। दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र को भाजपा का किला माना जाता है जिसे ध्वस्त करने के लिए बेहतर उम्मीदवार, कुशल चुनाव प्रबंधन एवं जनता में सीधी पकड़ जरूरी है। यह संयोग है कि दक्षिण दिल्ली से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक और जनसंघ नेता बलराज मधोक भी सांसद रह चुके हैं, और दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी ने अपने हाई प्रोफाइल नेता वर्तमान में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को मैदान में उतारा था। मगर भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी ने साढ. तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से राघव चड्ढा को पराजित कर दिया था। कांग्रेस के विजेंद्र सिंह को 1 लाख 64 हजार वोट मिलने के बावजूद अपनी जमानत गवानी पड़ी थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी । इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 वोट और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे । कांग्रेस के रमेश कुमार तीसरे पायदान पर रहे थे।

इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी और तुगलकाबाद के विधायक सही राम पहलवान राजनीति से पहले पैरा मिलिट्री फोर्स एवं दिल्ली जल बोर्ड में स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी करते थे। 1997 में वह नगर निगम के पार्षद बने। दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद आप के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के छात्र रहे हैं। 1970 में एबीवीपी से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। 1981 से 85 तक वे हरियाणा राज्य वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष रहे। 1993 में दिल्ली में पहली विधानसभा के सदस्य चुने गए और अब तक वे चार बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें 2008 में लोकसभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ विधायक से भी सम्मानित किया था।

करीब 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

- दक्षिण दिल्ली लोकसभा में क़रीब 22 लाख मतदाता हैं, उनमें 10 लाख से ज़्यादा पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 11,68,857 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 130 हैं। इस सीट पर हमेशा से गुर्जर मतदाता का वर्चस्व रहा है। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियों ने गुर्जर प्रत्याशी बनाए हैं। यहां गुर्जर के बाद करीब 17 गांव जाट बहुल हैं। जाटों की आबादी करीब ढाई लाख है। रालोद के भाजपा से गठबंधन को देखते हुए दिल्ली के जाट मतदाताओं के भाजपा के साथ जाने की संभावना है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बिजवासन, पालम, महरौली, छतरपुर, देवली, अंबेडकर नगर, संगम विहार, कालकाजी, तुगलकाबाद और बदरपुर हैं।

एक नजर

द्वारका में दो स्कूल बसों में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका में एक स्कूल में खड़ी दो बसों में रविवार को आग लग गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि द्वारका सेक्टर-नौ में आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल में दोपहर 2.53 बजे आग लगने की सूचना मिली। आठ दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए लगाया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। अभियान अभी भी जारी है।

बसपा ने घोषित किए तीन और प्रत्याशी

बिलासपुर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और उम्मीदवारों की सूची जारी की। बसपा ने सरगुजा (सु) से संजय एक्का, रायगढ़ (सु) से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजक को उम्मीदवार बनाया है। बसपा छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में अब तक आठ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इससे पहले बसपा ने जांजगीर-चांपा (सु) से डॉ रोहित कुमार डहरिया, बस्तर (सु) से आयतु राम मंडावी, राजनांदगांव से देवलाल सूर्यवंशी, महासमुंद से बसन्त सिन्हा और कांकेर (सु) से तिलकराम को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि बसपा और क्षेत्रीय दल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर प्रयास हुए थे, लेकिन फलीभूत न हो सका। इसके बाद बसपा ने छत्तीसगढ़ में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया।

विषाक्तता से एक की मौत, 75 बीमार

चंद्रपुर। महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के माजरी कोलियरी क्षेत्र में रविवार को विषाक्त खाद्य पदार्थ के सेवन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 75 से अधिक लोग बीमार हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह घटना चैत्र नवरात्रि महोत्सव से एक दिन पहले एक काली मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान शनिवार शाम को 400 से अधिक लोगों के प्रसाद खाने के बाद हुई। घर पहुंचने के बाद उनमें से कुछ लोग अस्वस्थ महसूस करने लगे और 79 लोग आधी रात को वरोरा अस्पताल पहुंचे। छह लोगों की हालत गंभीर थी और उन्हें चंद्रपुर जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इनमें से गुरुफेम यादव की मौत हो गई। अन्य मरीजों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

हाथी के हमले में महिला की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार को हाथी के हमले में 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रायगढ़ प्रभाग की वन अधिकारी स्टाइलो मंडावी ने कहा कि यह घटना तमनार क्षेत्र के झिंगोल गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। यह घटना उस दौरान हुई जब वे 'महुआ' फल इकट्ठा कर रहे थे। मंडावी ने बताया, एक जंगली हाथी वहां पहुंचा और कलावती राठिया को कुचलकर मार डाला जबकि रामलाल राठिया (35) नाम का एक व्यक्ति हाथी के हमले में घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों को 25,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि दी गई है, जबकि पूरा मुआवजा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

इसरो बनाएगा चंद्रयान-4 का लैंडर

वार्षिक टेक फेस्ट निंबस में हुई घोषणा, जापान की स्पेस एजेंसी में तैयार होगा रोवर मॉड्यूल

हमीरपुर, एजेंसी

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां इससे प्रभावित हैं। चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जब कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं। चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया।

- इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर बोले- चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां हुईं प्रभावित

एस्ट्रोनॉट बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों से समनीत कहते हैं कि मेहनत और धैर्य एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से उस कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए। रोज अगर आप उस कार्य में मेहनत करेंगे तो उसमें परिणाम अवश्य आते हैं। रिसर्च में धैर्य रखने की बहुत आवश्यकता है। भारत में रिसर्च में बहुत से विकल्प हैं। सभी युवाओं के लिए एक ही महत्वपूर्ण बात है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरा फोकस हो और धैर्य बना रहना चाहिए। स्नातक करते समय ध्यान से पढ़ना होगा। वहीं से रिसर्च के क्षेत्र में जाने के लिए सहायता मिलती है। आठ घंटे सोना, आठ घंटे पढ़ना और आठ घंटे अपने कार्य निपटने के लिए लगाएं। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ट्रेड में वर्ष 2014 में एनआईटी हमीरपुर से स्नातक की डिग्री की। उसके बाद निजी क्षेत्र में कार्य किया और अब वह सात वर्षों से इसरो में बतौर वैज्ञानिक सेवाएं दे रहे हैं।

सिर्फ सफलता के बारे में सोचें

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वैज्ञानिकों से कहा कि असफलता को सफलता में बदलने के बारे में सोचो। इससे हमें मनोबल मिला। इसी मनोबल से चंद्रयान तीन में लैंडर व्रिकम और प्रज्ञान रोवर में सफलता मिली। चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी है।

आयकर ने अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर मारा छापा

कोलकाता, एजेंसी

- तृणमूल का दावा अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोकने की दी धमकी

तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा। तृणमूल ने आरोप लगाया कि विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने की भाजपा की गई साजिश का हिस्सा है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी ने कहा है कि पूर्व मेदिनीपुर में बनर्जी की हल्दिया यात्रा के लिए बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर का परीक्षण चल रहा था, उसी वक्त आयकर अधिकारियों की एक टीम पहुंची और बड़े पैमाने पर इसकी तलाशी ली गई। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, एनआईए के डीजी और एसपी को हटाने के बजाय निर्वाचन आयोग और भाजपा ने आज मेरे हेलीकॉप्टर और सुरक्षाकर्मियों की तलाशी के लिए आयकर विभाग के गुर्गों को तैनात करने का फैसला किया। कारण पूछने पर अधिकारी बहस करने लगे और हिरासत हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोक लेने की धमकी दी।

संविधान खत्म करने के लिए व्यवस्थित अभियान चला रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बाबासाहेब बी.आर. आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म करने के लिए एक व्यवस्थित अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव आंबेडकर की इस शानदार उपलब्धि को संरक्षित करने से जुड़ा है। रविवार को अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज हमारा देश बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. बी. आर आंबेडकर की जयंती वैसे वक्त में मना रहा है, जब संविधान को खत्म करने की आवाजें तेज होने लगी हैं। यह निस्संदेह उस व्यवस्थित अभियान का हिस्सा है जिसे कोई और नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चलाया है। रणनीति सरल है लेकिन पाखंड से भरी है, उस विरासत को कायम रखने का दिखावा करते रहना।

झुंझुनूं में चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्र में विशेष निगरानी

झुंझुनूं। लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान के झुंझुनूं जिले में पुलिस बल के करीब 5200 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षी वर्मा ने रविवार को बताया कि चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर विधानसभा में चार सुपरवाइजर अधिकारी जिसमें एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा तीन डीवाईएसपी, इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 1956 पुलिस कार्मिक, तीन कंपनी आरएससी, नौ कंपनी सीएपीएफ, 1015 होमगार्ड तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 क्यूआरटी होगी, प्रत्येक क्यूआरटी में सीएपीएफ का जत्ता होगा।

इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुई पूर्व नौकरशाह निशा ने छोड़ी पार्टी

भोपाल/छिंदवाड़ा, एजेंसी

- कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप, बोलीं- दलित महिला का किया है अपमान

मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में शामिल होने वाली पूर्व नौकरशाह निशा बांगरे ने विश्वासघात का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल से इस्तीफा दे दिया है। निशा बांगरे बैतूल जिले की पूर्व उपसंभागीय मजिस्ट्रेट हैं और उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिये पद से इस्तीफा दे दिया था।

बांगरे ने दावा किया कि हालांकि, उन्हें उस वक्त टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन वादा किया गया था कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जाएगा। पार्टी ने समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर को भी टिकट देने से इनकार कर दिया था। बांगरे भी दलित हैं। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप लगाया कि उन्होंने टिकट न देकर दलित महिलाओं का अपमान किया।

परंपरा और आस्था का सैलाब



बिहार में सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ पर आज व्रतधारियों ने अस्तावलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाये जाने वाला यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण के उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आए तब तक पानी पीते हैं और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है।

हिमाचल में बर्फबारी से गुलजार हुई पहाड़ियां, ऑरेंज अलर्ट जारी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में 'ऑरेंज अलर्ट' के बीच शनिवार को कुल्लू और लाहौल की पहाड़ियों पर हिमपात से माहौल गुलजार हो गया है। वहीं, राजधानी शिमला में दिन भर बादल छाए रहे। रविवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 16 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने का पूर्वानुमान है। 17 अप्रैल को मौसम साफ रहने के साथ धूप खिलने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश में फिर बादल बरसने के आसार हैं। रविवार को अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश के 12 क्षेत्रों में शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री पार रहा। शिमला में दोपहर के समय घने बादल छा जाने से बारिश के आसार बने, लेकिन हवाएं चलने से कुछ देर बाद मौसम सुहाना हो गया। वीकेंड पर बर्फ के दीदार को सैलानी गुलाबा और सिस्सू पहुंचे। शुक्रवार रात को नाहन में न्यूनतम तापमान 19.1, धर्मशाला में 18.1, ऊना में 14.2, हमीरपुर में 14.1, बिलासपुर में 13.9, चंबा में 12.9, शिमला में 12.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

भीलवाड़ा में नकली नोट बरामद, दो पकड़े

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाडा के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने जाली नोटों का असल में प्रयोग करने के प्रयास में दो लोगों को गिरफ्तार कर एक लाख 88 हजार 600 रुपये के जाली नोट भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को डीएसटी टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति खुद को छिपाते हुये घूम रहे हैं, जिनके पास नकली नोट होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस कलेक्ट्री के पीछे पहुंची, जहां दो व्यक्ति आते दिखे। संदिग्ध होने से दोनों को पुलिस ने रोका। पूछताछ में इन लोगों ने खुद को आकोदिया, ब्यावर निवासी निरंकुश वैष्णव 29 एवं निरंजन वैष्णव 29 बताया।

कारोबार

भारत ने इस वर्ष 18.48 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

नई दिल्ली। भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक भारत की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 143.64 गीगावाट है। इसमें 47 गीगावाट की बड़ी जलविद्युत क्षमता (प्रत्येक संयंत्र 25 गीगावाट या उससे अधिक) शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़ी पनबिजली परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता फिलहाल लगभग 190 गीगावाट है।

शीर्ष सात कंपनियों का पूंजीकरण 59,404 करोड़ बढ़ा

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में आई थी 3.32 अंक की मामूली गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। ईद-उल-फितर के मौके पर गत गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की

निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। मीणा ने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की निगाह रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की जांच चाहता है वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा। दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए। इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

एलआईसी को अडाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 प्रतिशत का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़

रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों- अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडाणी एंटरप्राइजेज में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह में किए गए निवेश पर 59% का लाभ हुआ। इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश

का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर ट्राई की राय मांगेगा डीओटी

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) इस महीने नियामक ट्राई से संपर्क कर स्पेक्ट्रम के आवंटन के तरीके और मूल्य निर्धारण और सैटकॉम सेवाओं के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस के दायरे पर नियामक के विचार मांग सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने छह अप्रैल, 2023 को अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, लेकिन नए दूरसंचार अधिनियम की घोषणा के बाद संदर्भ को विभाग को लौटा दिया गया।

सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए मूल्य निर्धारण और कार्यप्रणाली पर ट्राई से विचार मांगेगा। प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम वाली सैटकॉम कंपनियां किस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती हैं, इस पर पूर्ण स्पष्टता लाने के लिए मौजूदा लाइसेंस को दुरुस्त करने पर भी विचार किया जा सकता है।

सैटकॉम (उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी) सेवा प्रदाताओं को दूरदराज के क्षेत्रों या दुर्गम इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है। भारती समूह समर्थित वनवेब और रिलायंस समूह जियो सैटकॉम को सेवाओं के लिए जीएमपीसीएस (सैटेलाइट टेलीफोनी) और वीएसएटी लाइसेंस जारी किया गया है। एलन मस्क की स्टारलिंक ने भी भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है।

इम्प्रेसारियो हर साल 10-15 सोशल आउटलेट खोलेगी

नई दिल्ली। रेस्तरां श्रृंखला सोशल का संचालन करने वाली कंपनी इम्प्रेसारियो एंटरटेनमेंट एंड हॉस्पिटैलिटी अपनी विस्तार योजना के तहत सालाना 10 से 15 नए ब्रांड आउटलेट खोलने पर विचार कर रही है।

कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रियाज अमलानी ने कहा कि इस दौरान दूसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार पर खास जोर होगा। कंपनी स्मोक हाउस डेली और मोचा ब्रांड नाम से रेस्तरां का संचालन भी करती है। इम्प्रेसारियो भारत की युवा आबादी और बेहतर अनुभवों के लिए बढ़ती चाहत जैसे विभिन्न कारकों के चलते भारत में अपनी वृद्धि को लेकर उत्साहित है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	06	319
रियान पराग (राजस्थान)	06	284
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

चेन्नई सुपरकिंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हराया

मुम्बई, एजेंसी

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों और उसके बाद मथीशा पथिराना के 14 रन देकर चार विकेट की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया है।

रोहित शर्मा की 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी पर महेन्द्र सिंह धोनी की चार गेंदों में 20 रनों की पारी पड़ी भारी। मुंबई इंडियंस ने 207 रनों के लक्ष्य का पीछा हुए अच्छी शुरुआत की। रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। आठवें ओवर में ईशान किशन को पथिराना ने शार्दुल के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया। ईशान किशन ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (23) रन बनाये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। तिलक वर्मा ने 20 गेंदों में (31) रनों की पारी खेली। कप्तान हार्दिक पंड्या (2), मोहम्मद नबी (2) रन, टिम डेविड (13) रन, रोमारियो शेफर्ड (1) रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। रोहित ने 63 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद (105) रनों की पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मोहम्मद नबी चार रन बनाकर नाबाद रहे।

चेन्नई सुपर किंग्स : 206/4

रहाणे कैच हार्दिक बोल्ड कोएत्जी	05
रचिन कैच किशन बोल्ड गोपाल	21
ऋतुराज कैच नबी बोल्ड हार्दिक	69
शिवम दुबे नाबाद	66
मिचेल कैच नबी बोल्ड हार्दिक	17
एमएस धोनी नाबाद	20

अतिरिक्त : 8 रन कुल

गेंदबाजी : मोहम्मद नबी 3-0-19-0, कोएत्जी 4-0-35-1, बुमराह 4-0-27-0, आकाश 3-0-37-0, श्रेयस गोपाल 1-0-9-1, हार्दिक 3-0-43-2, रोमारियो शेफर्ड 2-0-33-0

मुंबई इंडियन्स : 186/6

रोहित शर्मा नाबाद	105
ईशान का शारदुल बो पथिराना	23
सूर्यकुमार का मुस्तफिजुर बो पथिराना	00
तिलक का शारदुल बो पथिराना	31
हार्दिक का जडेजा बो देशपांडे	02
डेविड का रविंद्र बो मुस्तफिजुर	13
रोमारियो शेफर्ड बो पथिराना	01
मोहम्मद नबी नाबाद	04

अतिरिक्त : 07, **गेंदबाजी** : देशपांडे 4-0-29-1, मुस्तफिजुर 4-0-55-1, शारदुल 4-0-35-0, जडेजा 4-0-37-0, पथिराना 4-0-28-0

खेल डायरी

अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

आगस्टा। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

सितसिपास ने तीसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता

मोनाको। स्टेफानोस सितसिपास ने रविवार को यहां कैस्पर रूड को 6-1, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार क्ले-कोर्ट मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता। वह चैम्पियन बनने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और अपनी कुर्सी पर बैठकर रोने लगे। साल का अपना पहला खिताब और दो साल में सबसे बड़ी खिताबी जीत हासिल करने के बाद सितसिपास अपना सिर पकड़कर बैठे रहे और कुछ देर रोते रहे। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सितसिपास ने कहा, "मुझे आज खुद पर बहुत गर्व है। मैं लंबे समय से इस तरह के पल का इंतजार कर रहा था, मुझे नहीं पता था कि इस सप्ताह क्या होने वाला है।''

इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

कैंसास सिटी। करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई। जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

पिस्टल निशानेबाज पलक ने कोटा हासिल किया

नयी दिल्ली। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में रविवार को 'आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम रजत जीता था। वह 24-शॉट के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार सुधार के साथ ऊपर चढ़ती गयी। 22वें शॉट के बाद 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पक्का कर मुकाबले से बाहर हुई।

सर्वेश ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। अमेरिका के एजे मैक्ग्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया।

अंजू-हर्षिता ने रजत, मनीषा-अंतिम कुंडू ने जीता कांस्य

बिश्केक। भारत की महिला पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन क्रमशः महिलाओं के 53 किग्रा और 72 किग्रा में रजत पदक जीते। वहीं मनीषा (महिलाओं के 62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (महिलाओं के 65 किग्रा) ने भी चौथे दिन कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या चार कर दी। किर्गिस्तान के बिश्केक में रविवार को मिले इस पदकों के साथ ही भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में अब तक नौ पदक जीत लिये हैं। इससे पहले उदित और राधिका ने रजत पदक और अभिमन्यु, विक्की और शिवानी पवार ने कांस्य पदक हासिल किए हैं। महिलाओं के फ्रीस्टाइल वर्ग में आज पांच भारतीय पहलवानों ने प्रतिस्पर्धा में महिलाओं के 57 किग्रा में सरिता मोर पदक जीतने में असफल रहीं। सोमवार को ग्रीको-रोमन 55 किग्रा, 63 किग्रा, 77 किग्रा, 87 किग्रा, 130 किग्रा में पुरुष पहलवान प्रतिस्पर्धा करेंगे।

सॉल्ट की आंधी में उड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स

कोलकाता नाइट राइडर्स ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया, मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके

कोलकाता, एजेंसी

फिल सॉल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाये जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नरेन (छह) ने इस ओवर में चौका तो वही सॉल्ट ने छक्का लगाया जबकि 10 रन अतिरिक्त के कोटे में रहे। टीम में वापसी कर रहे मोहसिन ने अपने अगले दो ओवरों में नरेन और अंगकृष रघुवंशी (सात) को पवेलियन की राह दिखायी। इस बीच तीसरे ओवर में कृणाल के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाने वाले सॉल्ट ने छठे ओवर में यश ठाकुर की शुरुआती दो गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था। सातवें ओवर में जोसेफ की गेंद पर मैदान अंपायर ने अय्यर को आउट करार दिया लेकिन रिव्यू लेने के बाद वह बच गये। गेंद उनकी जांघ पर लगकर विकेटकीपर के हाथों में गयी थी। इसी ओवर में सॉल्ट के शॉट पर अरशद खान ने कैच लेने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके हाथ में लगकर छह रन के लिए चली गयी। सॉल्ट ने पारी के आठवें और 10वें ओवर में अरशद के खिलाफ क्रमशः दो और तीन चौके लगाकर 26 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इस बीच श्रेयस अय्यर ने रवि बिश्नोई के खिलाफ चौका जड़ा। सॉल्ट ने अपनी आक्रामक पारी जारी रखते हुए 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके लगा कर श्रेयस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने अगले ओवर में मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का उनका आंकड़ा खराब किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

लखनऊ 161/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक कैच नरेन बोल्ड वैभव	10	08	2/0
केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड रसेल	39	27	3/2
दीपक हुड्डा कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क	08	10	1/0
आयुष बडोनी कैच रघुवंशी बोल्ड नरेन	29	27	2/1
स्टोइनिस कैच सॉल्ट बोल्ड चक्रवर्ती	10	05	2/1
निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड स्टार्क	45	32	2/4
कृणाल पंड्या नाबाद	07	08	0/0
अरशद खान बोल्ड स्टार्क	05	04	1/0

गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 4-0-28-3, वैभव 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नरेन 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-1, आंद्रे रसेल 1-0-16-1

कोलकाता 162/2

15.4 ओवर, अतिरिक्त : 22

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट नाबाद	89	47	14/3
सुनील नरेन का स्टोइनिस बो मोहसिन	06	06	1/0
अंगकृष रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन	07	06	0/1
श्रेयस अय्यर नाबाद	38	38	6/0

गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0

आरसीबी को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की आस

बेंगलुरु, एजेंसी

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर हैं। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।

इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों।

आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है। दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिक क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

धवन कम से कम सात से दस दिन के लिए बाहर

मुल्लांपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे, जिनकी जगह सैम करेन ने कप्तानी की थी।

बांगड़ ने कहा, ''उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'' सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये करेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी। उन्होंने कहा,'' सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था। यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा।''

शाहिद कपूर को पसंद आयी अजय देवगन की फिल्म 'मैदान'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म 'मैदान' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर को फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। शाहिद कपूर ने फिल्म 'मैदान' को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू शेयर किया है। शाहिद कपूर ने कहा, मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। दोस्तों जाकर इसे देखो। यह सभी के लिए वास्तविक पोस्ट है। अच्छी फिल्में देखने लायक हैं। पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

यामी स्टारर 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिये हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370, 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार 50 दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

31 मई को रिलीज होगी राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव-जान्हवी कपूर स्टारर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' 31 मई को रिलीज होगी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं "मिस्टर एंड मिसेज माही" हमारे सबसे करीब हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

चुनाव में खूब भा रहे चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर

विमानों के लिए प्रति घंटा 1.5 से 1.7 लाख रुपये खर्च कर रहे नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है।

चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक चार्टर्ड विमान के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख रुपये का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा, "सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है।" उन्होंने आगे कहा, "उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चर्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है। बाली ने आगे कहा, "आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, भाजपा ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमानों पर 250 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया है। जबकि कांग्रेस की तरफ से विमानों पर 126 करोड़ रुपये खर्च किया गया है। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा।

आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80 हजार से 90 हजार रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3 .5 लाख रुपये तक हो जाती है।" एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर में 12 लोगों बैठ सकते हैं। चार्टर्ड विमान का खर्च एक घंटे के लिए करीबन 4 .5 लाख से 5 .25 लाख रुपये तक पड़ेगा।

टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का हुआ सफल परीक्षण

भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण शनिवार को राजस्थान में किया गया। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

- डुएल मोड कार्यक्षमता टैंक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ प्रौद्योगिकी विकास और सफल प्रदर्शन संपन्न हो गया है। यह प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी।

डीआरडीओ ने किया विकसित

अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की और इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया। इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने डिजाइन और विकसित किया है।

पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।' गौरतलब है कि यह टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम दिन और रात, दोनों वक्त इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस परीक्षण से जुड़े दलों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने बधाई देते हुए बताया है कि, उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

एक नजर

कन्नड फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या

बेंगलुरु। कन्नड़ फिल्म निर्माता और व्यवसायी सौंदर्या जगदीश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माता ने रविवार को बेंगलुरु के महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उनका अस्पताल में निधन हो गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच जारी है, रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जगदीश के दोस्त श्रेयस ने कहा जगदीश की आत्महत्या के प्रयास के बाद मौत हो गई। उन्होंने कहा-जांच जारी है। जगदीश को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी, हम आपको मौत के पीछे कारण अभी नहीं बता सकते। यह घटना रविवार सुबह हुई।

सिख तीर्थयात्रियों को बैसाखी पर हर सुविधा प्रदान करेंगे : शहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग तीन हजार भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में मनाने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आस्थाओं और संस्कृतियों का ए क सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है। शरीफ ने कहा कि बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी।

पेट्रोल पंप पर रोबोट भर रहे तेल

बीजिंग। चीन के जियांग्सू के पेट्रो चाइना हुआकियाओ शहर में पेट्रोल पंप पर अब रोबोट काम कर रहे हैं। ये रोबोट ना सिर्फ ईंधन भरते हैं, बल्कि पेमेंट भी लेते हैं। एआई से चलने वाले ये रोबोट गाड़ियों में आने वाली किसी भी तरह की तकनीकी दिक्कतें भी दूर कर सकते हैं।

इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत, तीन लापता

तोराजा। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। हादसा में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

पश्चिम एशिया में जंग में बदला तनाव बाइडन ने जी-7 देशों की बैठक बुलाई

राष्ट्रपति बोले- इजराइल का पूर्ण समर्थन करेगा अमेरिका, नेतन्याहू से की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान ने अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के 24 घंटे बाद पश्चिम एशिया में तनाव जंग में बदला गया है। बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर चर्चा और आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की।

इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से भेजे गए लगभग सभी ड्रोन्स और मिसाइलों को मार गिराया है। उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत में अमेरिका के पूरे समर्थन का भरोसा दिया। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, आज ईरान और यमन, सीरिया और इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अचानक हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।

व्हाइट हाउस में शनिवार को अधिकारियों व मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते राष्ट्रपति जो बाइडन।

ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी

इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इजराइल-ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इजराइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इजराइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इजराइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती: यूएन प्रमुख

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं।

गुटेरस ने एक बयान में कहा, आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।" उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा,मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

कनाडा में भारतवंशी युवक की गोली मारकर हत्या

- चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी, परिजनों ने प्रधानमंत्री से मांगी मदद

ओटावा, एजेंसी

विदेश में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब कनाडा के वेनकूवर में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि 24 साल के चिराग अंतिल का शव कार से बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चिराग के परिवार ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी से मदद की अपील की है।

सोनीपत के रहने वाले चिराग अंतिल का शव उनकी ऑडी कार से बरामद किया गया है। आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। 12 अप्रैल रात 11 बजे के करीब स्थानीय लोगों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस बारे में पड़ताल लगातार जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग के भाई रोमित का कहना है कि सुबह के समय चिराग से आखिरी बात बात हुई, तो वह काफी खुश नजर आ रहे थे। इसके बाद चिराग अपनी ऑडी कार से कहीं जाने के लिए निकले थे और इसके बाद यह वारदात घटी।

इस मामले में छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने विदेश मंत्रालय से जांच में तेजी लाने और परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में मृतक के परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए उनके परिवार द्वारा लोगों की मदद से धन जुटाया जा रहा है। उनके भाई रोमित अंतिल का कहना है कि वे बहुत ही दयालु थे और उनकी किसी से साथ दुश्मनी भी नहीं थी। रोमित ने कहा कि आखिरी बार जब चिराग से बात हुई, तो वे बेहद खुश थे और इसके बाद उनकी मृत्यु की खबर सामने आई। चिराग सितंबर 2022 में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के लिए वेनकूवर चले गए थे और हाल में उन्हें वर्क परमिट भी मिल गई थी।

गर्मी में देशभर के स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेगा मुफ्त पानी

नई दिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्रालय ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए देशभर में सभी जोनों को स्टेशनों पर यात्रियों को पीने का पानी मुफ्त उपलब्ध करवाने का आदेश दिया है। रेलवे बोर्ड ने कहा कि पानी की आपूर्ति पूरी करने के लिए टैंकरों को तैनात किया जाएगा। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

साथ ही रेलवे बोर्ड ने गर्मी के मौसम में ठंडे पेयजल के वितरण के लिए विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के डिब्बों के पास महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूह), एनजीओ, स्काउट और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से सक्रिय रूप से सहयोग लेने को कहा है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा- उपलब्ध वाटर कूलर्स की स्थिति और नलों में पानी की उपलब्धता पर रोजाना रिपोर्टिंग के जरिए सघन निगरानी रखने के आदेश दिए हैं। रेलवे बोर्ड ने सभी कैटरिंग स्टॉल और यूनिट्स को पानी बोतल की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मंडल के स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर वेडिंग मशीन कांट्रेक्टर को भी मशीन के निर्बाध संचालन के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

बांध खुद प्यासा...

कोटा : पांच साल में ऐसी तस्वीर पहली बार सामने आई है कि करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में फैला आलनिया बांध सूख चुका है। हालात ये हैं, इसकी तलहटी बूंद-बूंद के लिए तरस रही है। डाउन स्ट्रीम के खेतों में गेहूं की फसल कटाई में जुटे मजदूरों तक को पीने का पानी नहीं मिल रहा। ये अपनी प्यास बुझाने के लिए 3 किमी तक पैदल चलकर बांध के पेटे में बनाए गड्ढे से पानी निकालते हैं। वहां भी एक-एक लोटा भरकर पानी मटकी में भरना पड़ता है। यहां पर दूर-दूर तक पीने के पानी का दूसरा स्रोत नहीं है। ● एजेंसी

अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत, 27 घायल

- काबुल समेत अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 600 मकान क्षतिग्रस्त

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण करीब 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया है कि, काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हुआ है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।

सैक ने कहा, परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं।

इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

पंजाब में विश्व हिंदू परिषद के नेता की गोली मारकर हत्या

रूपनगर। पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता की उनकी दुकान में अज्ञात हमलावरों ने गोलीमार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया है कि, मृतक विकास बग्गा विश्व हिंदू परिषद की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे।

बता दें, घटना शनिवार की है, दो हमलावर रूपनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बग्गा की दुकान में घुस गोलीमार कर फरार हो गए। आनंदपुर साहिब के पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। विहिप समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

पहल सुपर-30 के संस्थापक ने की घोषणा, भारत में गरीब बच्चों को भविष्य रचने का मिलेगा मौका

वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन मंच शुरू करेंगे आनंद

शिकागो, एजेंसी

सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ व गरीब छात्रों के मसीहा आनंद कुमार ने भारत में वंचित छात्रों के भविष्य के लिए दरवाजे खोले। आनंद कुमार जल्द ही नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो भारत में गरीब एवं वंचित छात्रों को अपना भविष्य रचने का मौका मिलेगा। सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार ने रविवार को नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रीइमैजिनिंग इंडियाः शेपिंग द ग्लोबल इकोनॉमिक लैंडस्केप विषय पर '2024 केलॉग इंडिया बिजनेस कॉन्फ्रेंस' में अपना संबोधन में कही है। उन्होंने इस बात की घोषणा की है कि वह गरीबों के लिए ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो सुपर 30 की अगली सीरीज होगी। अमेरिका के शिकागो से अपने संबोधन में आनंद कुमार ने कहा 'अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी को अपनाने का समय आ गया है। सुपर 30 ने मुझे गरीबों की जिंदगी बदलने की आकांक्षाओं को बढ़ाने में मदद की और उत्तीर्ण हुए कई छात्रों ने शिक्षा की शक्ति से एक पीढ़ीगत बदलाव लाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गरीबों के दरवाजे तक ले जाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू किया जाएगा, जो उनकी सुपर 30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा।

आनंद कुमान ने कहा कि कोविड महामारी ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में फंसे छात्रों से जुड़ना। कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों से बहुत कुछ सीख सकता है। दुनिया प्रतिभाशाली लोगों से भरी हुई है। इस समय भी गरीबी के कारण बहुत सारे बच्चे दुनिया की नजरों से दूर हैं। उनमें भी न्यूटन और रामानुजन बनने की क्षमता होगी, लेकिन कम अवसर के कारण उनकी प्रतिभा कहीं खो जाती है। मेरी ऑनलाइन पहल का उद्देश्य उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मंच देना है।

आनंद कुमार ने अपने संबोधन को खत्म करते हुए एक बहुत अच्छी बात कहीं। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहुत बड़ी हस्ती नहीं हूं, एक साधारण शिक्षक हूं लेकिन आज मैं आपको अपने दिल की गहराई से एक बात कहना चाहूंगा कि अगर आपका मन किसी लक्ष्य पर निर्धारित है और आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं तो आप एक दिन जरूर सफल होंगे। हालांकि, इसे पाने में भले ही ज्यादा समय लगे, जितना आपने सोचा था शायद उससे ज्यादा ही समय लगे, लेकिन सफलता जरूर मिलेगी।

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना सपना

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना आनंद कुमार का सपना है। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब भी अच्छी शिक्षा पाने के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि लैब्स से बाहर निकलकर उन देशों और गांवों की गरीबी का एहसास किया जाए, जहां लोगों को बिजली, साफ पानी और उचित भोजन तक नहीं मिलता है।

भारत ने नेपाल को उपहार में दीं 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें

काठमांडू। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें उपहार में दी हैं।

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की उपस्थिति में वाहनों की चाबियां सौंपी। भारतीय दूतावास ने कहा कि रविवार को सौंपे गए 101 वाहनों में से दो भूकंप प्रभावित जाजरकोट और पश्चिम रुकुम जिले को दिए गए हैं। नेपाल के वित्त मंत्री ने चल रही विभिन्न परियोजनाओं में भारत के मदद की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे नेपाल और भारत के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव और द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे।

ब्रिटेन: 70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा

- कैंब्रिज व ऑक्सफर्ड समेत प्रतिष्ठित विवि ने सीट बढ़ाई, ग्रेड घटाई, 20 हजार भारतीयों को मिलेगा प्रवेश

लंदन,एजेंसी

ब्रिटेन के कैंब्रिज, ऑक्सफर्ड और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी 70 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने नियमों में बदलाव कर 20 हजार भारतीय छात्रों के लिए प्रवेश आसान कर दिया है। इन विश्वविद्यालयों ने अगस्त से शुरू होने वाले सत्र में भारतीय छात्रों के लिए सीटें बढ़ाने के साथ ग्रेडिंग में भी नरमी के नए नियम लागू किए हैं।

भारतीय छात्रों को अब 'बी' और 'सी' ग्रेड के साथ भी दाखिला मिल सकेगा। विश्वविद्यालयों ने ये कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले साल भारतीय छात्रों की संख्या में कमी के कारण उन्हें लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय छात्रों के लिए वीजा फीस में बढ़ोतरी और परिवार को नहीं लाने के सख्त नियम बनाए थे। इससे 2022 में 1.38 लाख भारतीय छात्रों ने आवेदन किया था वह 2023 में घटकर 1.28 लाख रह गया था। भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की विश्वविद्यालयों को फीस के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है।

ब्रिटेन का छात्र फीस के रूप में सालाना 9.25 लाख रुपये जबकि भारतीय छात्र लगभग 22 लाख रुपये चुकाते हैं। इसे देखते हुए इस बार ब्रिटेन की 70 विश्वविद्यालयों ने भारत में अपने एजेंट्स की संख्या 100 से बढ़ाकर 500 कर दी है।

ये विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों को लाने पर कमीशन भी देती हैं। पिछले साल डरहम विश्वविद्यालय ने एजुकेशन एजेंटों को सबसे ज्यादा लगभग 55 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में दिए थे। इस बार ब्रिटिश विश्वविद्यालय ने भारत के पूर्वोत्तर और पश्चिमी राज्यों में अपने एजेंट्स बढ़ाए हैं।

भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की इकोनॉमी को भी इजाफा

हर्टफर्डशायर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. क्विंटिन मैककेलर ने बताया कि पीएम सुनक ने भले ही इमिग्रेशन को लेकर वीसा नियम सख्त किए हों, लेकिन वे भूल गए कि भारतीय छात्रों से इकोनॉमी को भी फायदा मिलता है। भारतीय आईटी और मेडिको छात्र पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इससे ब्रिटेन के टैलेंट पूल में ही इजाफा होता है। आने वाले सत्र के लिए नए नियमों से भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ेगी।